# दो युवकों की चेन्नई में मौत

दुखद

**बॉयलर फटने से युवकों की गई जान**

जनसंदेश न्यूज





**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रावती के रहने वाले दो युवको की बुधवार देर रात,चेन्नई के एक निजी फैक्ट्री का बॉयलर फटने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान मेराज पुत्र आशीफ (18) और एखलाख पुत्र निजामुद्दीन (22) के तौर पर हुई।

घरवालों की माने तो दोनों मजदुर फैक्ट्री में बुधवार रात को काम कर रहे थे उसी दौरान फैक्ट्री का बॉयलर फट गया था। चेन्नई में रह रहे गांव के ही कुछ लोगों से सूचना मिलने पर मृतक के घर वालों को जानकारी मिली। मच गया मृतक के फूफा और गांव के ही राकेश कुमार गौड़ जहाज से चेन्नई के लिए रवाना हो गए।

जानकारी के मुताबिक दोनों युवक 14 दिन पहले ही नौकरी के लिए चेन्नई गए थे। दोनों की पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं थी ऐसे में नौकरी के लिए वहां गये थे। एखलाक छह भाई-बहनो में दूसरे नम्बर पर था जबकि मेराज भी दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर पर था। एकलाख की मां नूरजहां बेगम व मेराज की मां कल्पना बेगम रोकर हाल बेहाल है।

### ट्रेन से कटकर महिला समेत दो की मौत

**चौबेपुर।** चौबेपुर क्षेत्र के पर्वतपुर गांव के पास रात डेढ़ बजे एक (22 वर्षीय) अज्ञात युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवती कादीपुर रेलवे स्टेशन से सारनाथ स्टेशन की तरफ जा रही राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूद गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है। इसी तरह पियरी गांव के समीप एक ट्रेन से कटकर (45 वर्षीय) देववंश यादव की पिता खरपत राम यादव निवासी पहाड़ियां नरायनपुर की किसी ट्रेन से कटने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

## 92 लाख मिले कैश की जांच में जुटी आयकर की टीम

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र में लावारिस कार में नोटों से भरा बोरा मिला। लावारिस कार में भरा बोरा देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बोरा खोला तो उसमें रुपए भरे थे। थाने लाकर कैश की गिनती की गई तो 92 लाख 94 हजार 600 रुपए मिले। एसओ ने पुलिस कमिश्नर को मामले की जानकारी दी और नोटों को मालखाने में जमा करा दिए। वहीं पुलिस ने इस मामले में आयकर की टीम को जानकारी दी, आयकर की टीम अब उक्त पैसे की श्रोत का पता लगाने में जुट गयी है। बुधवार की रात भेलूपुर थाना क्षेत्र के शंकुलधारा पोखरे के पास एक लावारिस कार खड़ी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की डिगी में बोरा रखा है। उन्हें आशंका थी कि बोरे में शव हो सकता है। बोरे को संदिग्ध मानकर खोला गया तो उसमें 500, 100 और 2000 रुपए के नोट भरे थे। कार से करीब 93 लाख रुपए बरामद होने के बाद पुलिस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी इसकी जानकारी दी। इनकम टैक्स की टीम भी थाने पहुंची। घटनास्थल का भी जाकर निरीक्षण किया। कार के नंबर और चेसिस नंबर से वाहन मालिक का पता लगाया गया है।

## प्रेमिका के घर पहुंचे प्रेमी की हो गई पिटाई

जनसंदेश न्यूज

मिली सजा

**फिल्मी अंदाज में दोस्तों के साथ प्रेमिका के यहां लैंड हुआ था**

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के बरसता गांव में प्रेमिका से मिलने फिल्मी अंदाज में पहुंचे आशिक को पहले तो गांव वालों ने जमकर दैहिक समीक्षा की, बाइक क्षतिग्रस्त किया और बाद में कानून का पालन करते हुए उसे पुलिस को सौंपा। आशिक अपने कुछ साथियों के साथ तीन बाइक से अपने कुछ साथियों को साथ लिए प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इस मामले में कपसेठी पुलिस तीन लोगों को शांति भंग में जेल भेजा।

जानकारी के अनुसार लक्षापुर गांव निवासी एक युवक के बहन की शादी बरसता गांव हुई है। यहां आते जाते उक्त युवक को बहन के परिवार में एक लड़की से इश्क हो गया, दोनों का मिलना जुलना भी होने लगा। इस बात की जानकारी जब लड़की के परिजनों को तो उक्त युवक को चेतावनी देकर आगे से यहां आने से मना कर दिया। लेकिन मामला इश्क का था। हां युवक फिल्मों का बड़ा शौकिन था ऐसे में कुछ फिल्मी दृश्य को रील लाइफ से रीयल लाइफ में उतारा और किसी मंझे हीरों की तरह तीन बाइक से आधा दर्जन साथियों के साथ उक्त गांव पहुंच गया। यहां एक्टिंग शुरु कर दी और फिल्मी अंदाज में लगा धमकाने, कहने लगा, उठा ले जाउंगा। पहले तो रिश्तेदारी का हवाला देकर उसे समझाया गया लेकिन, बुखार तो इश्क था कहां मामने वाला, ऐसे में लड़की के घरवाले और आपस-पास के लोगों ने घेरकर खुद दैहिक समीक्षा की। इस बीच गांव के ही किसी ने पुलिस को फोन कर मामले से अगवत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष से दर्जनों लोगों को पकड़कर थाने लायी। यहां दोनों पक्ष के तीन लोगों को शांति भंग में चालान किया।

## उचक्कों ने झपट्टा मारा, डॉक्टर ट्रेन से गिरकर हुआ जख्मी

**वाराणसी।** व्यासनगर पड़ाव के बीच चलती ट्रेन में गेट पर खड़े होकर बात कर रहे एक युवक के मोबाइल को छीनने को उचक्कों ने झपट्टा मार दिया। जिसके चलते यात्री ट्रेन से गिरकर जख्मी हो गया। आरपीएफ पुलिस ने उसे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

बदायूं के बिसौली निवासी सचिन 30 वर्ष ने बताया कि वह बरेली में डॉक्टर है। गुरुवार को सासाराम से बरेली जा दून एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी में सफर कर रहे थे। ट्रेन चन्दौली जिले के व्यासनगर के पास पहुंची तो वह ट्रेन के गेट पर खड़े होकर मोबाइल से बात कर रहे थे। इसी बीच दो की संख्या में रेलवे लाइन पर खड़े उचक्कों ने मोबाइल छीनने को झपट्टा मार दिया। अचानक झटका लगने से वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिरने लगे तो उनका एक हाथ दरवाजा से सटे हैंडिल पर आ गया। जिससे वह गिरने से तो बच गया, लेकिन रेलवे के चबूतरे से उसका पीठ काफी दूर तक घिसा गया। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया।

## फेसबुक पर हनीट्रैप का शिकार हुआ युवक

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के महमूरगंज इलाके में स्थित रॉयल रेजिडेंसी रहने वाला अनुपम अग्रवाल के फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट अंकित अग्रवाल नाम से आया था। जिसके बाद उक्त महिला चैट के माध्यम से फेसबुक पर बात करने लगी। इस बीच बीते 9 अप्रैल की रात में महिला ने नग्न अवस्था में वीडियो कॉल कर प्रार्थी की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली। उसके पश्चात अलग-अलग नंबरों से काल आने लगे। इस बात की धमकी दी जाने लगी यदि प्रार्थी ने उनके कहे मुताबिक पैसा नहीं दिए तो आपत्तिजनक फोटो उसके परिवार व रिश्तेदारों को भेजकर बदनाम कर देगा। भय ग्रस्त होकर लोक लाज में उक्त साइबर अपराधियों के बताए नंबर पर अलग-अलग किस्तों में 48 हजार भुगतान कर दिया। उसके बाद भी लगातार नंबर पर साइबर अपराधी फोन पर धमकी देकर पैसे की मांग किया जा रहा। इससे क्षुब्ध होकर अनुपम अग्रवाल ने पुलिस से शिकायत कर साइबर क्राइम करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई।

### रिटायर्ड पोस्ट मास्टर से एक लाख की उचक्कागिरी

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर में रिटायर्ड पोस्ट मास्टर के साथ एक लाख की उचक्कागिरी हुई। जानकारी के अनुसार छांगुर प्रसाद वर्मा रिटायर्ड पोस्टमास्टर हैं और बालाजी पुरम कॉलोनी परमानंदपुर में मकान बनवा कर रहते हैं। गुरुवार की दोपहर लगभग दो बजे पंजाब नेशनल बैंक भोजूबीर शाखा से एक लाख रुपया निकाल कर स्कूटी से वापस अपने घर आए। उसी समय घर के गेट के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने उनसे किसी का पता पूछा। मौका मिलते ही स्कूटी के बास्केट में थैले के अंदर रखा हुआ एक लाख रुपया लेकर रफूचक्कर हो गए। छांगुर प्रसाद वर्मा उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन लुटेरे भाग गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन शुरू किया।

# शराब विवाद में पीटकर की गई थी हत्या, दो गिरफ्तार

चौबेपुर हत्याकांड

**बाइक नंबर से पकड़ में आये दोनों, चौबेपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार**



आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**वाराणसी।** भगतुआ स्थित पुरानी पेट्रोल टंकी के समीप कुकुड़हा निवासी मुक्तिनाथ तिवारी की हत्या शराब खरीदने के दौरान हुए विवाद में की गई थी। वारदात को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को चौबेपुर पुलिस ने ससरील बैरियार के पास से दबोचा। दोनों की पहचान मनीष उपाध्याय और पंकज उपाध्याय निवासी फुलवरिया चंदौली के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के कुकुड़हा निवासी भोलानाथ तिवारी का बेटा मुक्तिनाथ तिवारी जाल्हूपुर विद्युत उपकेंद्र में संविदा पर मीटर रीडिंग का काम करता था। मंगलवार की शाम मुक्तिनाथ तिवारी से घर से बाइक लेकर भगतुआ बाजार में डिब्बाबंद पानी लेने जा रहा था। भगतुआ स्थित पुरानी पेट्रोल टंकी के समीप एक शराब की दुकान पर रूका यहां दोनों आरोपी मौजूद थे जो शराब खरीद रहे थे। सेल्समैन को पैसा देकर पहले शराब लेने की जल्दबाजी में मुक्तिनाथ से उनकी कहासुनी हुई।

इस पर मुक्तिनाथ ने उन दोनों को बाहरी समझ कर एक थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। इस पर उन्होंने मौके पर मिले लाठी-डंडे और ईंट से मुक्तिनाथ पर ताबड़तोड़ हमला किया। फिर, दोनों बलुआ घाट की ओर जाने वाले मार्ग की ओर तेजी से भाग निकले। दोनों ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि मुक्तिनाथ की मौत हो जाएगी।

# विलंब से वेतन बांटने वाली एजेंसियों पर गिरेगी गाज

बीएचयू

**करीब 1800 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मिला ग्रीवांस सेल**

**सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर को मिली यह महती जिम्मेदारी**

**वाराणसी।** बीएचयू में आउटसोर्सिंग स्टाफ, गार्ड्स और बाउंसर्स आदि की लेट सैलरी या सैलरी में कटौती की समस्या पर बड़ा एक्शन लिया गया है। विलंब से वेतन बांटने वाली एजेंसियों पर गाज गिर सकती है।

जी हां, आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक स्पेशल सेल का गठन कर दिया गया है। यह सेल वेतन में देरी, ईएसआई और ईपीएफ के भुगतान में विलंब आदि के संबंध में कर्मचारियों के सामने आ रहीं समस्याओं को सुलझाएगा। बीएचयू में बतौर सलाहकार नियुक्त ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) नरिंदर सिंह को इस सेल की जिम्मेदारी दी गई है। इस सेल का कार्यालय बीएचयू स्थित सेंट्रल ऑफिस के नवीन प्रशासनिक भवन में है। वहीं से इसका पूरा संचालन किया जा रहा है। बता दें कि गार्डों समेत तमाम कर्मचारियों की सैलरी करीब छह-छह महीने से लटकी रही है।

कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने इस सेल के गठन का आदेश देते हुए कहा कि बीएचयू में कुल 1800 से ज्यादा आउटसोर्सिंग स्टाफ हैं। ये संस्थान के अस्पताल से लेकर तमाम विभागों और ऑफिस में तैनात हैं। विश्वविद्यालय में इनसे जुड़ी कई समस्याएं मिलती रहती हैं। कई बार मामला विवादों और हंगामों तक पहुंच जाता है। वहीं, ऐसी शिकायतें भी मिल रहीं थीं कि भर्ती एजेंसियों द्वारा ऐसे स्टाफ को या तो समय पर वेतन नहीं दिया जाता है या फिर उनके ईएसआई और ईपीएफ के भुगतान में देरी की जाती है। कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि इस मसले को गंभीरता से लेते हुए समय से समाधान निकालने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कुलपति ने कहा, 'आउटसोर्सिंग से भर्ती कर्मी विश्वविद्यालय के कामकाज का महत्वपूर्ण अंग हैं। ये एक वास्तविकता है कि कई महत्वपूर्ण विभाग और सेवाएं पूरी तरह से आउटसोर्सिंग कर्मियों के योगदान पर डिपेंड हैं। ऐसे में हमे उनकी दिक्कतों और समस्याओं को समझना होगा।

### एक महीने में आईं 400 से ज्यादा शिकायतें

ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) नरिन्दर सिंह ने कहा, 'पिछले एक महीने में हमने पीएफ के 400 से ज्यादा मामलों की समीक्षा पूरी की है। इसके अलावा हमने तकरीबन 600 ईएसआईसी फॉर्म भी कर्मचारियों को उपलब्ध कराए हैं। हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि कर्मियों को, जो भी लाभ मिलना चाहिए, उससे वे वंचित न रहें। इसके लिए हम हर एक कर्मचारी से सम्पर्क कर रहे हैं। सभी आउटसोर्सिंग कर्मियों से अपील की गयी है कि वे प्रकोष्ठ को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। ताकि, उनका निराकरण किया जा सके।'

### अज्ञात का मिला शव

**सेवापुरी।** गोराई जीवरामपुर गांव में गुरुवार की शाम एक गुमटी के पास 60 साल के वृद्ध का शव मिला। इस बात की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जंसा पुलिस ने वृद्ध के शिनाख्त की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर मोर्चरी में रखवाया। मृतक के शरीर प नीली चेकदार शर्ट एवं काली रंग की पैंट थी।

### मोबाइल छीन ले गया बाइक सवार

**मिर्जामुराद।** गौर (बंगला चट्टी) के पास हाईवे पर गुरुवार की सुबह साइकिल से मोबाइल पर बात करते जा रहे खरगरामपुर गांव निवासी मजदूर विजय चौहान के हाथ से बाइक सवार नकाबपोश बदमाश भाग निकला। मोबाइल के कवर में चार हजार रुपया था। उसने थाने पहुंच कर घटना की सूचना दी।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**सिंधोरा।** सिंधोरा पुलिस ने दो वारंटी को दबोचा और जेल भेजा। दोनों कोर्ट के आदेश के बावजूद भी हाजिर नहीं हुए थे। दोनों आरोपी चंद्रशेखर उर्फ गुड्डू पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम छताव थाना सिंधोरा और सूरज पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम छताव थाना सिंधोरा के हैं।

# मुफ्त देंगे कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण

जनसंदेश न्यूज

दिव्यांगजनों के लिए अवसर

**पात्र व्यक्ति वेबसाइट divyangjanup.updc.gov.in पर करें आवेदन, लगाएं आवश्यक अभिलेख**

**शहरी इलाके के लिए 56460 रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होना चाहिए**

**वाराणसी।** जनपद के दिव्यांगजन जिनकी न्यूनतम दिव्यांगता 40% या उससे अधिक है, उन्हें अधिकतम दस हजार रुपये मूल्य तक के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। सूबे के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की कृत्रिम अंग निर्माण या सहायक उपकरण वितरण योजना के माध्यम से यह लाभ देंगे। जिसके तहत कृत्रिम हाथ या पैर, कैलीपर, कैफो कैलीपर, ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, ब्रेल किट, लेप्रोसी किट, बैशाखी, छड़ी आदि शामिल हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से लाभांवित होने के लिए पात्र दिव्यांगजन को महकमे की वेबसाइट divyangjanup.updc.gov.in पर आवेदन करना होगा। साथ ही में आवश्यक अभिलेखों के तहत एक फोटो, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, फोटोयुक्त वोटर आईडी या राशन कार्ड, आधार कार्ड, कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण के लिए चिकित्साधिकारी की संस्तुति और आय प्रमाण-पत्र संलग्न करना है। श्री सिंह ने बताया कि आय सर्टिफिकेट के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080 रुपये सालाना और शहरी इलाके के लिए 56460 रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक जनपद का निवासी हो और बीते तीन साल में उसने इस योजना का लाभ न लिया हो।

# ढाब क्षेत्र के दो गांवों में बारिश से पहले बनेंगे तटबंध

मौका-मुआयना

**डीएम ने बलुआघाट इलाके के गंगापुर व रमचंदीपुर को बाढ़ से बचाने को चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा**

**छोटे बोल्डर लगाए जाने पर ठेकेदार को नोटिस देने के निर्देश, जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर सुनीं समस्याएं**

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने ढाब क्षेत्र में बाढ़ के दौरान पानी के घिर जाने वाले दो गांवों में चल रहे तटबंध निर्माण कार्यों का जायजा लिया

**वाराणसी।** बलुआ घाट के ढाब क्षेत्र स्थित गंगापुर और रमचंदीपुर गांव को बाढ़ से बचाने के लिए चल रहे तटबंध निर्माण कार्य आगामी बारिश से पहले कर लिये जाने का लक्ष्य है। इससे बाढ़ के पानी से गांव में होने वाली कटान की समस्या नहीं रह जाएगी। गांव के मुख्य मार्ग को सीसी रोड या इंटरलॉकिंग के माध्यम से पक्का किया जाएगा।

बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित होने वाले इन दोनों गांवों का गुरुवार को डीएम एस. राजलिंगम ने दौरा किया। 160 परिवारों वाला गंगापुर गांव बाढ़ के पानी में चारों ओर से घिर जाता है। फलस्वरूप गांव के गंगातट की मिट्टी का कटान भी होने लगता है। इस समस्या से निजात दिलाने और गांव को सुरक्षित रखने के लिए यहां तटबंध बनाए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग का बंधी प्रखंड इसे अमली जामा पहना रहा है। यहां अहरौरा क्षेत्र के पहाड़ों के बोल्डर को तार से बांधकर 300 मीटर लंबे कटर बनाए जा रहे हैं।

मुआयने के दौरान बंधी प्रखंड के सहायक अभियंता राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि 527.63 लाख रुपये की लागत से यह कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर श्री राजलिंगम ने गंगापुर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लगभग एक किमी सड़क सीसी रोड या इंटरलॉकिंग से पक्का कराने के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा कि रमचंदीपुर भी बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों में शुमार है।

गंगा के किनारे कटान रोकने के लिए 100.21 लाख रुपये की लागत से छह मी. ऊंचा और छह मी. चौड़ा लगभग 245 मी. के आठ कटर का निर्माण कार्य चल रहा है। यह काम आगामी 15 जून तक पूरा कर लेने का टार्गेट है। डीएम ने यहां छोटे-छोटे बोल्डर लगाये जाने पर ठेकेदार को नोटिस देने और मजदूरों की संख्या बढ़ाने को कहा। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि बाढ़ के दौरान गंगा पुल के दोनों सिरा पानी में डूब जाने से रमचंदीपुर, मोकल और गोबरहा पानी से घिर जाता है। इस पर डीएम ने मार्ग के उच्चीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कराने का निर्देश दिया।

**चौबेपुर प्रतिनिधि** के अनुसार जिलाधिकारी ने दोनों गांवों का जायजा लेने के दौरान कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जतायी।

उन्होंने ढाबवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण में बंधी प्रखंड के अधिशासी अभियंता राजेश यादव, अवर अभियंता अमित कुमार गौतम, सोनी कुमारी, ठेकेदार विकास सिंह आदि भी रहे।

## सीएम आज जिले के 5 ग्राम प्रधानों को करेंगे सम्मानित

**वाराणसी।** ग्राम पंचायतों में उल्लेखनीय विकास कार्य कराने पर शासन से दिये जाने वाले मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए जनपद के पांच ग्राम प्रधान शुक्रवार को लखनऊ में सम्मानित होंगे। उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ पुरस्कृत करेंगे। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो जून की सुबह लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जुपिटर सभागार में यह समारोह होगा। जिसमें वाराणसी के तीन विकास खंडों के पांच गांवों के ग्राम प्रधान सम्मानित होंगे। उनमें सेवापुरी ब्लॉक में भीषमपुर के ग्राम प्रधान राकेश सिंह, जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह, पिंडरा विकास खंड में रसूलपुर के ग्राम प्रधान कैलाश यादव, भोपतपुर के ग्राम प्रधान मनीष पांडेय और चोलापुर ब्लॉक में ववियांव के ग्राम प्रधान रहेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किये जाने की जानकारी मिलने पर इन गांवों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बीते वित्तीय वर्ष के लिए दिये जाने वाले इस पुरस्कार में यूपी के लगभग 370 ग्राम पंचायतों के प्रधान चयनित हुए हैं।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना
मैं शिवमणि दुबे पुत्र स्व0 रामजियावन दुबे निवासी ग्राम व पोस्ट-बबुरा, जिला-मीरजापुर (उत्तर प्रदेश) के मूल निवासी है तथा मेरी जन्मतिथि 20.03.1945 है जो सच सही व प्रमाणित है।
आवश्यकता
आवश्यकता है - स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत केशव माधव बैजनाथ महाविद्यालय, चकविलायत, दरगाह-मऊ (सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़) में स्नातक स्तर पर भूगोल, प्राचीन इतिहास, संस्कृत, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र एवं गृहविज्ञान प्रत्येक विषयों एक-एक प्रवक्ताओं की तथा स्नातकोत्तर स्तर पर समाजशास्त्र एवं हिन्दी विषयों में क्रमशः एक एवं दो प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0/उ0 प0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति, फोटो, आधारकार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक-मो0-9793733071

## संक्षेप

### अफसरों ने गंगाघाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** मिशन लाइफ के अंतर्गत पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन और डीएम एस. राजलिंगम ने गुरुवार की सुबह दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सामूहिक रूप से गंगा तट पर साफ-सफाई की मुहिम चलायी। श्री जैन ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से समय-समय पर इस तरह का कैंपेन चलाया जाता है। श्री राजलिंगम ने कहा कि ऐसे अभियान से स्वच्छता को बल मिलता है और लोगों में पर्यावरण तथा साफ-सफाई के प्रति चेतना जागृत होती है। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गुलाब चंद्र, एडीएम प्रोटोकॉल बच्चू सिंह, नगर स्वाथ्य अधिकारी एनपी सिंह आदि भी रहे।

### वीडीए में महिला समूह चलाएगा कैफे

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हरहुआ ब्लॉक के रैसीपट्टी ग्राम पंचायत में स्थापित मां शीतला स्वयं सहायता समूह वीडीए यानि वाराणसी विकास प्राधिकरण में 'काशी प्रेरणा कैफे' का संचालन करेगा। इसके लिए समूह की अध्यक्ष ललिता कुमारी को नामित किया गया है। कैफे के कुशल संचालन तथा कारोबार के लिए इस समूह को मुद्रा लोन योजना के जरिये एक लाख रुपये का लोन समेत संबंधित बैंक से डिजिटल लेनदेन के लिए गुरुवार को बार कोड भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह, ज्योति सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, ऋचा यादव, अनिल कुमार आदि की उपस्थिति रही।

### अनियंत्रित ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**मंडुवाडीह।** ककरमत्ता आरओबी पर बुधवार की देर रात नशे में धुत ऑटो चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार आशीष (21) के सिर में गंभीर चोट आयी, मौके पर पहुंची पीआरबी ने घायल को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार महामनापुरी कॉलोनी लंका निवासी आशीष बनारस स्टेशन पर वेटिंग लाउंज में कार्यरत है और बुधवार को काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। ककरमत्ता पुल के ढलान पर था कि तभी रॉंग साइड से आ रही ऑटो ने उसे धक्का मार दिया। पुलिस ने ऑटो समेत चालक को हिरासत में लिया।

### थाने से नहीं आयी केस डायरी, सुनवाई तीन को

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दूबे के आत्महत्या के प्रकरण में भोजपुरी गायक समर सिंह के करीबी संजय सिंह की जमानत अर्जी पर जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में गुरुवार को सुनवाई नही हो पाई। अब इस मामले में अगली सुनवाई तीन जून को होगी। थाने से केस डायरी नही आने के कारण सुनवाई नही हो पाई। बता दें समर सिंह की जमानत पूर्व में जिला जज की अदालत से खारिज हो चुकी है। प्रकरण के मुताबिक वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल में भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने 26 मार्च को कर ली थी। अभिनेत्री कीमों ने भोजपुरी गायक समर सिंह व अन्य के खिलाफ सारनाथ में मुकदमा दर्ज कराया थी।

### खनन में लगी जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टर सीज

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस विभाग ने तीन ट्रैक्टर और एक जेसीबी गुरुवार को सीज कर दिया। बुधवार की रात्रि में खनन विभाग ने एक जेसीबी और पुलिस ने गुरुवार को तीन मिट्टी लदे ट्रैक्टर को गौराकला बाजार से पकड़कर चिरईगांव चौकी पर लायी। इस बाबत थानाध्यक्ष चौबेपुर ने बताया कि बुधवार की रात्रि में खनन विभाग ने एक जेसीबी और पुलिस ने तीन मिट्टी लदे ट्रैक्टर को गौराकला बाजार से पकड़ा गया। खनन का कागजात नहीं दिखाने पर सभी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया गया।

### मजदूर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के डुबकियां बाजार में गुरुवार की सुबह वाराणसी गाजीपुर एनएच-31 पर घर से काम करने जा रहे मजदूर की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरपतपुर गांव निवासी चंद्रशेखर यादव (36 वर्ष) उर्फ बबलू मजदूरी का काम करने के घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह डुबकियां बाजार में एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर मजदूरी करता था। पुलिस ने पत्नी आरती देवी की तहरीर पर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक को चार बेटियां हैं। पिता दधिबल यादव व पत्नी रेनू का रो रो कर बुरा हाल है। इसी तरह डुबकियां बाजार में दो ट्रेलर के आपस में टक्कर हो जाने हो गया। जिससे हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस पहुंच कर किसी तरह वाहनों को हटवाकर जाम छुड़वाया। इस घटना में किसी को घायल नहीं हुआ।

### हिस्ट्रीशीटर ने साले को जान से मारने की धमकी दी

**वाराणसी।** चौक थाने से चंद कदम की दूरी पर रहने वाले एक परिवार को आजमगढ़ मेहनाजपुर थाने का हिस्टीशीटर अमजद निवासी चकिया कसरावल ना केवल अपने साले को बल्कि परिजनों को डरा रहा है बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे रहा। पीड़ित इम्तियाज का कहना है कि आरोपी अमजद उसका साला है। इम्जियाज की माने तो पत्नी से विवाद चल रहा है ऐसे में उसने अपने हिस्ट्रीशीटर भाई को बीते साल चौक बुलाया अमजद कुछ लोगों के साथ पहुंचा और मारपीट कर घायल कर दिया और अपनी बहन को साथ लेकर चला गया। इस मामले में चौक थाने में उसने रपट दर्ज करायी थी। पीड़ित की मांग है कि आरोपी साले पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाए। लेकिन पुलिस इस मामले को संज्ञान में नहीं ले रही। इम्जियाज ने बातया कि जब वह तारीख पर जाता है तो उकसी रेकी की जाती है। अगर कुछ होता है तो इसका जिम्मेदार अमजद होगा।

### साड़ी की दुकान में नौ लाख की चोरी

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र के नई बाजार में बुधवार की रात में एक साड़ी की दुकान का ताला तोड़कर चोर दराज में रखे साढे नौ लाख रुपये उड़ा ले गए। थाने से सौ मीटर दूर हुई इस घटना से व्यापारियों में.दहशत फैल गई है। मोहम्मद रिजवान अंसारी की नई बजार में मस्जिद के कटरे में नूर हैंडलूम साड़ी के.नाम से दुकान है। मोहम्मद रिजवान अंसारी ने बताया की 30 मई को.यूको बैंक से तीन.लाख नगद निकाल कर दुकान में एक व्यापारी को देने के लिए रखे थे। पहले से दराज में.चार लाख 95 हजार रुपये थे और मस्जिद कमेटी का डेढ़ लाख रुपये रखे थे। गुरुवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा की शटर का ताला टूटा हुआ था। जब शटर उठाकर अंदर गए तो देखा दराज टूटा था और सारा पैसा गायब था। पीड़ित के अनुसार चोरी नौ लाख 45 हजार रुपये की हुई है।

### क्षमता से अधिक यात्री बैठाने पर नाविक पर मुकदमा

**वाराणसी।** जल पुलिस प्रभारी मिथिलेश यादव की शिकायत पर भेलूपुर थाने में नगवा इलाके के रहने वाले नाविक राकेश साहनी मालिक आकाश साहनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल में जुट गई है। जल पुलिस प्रभारी मिथिलेश यादव का आरोप है कि मंगलवार को गंगा दशहरा के अवसर पर सुरक्षा को लेकर गंगा में मोटर वोट से गश्त कर रहे । इस दौरान तुलसी घाट के सामने एक नाव पर अत्यधिक संख्या में सवारियों को बैठाया गया था। नाव पर सवार कोई लाइफ जैकेट नहीं पहना था। नाविक नाव को बहुत ही खतरनाक तरीके से चला रहा था। मीर घाट के सामने नाव को रोककर जल पुलिस ने उसकी तलाशी ली। जिसमें सुरक्षा से जुड़ी संसाधन नहीं मिला।

### दुर्घटना में घायल अज्ञात व्यक्ति की मौत

**वाराणसी।** दुर्घटना में घायल होकर मण्डलीय अस्पताल में भर्ती एक अज्ञात व्यक्ति की गुरुवार को मौत हो गयी। बीएचयू ट्रामा सेंटर में घायलावस्था में भर्ती अज्ञात 50 वर्षीय व्यक्ति को डॉक्टर ने गत दिन मण्डलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। यहां पर इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गयी। अस्पताल कर्मियों ने शव को मोर्चरी में बन्दकर सूचना पुलिस को भेज दिया।

### अवैध गैस रीफिलिंग के आरोपी को मिली जमानत

**वाराणसी।** घनी आबादी के बीच अवैध गैस रिफलिंग करने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गयी। विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) राकेश पाण्डेय की अदालत ने कटेहर, जैतपुरा निवासी आरोपित वसीम अहमद को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, पंकज तिवारी व नरेश यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार पूर्ति निरीक्षक हेमलता कुशवाहा ने जिलाधिकारी के आदेश पर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पूर्ति विभाग की टीम के साथ जैतपुरा थाना क्षेत्र में आजाद पार्क के सामने स्थित मदरसा मजहरुल उलूम मौसूमा जिया यतीन खाना के नीचे कटरा में 9 मई 2023 को छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान वहां दुकान के अंदर व बाहर खड़े पिकप से 26 घरेलू खाली गैस सिलेण्डर, दो भरे गैस सिलेण्डर, 9 व्यवसायिक बड़े गैस सिलेण्डर, 9 इंडेन एवं 1 भारत गैस व 7सिलेण्डर 5 किग्रा के खाली सिलेण्डर, तराजू, एक गैस रिफलिंग यंत्र, दो अग्निशमन सिलेण्डर, नीली गैस पासबुक, उपभोक्ता का एसवी कागज जिसमे काशी भारत गैस सामनेघाट, मिश्रा गैस मच्छोदरी एवं भाग्यश्री गैस नीचीबाग के कुल 419 नीली पासबुक व एसवी कागज समेत अन्य सामान बरामद हुआ था। पूछताछ में पता चला कि कटेहर, जैतपुरा निवासी वसीम अहमद उक्त विभिन्न गैस एजेंसियों के कर्मचारियों से मिलीभगत करके गैस सिलेण्डर प्राप्त करके उनसे अवैध गैस रिफलिंग व घटतौली करके उक्त सिलेंडरों को बेचता है। काफी इंतजार के बाद भी आरोपित वसीम अहमद और विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचे। जिसके बाद पूर्ति निरीक्षक ने उक्त बरामद सिलेंडरों, कागजातों व पिकअप वाहन को जब्त कर वसीम अहमद व एक अज्ञात के खिलाफ जैतपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इसी मामले में आरोपित ने बुधवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी।

### पल्स पोलियो टीम से दुर्व्यवहार

**मिर्जामुराद।** बहेड़वा गांव में गुरुवार की सुबह बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने निकली टीम के साथ गांव के ही कुछ लोगो ने पुरानी रंजिश को लेकर दुर्व्यवहार किया और दवा बॉक्स को फेक दिया। टीम सुपरवाइजर सुरेन्द्र मिश्रा, आशा कार्यकर्ता निशा मिश्रा और निर्मला देवी इस कृत्य से डर गयी। सूचना पर पुलिस टीम के आने से पहले आरोपी भाग निकले। हालांकि इस मामले में टीम की तरफ से तहरीर दी गयी।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदू देवी पहुंचीं नपं कार्यालय

**नगर पंचायत**

## आवश्यक फाइलों का किया निपटारा कर्मचारियों को दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदू देवी ने शपथ ग्रहण के बाद बुधवार को पहले दिन कार्यालय पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पहली बार नगर पंचायत कार्यालय में पहुंकर आवश्यक फाइलों का निपटारा किया। सुबह कार्यालय पहुंचने के बाद चेयरमैन ने सबसे पहले कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह आफिस का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान पीएम सुनिधि योजना के अंतर्गत हो रहे रेवड़ी, ठेला ओर पटरी दुकानदारों का पंजीकरण की जानकारी लिया। इसमे 10 हजार का लोन बैंकों द्वारा न्यूनतम ब्याज दर पर स्वीकृत कर रही हैं। नगर पंचायत से लगभग 225 छोटे दुकानदार अब तक लाभान्वित हुए हैं। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने दो साल का पीएफ फंड नहीं मिलने की शिकायत नवनिर्वाचित अध्यक्ष इन्दु देवी से किया। इस पर उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि सम्बन्धित फर्म को नोटिस जारी कर पीएफ फंड की रिकवरी कराई जाएगी।



नपं नगरा कार्यालय में पहुंची नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदू देवी

कहा कि नगर में साफ-सफाई व कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था भी तत्काल शुरू होगी। कार्यालय में आने वाले फरियादियों के साथ सभी कर्मी अच्छा व्यवहार करें। किसी भी मामले में भ्रष्टाचार आदि की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। कहा कि कार्यालय में किसी भी तरह के लेन-देन की शिकायत क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि उमाशंकर, सुशील कुमार, इंद्रजीत कुमार, राजू गुप्ता, अम्बिकेश कन्नौजिया, परवेज, शेलेन्द्र भारद्वाज, दुर्गेश पाण्डेय, जितेन्द्र सैनी, विनय पाठक, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग की सराहना

**बलिया।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के 14 इंडिकेट्रों के आधार पर राज्य स्तर से हेल्थ डैश बोर्ड तैयार किया जाता है, जिसके आधार पर जनपद की रैंक बनती है। जनपद बलिया की रैंक माह में फरवरी में 74 थी, मार्च में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में समीक्षा के दौरान डीएम रवीन्द्र कुमार द्वारा अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया था कि स्वास्थ्य विभाग पिछड़े हुए इंडिकेट्रों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही सीएमओ द्वारा सभी अधीक्षक प्रभारी चिकित्साधिकारी की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाए और जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा समीक्षा कराई जाए। उक्त के अनुपालन में सीएमओ द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जा रही है तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा डेटा की गुणवत्ता पूर्ण फीडिंग पोर्टल पर कराई जा रही है। परिणाम स्वरूप मार्च में जनपद की रैंक 65 तथा अप्रैल में 28 रैंक प्राप्त हुई। इस में स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक तथा जनपद की टीम द्वारा अच्छा कार्य किया गया। डीएम द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना की गई और बधाई दी। साथ ही निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया है।

# भीषण लू से बच्चे हो रहे बीमार बचाव ही उपाय : डॉ. सिद्धार्थ

**मौसम**

## गर्मी में बच्चों को समय समय पर पिलाते रहें पानी एवं अन्य तरल पदार्थ

**बलिया।** भीषण गर्मी व लू का प्रकोप काफी बढ़ गया है। ऐसे मौसम में नवजात शिशु एवं बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है एवं पाचन तंत्र कमजोर होता है इसलिए यह लू (हीट इग्जांस्चन और हीट स्ट्रोक) की चपेट में आसानी से आ जाते हैं।



उक्त बातें जिला महिला अस्पताल स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ मणि दुबे ने कहीं। डॉक्टर दुबे ने बताया कि इस मौसम में अभिभावकों को अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतनी चाहिए।

छः माह से कम के शिशु को माताएं सिर्फ स्तनपान कराती रहें एवं बच्चों के शरीर को साफ पानी से पोंछते रहे। जो बच्चे छः माह से बड़े हैं उन्हें तरल पेय पदार्थ जैसे ओआरएस का घोल, नारियल पानी, मट्ठा-छाछ आदि निरंतर अंतराल पर पिलाते रहे। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा घर के अंदर ही रखें व अधिक धूप में न निकलने दें क्योंकि उनके शरीर का निर्जलीकरण आसानी से हो जाता है और वह लू की चपेट में आ जाते हैं। लू के प्रकोप से संबंधित बीमारियां दो प्रकार की होती हैं हीट एग्जॉशचन और हीट स्ट्रोक।

शरीर का बढ़ा हुआ तापमान (100.4 एफ से 104 एफ) अत्यधिक प्यास लगना, मांसपेशियों में ऐंठन, उल्टी होना, चक्कर आना, पेशाब कम होना आदि हीट ईग्जॉशचन के प्रमुख लक्षण हैं। जबकि इन्हीं लक्षणों के साथ पसीना आना बंद होना, त्वचा का लाल होना, उलझन होना एवं सांस की समस्या होना आदि हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे किसी भी स्थिति में बच्चे को शरीर को गीले कपड़े से पोंछते रहें, ओआरएस का घोल निरंतर पिलाते रहें।

**संक्षेप**

### पीएम स्वनिधि महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**बलिया।** पीएम स्वनिधि योजना महोत्सव का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिला अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके दिया किया। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने पटरी व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री मोदी की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसका लाभ कोरोना काल में अपने व्यवसाय को खो चुके पटरी व्यवसायियों को मिला। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बहुत से पटरी व्यापारियों ने अपने व्यवसाय से हाथ धो दिया, क्योंकि महामारी को देखते हुए सभी चीजों पर रोक लगा दी गई थी। प्रधानमंत्री ने छोटे व्यापारियों की इस दुख को समझा और उसे दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की। इस योजना से बहुत से पटरी व्यापारियों को लाभ प्राप्त हुआ और उन्होंने फिर से अपने व्यवसाय को न केवल शुरू किया बल्कि आर्थिक उन्नति भी की। उनकी बात को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि इस योजना से पटरी व्यापारियों को 10 हजार की ऋण सुविधा मुहैया कराई जाती है। समय से अपनी किस्त जमा करने पर उन्हें आगे 20 हजार और 50 हजार तक का ऋण मिल जाता है जिससे वह अपने व्यापार को और बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से अधिक ट्रांजेक्शन करने वाले पटरी व्यापारियों को जिलाधिकारी और सांसद के हाथों प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर को दी गई विदाई



**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ में स्थित उप डाकघर के पोस्ट मास्टर अमरनाथ तिवारी के सेवानिवृत्त होने के पश्चात गुरुवार को अंगवस्त्रम, गीता, रामचरित मानस, छड़ी, गुलदस्ता इत्यादि देकर विदाई किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज सिंह राजू ने कहा कि अमरनाथ तिवारी नौकरी के दौरान अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहे। वह अपने व्यवहार एवं त्वरित कार्य क्षमता के लिए सभी के प्रिय रहे। इनके नेतृत्व में उप डाकघर ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। विदाई समारोह संपन्न होने के उपरांत पोस्ट मास्टर रहे अमरनाथ तिवारी ने अपना कार्यभार सभी कर्मचारियों की मौजूदगी में सुनील कुमार उपाध्याय को ग्रहण कराया। इस मौके पर महेश, नंहू सिंह, भूपेश सिंह, राजकुमार सिंह, दयाशंकर यादव, अनिल सैनी, संतोष सिंह, सुभाष सिंह, मुकेश चौरसिया, रंजन सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अब्दुल कलाम तथा संचालन ओपी यादव ने किया। सभी का आभार दिनेश यादव ने व्यक्त किया।

### तीन अपर जिला न्यायाधीशों ने किया पदभार ग्रहण

**बलिया।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फिर कुछ अपर जनपद न्यायाधीशों को उसी कैम्पस में इधर से उधर तबादला किया है। बता दें कि अपर जिला जज कोर्ट संख्या (4) महेश चंद्र वर्मा को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी बनाया गया है। विशेष न्यायाधीश पाक्सो राहुल दूबे को एएसजे कोर्ट संख्या (4) का प्रभार सौंपा है। वहीं विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट सुरेंद्र प्रसाद को पूर्ण कालिक सेक्रेटरी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया बनाया गया है। इन तीनों न्यायिक अधिकारियों ने अपने-अपने कोर्ट में पदभार ग्रहण कर सुचाऊ रूप से कार्य करना प्रारंभ कर दिए है। इस आशय की जानकारी प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय ने दी है।

# पात्रों को ही दिया जाए भूमि का पट्टा : डीएम



जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने चैबे छपरा में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण लोगों से बातचीत की और सदर उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित उचित लोगों को ही भूमि का पट्टा दिया जाए।

साथ ही अपात्र लोगों का नाम सूची से काट कर उसकी जांच कराई जाए कि उनका नाम कैसे जुड़ गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने वहां पर प्रभावित लोगों से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उन्हें प्रशासन की तरफ से हर सहायता मुहैया कराई जाएगी और बाढ़ से प्रभावित पात्र लोगों को ही भूमि पट्टा मिलेगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक, तहसीलदार निखिल शुक्ला, सचिव विनय कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव और लेखपाल उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पूर्व मंत्री ने की बैठक

**रतसर।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलब्धि में नगर पंचायत रतसर कला में पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी की अधक्ष्यता में दलित बस्ती में बैठक की गई, जिसमें पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी सरकार की नीतियों के कारण पूरे विश्व में भारत का झंडा विश्व पटल पर लहरा रहा है और सरकार की नीतियों के कारण समाज में विकास किया जा रहा है और हर घर में आवास योजना के तहत आवास दिया गया। आने वाले 2024 के चुनाव की तैयारी भी शुरू करने का आह्वान किया गया और जन संपर्क भी किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र नाथ पाण्डेय, मनोज सिंह पूर्व प्रधान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, राजिन्द्र तिवारी, मनोज राम, नथूनी सिंह, भोला अंसारी, बेच्चू प्रधान, सभासद अशोक कुमार, संचालन मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह ने किया।

# सुरेमनपुर स्टेशन पर पसरा रहता है अंधेरा

**यह है हाल**

## ट्रेनों से आवागमन करने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से रात में ट्रेन से कहीं आने-जाने के लिए यात्रियों को भययुक्त वातावरण से गुजारना पड़ रहा है। क्योंकि यहां रात में अंधेरे का साम्राज्य कायम रहता है। इसके कारण ट्रेन से आने-जाने वाले यात्री विशेषकर महिलाओं तथा बच्चों को भारी परेशानी होती है।

उल्लेखनीय है कि जब बिजली रहती है, तब सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक, वेटिंग रूम व अन्य स्थानों पर लाइट की रोशनी से उजाला रहता है। जैसे ही विद्युत आपूर्ति ठप होती है, पूरा स्टेशन अंधेरे में डूब जाता है। ऐसे में यात्री अपनी और अपने सामान की सुरक्षा को लेकर परेशान हो जाते हैं। वहीं, प्लेटफार्म नंबर दो पर बिजली रहने के बावजूद अंधेरा कायम रहता है। क्योंकि रेलवे द्वारा इस प्लेटफार्म पर एक भी बल्ब या ट्यूबलाइट नहीं लगाया गया है। जो जानकार है, वह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए टर्च लेकर आते हैं। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन पर जेनरेटर लगे हुए हैं, किंतु वह केवल बुकिंग घर व स्टेशन मास्टर कक्ष की लाइट के लिए चलाए जाते हैं। वही, सिग्नल सिस्टम को भी जेनरेटर से ही संचालित किया जाता है। लाखों की आमदनी देने वाले सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर बिजली नहीं रहने पर स्टेशन अंधेरा में डूब जाता है।



सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पसरा अंधेरा

> सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत स्टेशन के रूप में हुआ है। जल्द ही सभी व्यवस्थाएं सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध हो जाएंगी। अब अंधेरा बहुत दिन कायम रहने वाला नहीं है।
>
> एलपी वर्मा, स्टेशन अधीक्षक सुरेमनपुर

# तबला सम्राट गुदई महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर गोष्ठी



**बलिया।** तबला सम्राट पद्म भूषण पं. सामता प्रसाद मिश्र उर्फ गुदई महाराज की 29वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पं. के.पी. मिश्र मेमोरियल संगीत विद्यालय, बलिया के प्रांगण में श्रद्धांजलि हेतु संगीत गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आग्नेय ने कहा कि गुदई महाराज ने अपने तबला वादन से शास्त्रीय संगीत को नया आयाम दिया। इन्होंने कई बड़ी फिल्मों में गायन के साथ तबले पर तो संगत किया ही, इसके साथ-साथ फिल्मों में घोड़े की टाप, तांगे या बैलगाड़ी की चलने की आवाज तबले से दिया।

इस तरह से उन्होंने अपने वादन से शास्त्रीय एवं सुगम संगीत दोनों को एक नई ऊंचाई प्रदान किया। संस्कार भारती के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं संगीत विद्यालय के निदेशक पं राजकुमार मिश्र ने कहा कि गुदई महाराज जी तबला सम्राट होने के साथ-साथ एक संघर्ष के पर्याय थे। उनका जीवन बचपन से ही संघर्षमय रहा। वह कभी पीछे मुड़कर नहीं देखे और अपने सतत अभ्यास के द्वारा तबला वादन में एक मुकाम हासिल करते हुए पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कारों के साथ अनेक उपाधियों एवं सम्मान को प्राप्त किया गया।

### शास्त्रीय रागों की प्रस्तुति

इस अवसर पर गुदई महाराज के परनाती आकाश मिश्र, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, अक्षज तिवारी, अबीर पांडेय, पृथ्वी राय, शताक्ष पांडेय, शाश्वत पांडेय, सत्यम, सात्विक, अर्नव, निर्मल सुनील कुमार, ममता तिवारी, श्रुति पांडे, सुमन त्रिपाठी रानी, आरती, वैष्णवी, विपुल, राजीव कुमार झा, सात्विक झा इत्यादि ने विभिन्न शास्त्रीय रागों में प्रस्तुति देते हुए गुदई महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष डॉ. आग्नेय एवं मुख्य अतिथि मिश्र ने मां सरस्वती एवं गुदई महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात मां सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। अंत में संगीत विद्यालय के निदेशक पं. राजकुमार मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बतौर मुख्य अतिथि हरेंद्रनाथ मिश्र ने कहा कि, गुदई महाराज का बचपन बहुत ही गरीबी में बीता, फिर भी संघर्ष करते हुए तबला वादन से अपनी पहचान बनाए। अरविंद तिवारी ने कहा कि गुदई महाराज में संगीत के प्रति अभिरुचि बचपन से ही थी, जिससे आगे चलकर संगीत की दुनिया में एक मुकाम हासिल किया।

**संक्षेप**

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेंडर्स को किया गया सम्मानित



**मऊ।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 3 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन नगर पालिका परिषद एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के सौजन्य से सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सोनी धापा बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस स्वनिधि महोत्सव में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत जनपद में अधिकतम डिजिटल लेन देन एवं अधिकतम कैशबैक प्राप्त करने वाले दस-दस वेण्डर्स को प्रशस्ति पत्र एवं अन्य वेण्डर्स को परिचय पत्र देकर नगर मजिस्ट्रेट एवं परियोजना अधिकारी डूडा डॉक्टर ददन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी को भी प्रमाण पत्र दिया गया। नगर पालिका परिषद की तरफ से हेल्प डेस्क लगाया गया जिसमें लाभार्थियों की समस्याओं का निस्तारण एवं बैंक से समन्वय कर लम्बित आवेदनों का पुनः बैंक में स्थानांतरित किया गया एवं वेण्डर्स को ऋण वितरण किया गया। महोत्सव में वेण्डर्स एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का अवलोकन नगर मजिस्ट्रेट एवं परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### मानक के अनुसार हुआ छोटी सरयू ड्रेन की सिल्ट सफाई का कार्य

**मऊ।** अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड आजमगढ़ ने बताया कि छोटी सरयू ड्रेन का नियमानुसार निविदा आमंत्रित कर मानक के अनुसार सिल्ट सफाई का कार्य कराया गया। सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त छोटी सरयू ड्रेन के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की जल-जमाव की समस्या अद्यावधि तक नहीं हुई है न ही इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि छोटी सरयू ड्रेन के सिल्ट सफाई कार्य में कोई अनियमितता नहीं बरती गयी है।

### विश्व दुग्ध दिवस पर बताए गए दुग्ध पान के फायदे

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** एक जून को विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना के नेतृत्व में पशु पालक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें दुग्ध पान के फायदों के बारे में जानकारी दी गयी एवं उपस्थित लोगों को दुग्ध पान कराया गया। बता दे कि राजकीय पशु चिकित्सालय मुहम्मदाबाद गोहना में आयोजित संगोष्ठी में पशु पालकों को संबोधित करते हुए उप पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि दूध छोटे बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोगों का पसंदीदा पेय है क्योंकि यह स्वास्थ्य वर्धक होता है। इसे पीने से कई सारे फायदे मिलते हैं। लोगों तक दूध के फायदे को पहुंचाने के मकसद से प्रत्येक वर्ष एक जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2001 में शुरू किया गया है। संगोष्ठी में डॉ. पंकज यादव, फार्मासिस्ट श्यामसुंदर सोनकर, अजीत सिंह, रामदयाल राम, संदीप सिंह, शिवम कश्यप, अंजनी सिंह, शिवम वर्मा, अब्दुल रहमान, अमित यादव, इम्तेयाज अहमद, पारसनाथ यादव, अजय यादव, विनोद जायसवाल आदि पशु पालक उपस्थित रहे।

# बाढ़ से बचाव हेतु समस्त कार्यों को जून माह में करें पूर्ण: जिलाधिकारी

**मऊ।** गुरुवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में संभावित बाढ़/अतिवृष्टि के दृष्टिगत जिला स्तरीय फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि जनपद में दो नदियां प्रवाहित होती हैं। जिसमें सरयू नदी की जनपद में कुल लंबाई 50 किलोमीटर एवं टोंस नदी की लंबाई 56 किलोमीटर है।

इन दोनों नदियों से जनपद के कुल 78 गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से बचाव हेतु समस्त तैयारियां की जा रही हैं एवं बाढ़ के दौरान सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 0547-2220707 है। अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि तटबंधो के मरम्मत, अति संवेदनशील/संवेदनशील स्थलों के चिन्हीकरण एवं संभावित बाढ़ से सुरक्षित रखने हेतु बारिश के दौरान बंधो के कटान तथा बंधो में बने होल्स को भरने की कार्रवाई भी की जा रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने वर्तमान में ड्रेनो के



सिल्ट सफाई हेतु निविदा प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई को निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं टेंडर प्रक्रिया में किसी भी वर्तमान एवं पूर्व के माफिया को टेंडर न देने के भी सख्त निर्देश दिए।

इस संबंध में शिकायत मिलने पर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि बाढ़ से संबंधित समस्त तैयारियों को जून माह में ही पूर्ण कर ले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि बाढ़ से बचाव हेतु बंधो के मरम्मत एवं अन्य कार्यों को तहसील स्तर के कर्मचारियों की देख-रेख में कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी मधुबन एवं घोसी को बंधो के मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को खाद्यान्न वितरण एवं बाढ़ के समय भोजन बनाने की समस्या का निराकरण पहले ही कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान वितरित होने वाले खाद्यान्नों की टेसि्ंटग कराने के उपरांत ही बाढ़ से पीड़ित लोगों में खाद्यान्न का वितरण कराए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओं के चारा एवं टीकाकरण तथा दवाओं की उपलब्धता बाढ़ से पहले ही सुनिश्चित करा लें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ से पूर्व टीमों का गठन कर दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी मधुबन एवं घोसी को बाढ़ से पूर्व बाढ़ चैकियों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए एवं बाढ़ के दौरान संचालित नाव पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा छोटी नाव के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा बाढ़ से संबंधित अनेकों समस्याएं बताई गई जिसका निस्तारण जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ा गया वंचित किसानों को

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों को जोड़ने के लिए गांव-गांव कैम्प लगाकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को करहां और गुरुवार को जमुई स्थित न्याय पंचायत भवन कैम्प लगाकर किसानों के विभिन्न मामलों का निस्तारण किया गया।

बता दें कि इस समय विभिन्न गांवों में अधिकारी और कर्मचारी कैम्प कर-के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लंबित किसी भी तरह के मामलों का समाधान और सत्यापन कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को करहां गांव में प्रधान प्रतिनिधि श्याम विहारी जायसवाल, संबंधित लेखपाल रघुपति राम, ग्राम पंचायत सहायक नीरज मद्धेशिया के साथ स्वयं कृषि विभाग से विकास खण्ड तकनीकी प्रबंधक रामसेवक (बीटीएम) उपस्थित रहकर किसानों के लंबित विषय को स्वीकार किये तथा आवश्यक प्रपत्र जमा करवाये। गुरुवार को जमुई में बीटीएम रामसेवक, पंचायत सहायक रविकुमार सरोज, प्रधान कुसुम देवी, लेखपाल रघुपति राम और सोनिया यादव आदि उपस्थित रहकर अनेकों किसानों की तकनीकी खामियों के समाधान हेतु प्रपत्र जमा करवाये। इस अवसर पर किसान अरुण सिंह, बाबूलाल, तपेश्वर, संतोष सिंह, भोला, शीला देवी, अंजनी सिंह, राधिका, प्रियंका गौतम, मृत्युजय, इशरत जहां, गौतम कुमार आदि के किसानों के विभिन्न मामलों को स्वीकार किया गया।

## मांग बढ़ी तो सक्रिय हुए मिलावटखोर

**कोपागंज, मऊ।** सहालग यानी शादी विवाह का सीजन शुरू होते ही जिले में दूध, खोवा और पनीर की मांग बढ़ गई है। ऐसे में मिलावटखोर भी सक्रिय हो गये है। विवाहोत्सव कार्यक्रमों में मिलावटी खोवा और पनीर की आपूर्ति कर मिलावटखोर खूब कमाई कर रहे हैं। शादी-विवाह के सीजन के कारण इन दिनों मिलावटी पनीर व खोवा मंडियों और दुकानों पर धड़ल्ले से बिक रहा है। मिलावटी पनीर व खोवा ज्यादातर बड़े होटलों, ढाबों और दूध विक्रेताओं के यहां सप्लाई किया जाता है। शादी विवाह में इनकी मांग अधिक होने पर नकली खोवा, पनीर क्षेत्र में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इस समय पनीर 300 से 350 रुपये प्रति किग्रा और खोवा 400 रुपये प्रति किग्रा बिक रहा है। यही कारण है कि आसानी से नकली पनीर और खोवा की बिक्री हो रही है।

# चार पहिया वाहन ने दो बाइकों को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**घोसी, मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के घोसी-नदवासराय मार्ग स्थित अंडरपास के निकट सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए तो वहीं एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची घोसी कोतवाली पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोसी भिजवाया तो वहीं मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

बुधवार की रात्रि लगभग 10 बजे दोहरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सूरजपुर के रसूलपुर मोर्चा निवासी रामभुवाल (22 वर्ष) पुत्र रामकिशुन यादव व आकाश चैहान (23 वर्ष) पुत्र झपटी चैहान निवासी गोनघट देवारा एक बाइक से नदवासराय की ओर से किसी वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे साथ ही नदवासराय के ही तरफ से घोसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनी मुबारकपुर निवासी चन्दन चैहान पुत्र (28 वर्ष) सुभाष चौहान व पश्चिम बंगाल प्रांत के नौदीया थाना क्षेत्र अंतर्गत डगनापुर निवासी उज्ज्वल विश्वास (27 वर्ष) पुत्र अशोक विश्वास एक बाइक से किसी वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे कि घोसी-नदवासराय मार्ग स्थित अंडरपास के निकट दो बाइक पहुंची तो गोरखपुर की तरफ से आ रही चार पहिया वाहन ने अंडरपास मोड़ पर दोनों बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे एक बाइक पर सवार रामभुवाल व आकाश चौहान सड़क के बगल में बने नाले में गिर गए। जिसकी वजह से रामभुवाल को अंदरूनी चोट होने के कारण मौके पर ही मौत हो गयी व आकाश को चोटे आयी। तो वही दूसरे बाइक पर सवार चन्दन चौहान व उज्ज्वल विश्वास घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दी गयी सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी घोसी लाया। जहां आकाश की हालत गंभीर देखते हुये जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक रामभुवाल का शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# पीएम स्वनिधि से निकलेगा आत्मनिर्भर भारत का रास्ता

महोत्सव

### छोटे दुकानदारों को जीविकोपार्जन में मिलेगी मदद

जनसंदेश न्यूज



लंका मैदान में स्वनिधि महोत्सव का उद्घाटन करती डीएम आर्यका अखौरी एवं सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त।

**गाजीपुर।** पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत गुरूवार को स्वनिधि महोत्सव का लंका मैदान सभागार में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना पूरे देश के गांव, कस्बों, ठेला, खुमचों जैसे छोटे दुकानदारों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। यह योजना ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के शक्तिशाली होने का आधार बनेगा।

इसी रास्ते से होकर आत्मनिर्भर भारत का रास्ता निकलेगा। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि पीएम ने कोरोना काल के दौरान छोटे दुकानदारों के जीविकोपार्जन के लिए इस योजना की शुभारम्भ किया था। इस दौरान जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), नगर पालिका परिषद गाजीपुर, जिला स्वास्थ्य समिति, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, श्रम विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य एव रसद, नगर पंचायत सैदपुर, सादात, जंगीपुर, बहादुरगंज, यूनियन बैक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैक, आई डी बी आई बैंक, नाबार्ड, एच डी एफ सी, पी एन बी, इण्डियन बैंक, बैक आफ महाराष्ट्र, एवं बड़ौदा ग्रामीण बैंक द्वारा स्टाल लगाकर लोगो जानकारी दी गई।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि ने विभिन्न बैको, स्वयं सेवी संस्थानो, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह , उपजिलाधिकारी सदर, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), एव अन्य जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन सुभाष चन्द्र प्रसाद ने किया।

#### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मिला प्रशस्ति पत्र

पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 20 शहरी पथ विक्रेताओ प्रमाण पत्र तथा योजना मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा 10 लाभार्थियो को परिचय बोर्ड वितरित किये गये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 05 लाभार्थियों को प्रतिकात्मक आवास की चाभी वितरित किया गया। मोटे अनाज को बढ़ावा देने तथा इस क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग के 02 मुख्य सेविकाओ एव नौ आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशष्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 167982 किसानों ने ईकेवाईसी नहीं कराया नहीं होगा भुगतान

**गाजीपुर।** पीएम किसान योजना हेतु ईकेवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। जनपद के 167982 किसानों ने ईकेवाईसी नहीं करवाया है जिसके कारण आगामी आने वाली 14वीं किस्त का भुगतान उनके खातें में नहीं हो पाएगा। जिन किसानों के मोबाईल नं. आधार से लिंक है उन किसानों की ईकेवाईसी ओटीपी के आधार पर हो जायेगी। लेकिन जिन किसानों के मोबाईल नं. आधार से लिंक नही है। उनको सहज जन सेवा केन्द्र से अंगूठा लगवाकर ईकेवाईसी करवाना होगा। इस कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पीएम किसान जीओआई एप लांच किया गया है। गूगल प्ले स्टोर से डाउन लोड करके कोई भी लाभार्थी अपना व अन्य 10 लोगों का (जिनका मो.नं. आधार से लिंक है) ईकेवाईसी कर सकता हैं। ईकेवाईसी से वंचित किसानों से अनुरोध है कि पांच दिन के अन्दर ईकेवाईसी का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें ताकि उनके खाते में 14वीं किस्त भेजी जा सके।

## चौराहे पर सरजू पाण्डेय की मूर्ति लगाने की मांग

**कासिमाबाद।** ब्राह्मण रक्षा दल के नेतृत्व में गुरुवार को कासिमाबाद चौराहे पर स्वतंत्रा सेनानी सरजू पांडे की मूर्ति स्थापित की मांग को दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी के नामित पत्रक कासिमाबाद एसडीएम अश्वनी पांडे को सौंपा गया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिए उन्होंने सर्वप्रथम कासिमाबाद थाना फूक कर बिगुल बजा दिया था और तिरंगा फहराने का काम किया।सामाजिक न्यायिक कार्यों में उनके द्वारा हमेसा आवाज बुलंद की। जो इस क्षेत्र के लोगों के लिए यादगार मना।वह चार दफा लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । उन्होंने आजीवन किसानों और नौजवानों, गरीबों की लड़ाई लड़ी। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी शानदार भूमिका थी। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि उनके मृत्यु के बाद आज तक उनके गांव ऊरहां या ब्लॉक स्तर पर सरकारी भवन जहा स्वतंत्रता सेनानी का नाम अंकित हो । जो क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत दुखद विसय है। सर्व समाज की मंशा है कि कासिमाबाद चौराहे पर स्वतंत्रा सेनानी सरजू पांडे की मूर्ति स्थापित हो। इस मौके पर सरजू पांडे के पुत्र राजकुमार पांडे उनकी पुत्रवधू आशा पांडे, पौत्र सुमन पांडे , सुभाष तिवारी कृष्णानंद उपाध्याय मृत्युंजय मिश्रा मनोज उपाध्याय राकेश पांडे दीपक मिश्रा हरिप्रसाद पांडे अरविंद कुमार प्रभाकर पांडे वासुदेव पांडे उमाकांत गोपाल पांडे सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को पत्रक सौंपते ब्राह्मण रक्षा दल के सदस्य।

### त्यौहार को लेकर धारा 144 लागू

**गाजीपुर।** एडीएम अरूण कुमार सिंह ने बताया कि ईद-उल-जुहा (बकरीद) का त्यौहार 29 जून को तथा मुहर्रम का त्यौहार 29 जुलाई को पड़ रहा है एवं आगामी महीनों में कई प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाएं जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों द्वारा नकल करने का प्रयास किया जा सकता है, जिसे रोकने के लिए हस्तक्षेप करने पर शान्ति व कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उपरोक्त परीक्षाएं एवं त्यौहारों को सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद में धारा-144 लागू किया गया है।

### स्टेशन पर बना शौचालय बंद, यात्री परेशान

**नंदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बना शौचालय बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। उन्हें मजबूरी में खुले में शौच करना पड़ रहा है।स्टेशन पर प्रतिदिन दर्जनों ट्रेनों का आवागमन रहता है। जिसमे छह सवारी गाड़ियों का ठहराव है। स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग यात्रा करते है लेकिन स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बना शौचालय अब तक चालू नहीं किया गया। जिससे रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है।

## मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



टोडरपुर में पुरस्कार के साथ छात्राएं।

**भांवरकोल।** सम्राट अशोक क्लब भारत ,शाखा- टोडरपुर के तत्वाधान में गुरुवार को मनोज कुशवाहा के आवास पर वर्तमान सत्र 2023 में संपन्न माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण पंचास से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित समारोह पूर्वक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गांव के लिए शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान वर्ष बहुत ही गोरवमय से परिपूर्ण रहा। क्योंकि ग्राम सभा के होनहार बच्चियों ने बोर्ड परीक्षा में (हाई स्कूल में ज्योति मौर्य 92% और इंटर मीडिएट में पूजा मौर्य 90%) अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, कार्यक्रम को नीरज, राजीव प्रजापति, मोनू, दीपक ने संबोधित किये। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को केंद्रित करने और लक्ष्य के प्रति ईमानदारी पूर्वक, अनुशासन के साथ प्रतिदिन नियमित रूप से पठन कार्य पर ध्यान देने की सलाह दिए ताकि सामाजिक स्तर पर पिछड़ा यह टोडरपुर गांव का नाम रौशन हो सके। इस अवसर अपनी जिज्ञासा के समाधान हेतु अति शीघ्र किसी विषय विशेषज्ञ से मिलकर परामर्श लेने का सलाह भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र, कमलेश, भीम, रामलखन, नाथू लाल मौर्य , रणजीत और समस्त जागरुक लोगों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर हीरा व्यास ने अपने गीतों से सबका हृदय जीत लिया। घनश्याम मौर्य ने सभी विद्यार्थियों, अतिथियों और अभिभावकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों में खीर का वितरण किया गया। अध्यक्षता महान समाजसेवी नाथूलाल मौर्य व संचालन विजय मौर्य ने किया।

### ग्राम प्रधान के खिलाफ सफाई कर्मचारी लामबंद

**मरदह।** विकास खंड के रूहीपुर ग्राम पंचायत अध्यक्ष के ऊपर गांव में ही तैनात दो सफाई कर्मचारियों ने एडीओ पंचायत को शिकायती पत्र के माध्यम से गंभीर आरोप लगाया है। रूहीपुर गांव में सफाई कर्मी पद पर तैनात मंशा यादव व पवनेश कुमार बलवंत ने अपने शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान के ऊपर आरोप लगाते हुए न्याय के उम्मीद में गुहार लगाई।

## आम का पेड़ काटना तस्करों को पड़ा महंगा

चार गिरफ्तार

### वन विभाग एवं तस्करों की सांठगांठ से पनप रहा धंधा

जनसंदेश न्यूज



रायसेनपुर गांव में कटा आम का पेड़।

**गहमर।** पुलिस ने रायसेनपुर गांव के पास से छापा मारकर बिना अनुमति आम का हरा पेड़ काट रहे चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। बेखौफ तस्कर दिन दहाड़े आम के खड़े पेड़ों पर आरी चला रहे थे। पकड़े गए तस्कर इस्माइल, हरिनारायण, जितेंद्र निवासी गांव गहमर व बब्लू बनवासी निवासी गांव जगवल के कब्जे से एक आरा, एक फावड़ा व तीन कुल्हाड़ी बरामद की गई है।

रंगेहाथ पकड़े गए तस्करों के खिलाफ उत्तर प्रदेश वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। बिहार राज्य के सटे कर्मनाशा नदी के तटवर्ती गांवों में बेखौफ लकड़ी माफियाओं की सक्रियता बढ़ गई थी। फलदार हरे पेड़ों की काटने की लगातार घटनाएं सामने आ रही थी। वन विभाग की मिली भगत से तस्कर तटवर्ती इलाकों से हरे खड़े पेड़ों को काटकर आराम से यूपी व बिहार के आरा मशीनों पर लेकर चले जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति वाहन व वांछित की तलाश में कर्मनाशा नदी के तटीय गांव सायर-रामसेनपुर में मौजूद थे। तभी सूचना मिली कि रायसेनपुर गांव के पास मौजा मलिकपुर अकबरपुर में कुछ लोग आम का हरा पेड़ काट रहे है।

प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे कि रायसेनपुर गांव के सिवान पर उन्हें आम के बागीचे से खटखट की आहट सुनाई दी। जाकर देखा तो चार लोग आम के खड़े पेड़ पर आरी चला रहे थे। और वहां मौजूद लोगों से पेड़ काटने की अनुमति पत्र दिखाने को कहा। इस दौरान वे कोई अनुमति नहीं दिखा सके। इसके बाद चारों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने काटी गई आम का पेड़ जिसपर आम का फल लगा हुआ था कब्जे में लेकर देख भाल हेतु ग्राम चौकीदार को सुपूर्द किया गया है।

## अर्जक संघ का मनाया गया स्थापना दिवस

**गाजीपुर।** जिला इकाई अर्जक संघ के तत्वाधान में जंगीपुर के गांधी कॉलोनी स्थित चंद्रिका प्रसाद सिंह पटेल के आवास पर अर्जक संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। अर्जक संघ की स्थापना 1 जून 1968 को महामना रामस्वरूप वर्मा ने की थी। कार्यक्रम का प्रारंभ महामना रामस्वरूप वर्मा के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. जी. सिंह कश्यप ने कहा कि अर्जक संघ प्रबल मानव मैत्री और देशभक्ति का हिमायती संगठन है, अर्जक संघ यह सिखाता है कि समाज में फैले अनाचार, असत्य, आलस्य, अय्याशी और असमानता को दूर करने के लिए सदाचार, सच्चाई, सचेष्ठता सादगी और समता का भाव और व्यवहार अपनाना बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में बबलू, अनंत कुमार, रश्मि, गोलू, अमरीश, संजय भारती, आनंद भारती, पप्पू कटिहार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता राजकुमार सिंह कुशवाहा तथा संचालन मीडिया प्रभारी अमरीश कुमार ने किया।

## आपदा से निपटने के लिए इमरजेंसी आपरेशन सेंटर स्थापित

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अरूण कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार बाढ़/अतिवृष्टि/सूखा एवं अन्य आपदाओं से निपटने हेतु जनपद स्तर पर इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर की स्थापना की गयी है। उक्त इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर को 24/7 की तर्ज पर क्रियाशील किये जाने हेतु कार्मिकों की तैनाती की जाती है।

जिसमें अमित कुमार कनिष्ठ सहायक मो. 9451343825 एवं शाहिद परवेज कनिष्ठ सहायक मो. 9696332211 बेसिक शिक्षा विभाग से 01 जून से 15 जून तक पूर्वान्ह 06:00 बजे से 02:00 बजे अपरान्ह तक, रामअवतार कनिष्ठ सहायक मो. 7236915759 एवं मनोज यादव वरिष्ठ सहायक मो. 7355455266 को 01 जून, से 15 जून तक 02:00 अपरान्ह बजे से 10:00 बजे रात्रि तक, बृजेश कुमार कनिष्ठ सहायक मो. 8787232156, शमीम आलम हासमी ऊर्दू अनु. मो. 9935570864, 01 जून से 15 जून तक 10:00 बजे से 06:00 बजे पूर्वान्ह तक, रामअवतार कनिष्ठ सहायक मो. 7236915759 एवं मनोज यादव वरिष्ठ सहायक मो. 7355455266 16 जून से 30 जून तक पूर्वान्ह 06:00 बजे से 02:00 बजे अपरान्ह तक, बृजेश कुमार कनिष्ठ सहायक मो. 8787232156 एवं शमीम आलम हासमी ऊर्दू अनु. मो. 9935570864, 16 जून से 30 जून, तक 02:00 अपरान्ह बजे से 10:00 बजे रात्रि तक, अमित कुमार कनिष्ठ सहायक मो. 9451343825 एवं शाहिद परवेज कनिष्ठ सहायक मो. 9696332211 बेसिक शिक्षा विभाग से 16 जून से 30 जून तक रात्रि10:00 बजे से 06:00 बजे पूर्वान्ह तक तिथि/समय पर समय से इओसी में उपस्थित होकर सेन्टर में रक्षित उपस्थिति पंजिका पर उपस्थिति दर्ज करते हुए आपदा विशेषज्ञ के निर्देशन में शासकीय कार्यो का निस्तारण करेंगे।

## कार्यकर्ताओं के त्याग से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी:सपना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** केन्द्र सरकार का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ साल पुर्ण होने पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद, सहभोज बैठक वृहस्पतिवार को सदर विधानसभा के महाराजगंज में जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि भाजपा के सब दिन के साथियों कि आवश्यकता तथा उपयोगिता सदैव प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकताओं के त्याग, तपस्या, बलिदान और संघर्ष का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि समर्पित, संकल्पित तथा संघर्ष भाव को लेकर भाजपा के लिए अपना पुरा जीवन खपा देने वाले पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिनका सदैव यह उद्देश्य रहा कि भारतीय जनता पार्टी परम वैभव पर स्थापित हो उनका संघर्ष सफल हुआ है। जिन उद्देश्यों को लेकर पार्टी का गठन तथा आप सबने संघर्ष किया वह संघर्ष आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलता के शीर्ष पर पार्टी की सोच और सपनों को साकार कर रहा है। धन्यवाद अच्छेलाल गुप्ता ने तथा संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया।

इस अवसर पर बैठक को पूर्व मंत्री डा. संगीता बलवंत, सुरेश बिंद, गिरजा शंकर पाण्डेय, अवधेश दूबे, श्यामसुंदर अग्रवाल, निर्गुण दास केशरी, अमरनाथ दुबे, राजकिशोर जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सुरेश बिंद, गोपाल राय, रासबिहारी राय, सुनील गुप्ता, विनीत शर्मा, मुरली कुशवाहा सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता का धमकी भरा आडियो वायरल

### पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

मांग

#### भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर जमीन कब्जा करने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**जखनियां।** भाजपा अपने आप को अनुशासित पार्टी बताती है। कार्यकर्ताओं को हमेशा मर्यादा में रहने की बात करती है। उनका मानना है कि अनुशासन के बल पर ही देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। लेकिन, जिले के भाजपा के एक कद्दावर नेता को लगता है कि अनुशासन का पाठ नहीं पढ़ाया गया है। वह हमेशा अपने कारनामों को लेकर सुर्खियों में बने रहते है। बात करते है भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह का जिनका सोशल मीडिया पर एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें वह जमीन को लेकर एक व्यक्ति को धमकी देते हुए अशब्द भाषा का प्रयोग कर रहें है। हालांकि, पीड़ित ने इनके खिलाफ कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है। कोतवाली भुड़कुड़ा क्षेत्र के मुड़ियारी गांव और हालमुकाम कवला जखनियां निवासी पीड़ित नागेंद्र यादव पुत्र सिताराम यादव ने गुरूवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि भाजपा नेता व शिक्षा माफिया विपिन सिंह हमारी जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहें है। वह गुरूवार को दल बल के साथ हमारे घर जाकर जबरियन मेरे खरीदी गई जमीन को मांग रहें है। नहीं देने पर अशब्द भाषा का प्रयोग करते हुए हमें बर्बाद करने की धमकी दे रहें है। आरोप लगाया कि हमारी जमीन किसी भी कीमत पर हथियाने को लेकर जान से मारने की धमकी दे रहे है।

> भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती का कहना है कि पीड़ित नागेंद्र यादव के तरफ से तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। आडियो कौन वायरल किया है इसकी जानकारी नहीं है।

#### वायरल आडियो में कॉलेज प्रबंधक और पीड़ित की बातचीत

भाजपा नेता विपिन सिंह व पीड़ित नागेंद्र यादव के बीच बातचीत का एक कथित आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें विपिन सिंह पीड़ित पर जमीन को लेकर दबाव बना रहें है। उस आडियो में अशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दे रहें है। जबकि पीड़ित अपनी जमीन नहीं देने की बात कर रहा है। वह फोन पर ही किसी से यह भी कह रहा है कि विपिन सिंह हमको गाली दे रहें है।

#### बच्चों के साथ महिला ने आत्मदाह की दी चेतावनी

भाजपा जिला उपाध्यक्ष व दी सनशाइन विद्यालय जखनियां के प्रबंधक विपिन सिंह पर जमीन हड़पने का एक और आरोप लगा है। यह आरोप जिला आजमगढ के थाना तरवां गांव ऐराकला व हालपता जखनियां गोविंद निवासी हेमलता देवी पत्नी रंजू गोड़ ने लगाया है। हेमलता ने बीते बुधवार को एसडीएम से लिखित शिकायत कर बताया है कि विपिन सिंह के जखनियां तहसील स्थित कालेज के बगल में आराजी नंबर 764 का बैनामा कराई है। जिसमें ईट की नीव बनाकर वह काबिज है। लेकिन विपिन सिंह उक्त भूमि पर जबरन अपना निर्माण कर रहे हैं। जिसके खिलाफ सभी लोगों से गुहार लगाई। मगर हमारी फरियाद कहीं सुनी नहीं गई। पीड़ित महिला ने बताया कि हमारी जमीन पर यदि विपक्षी विपिन सिंह द्वारा अवैध निर्माण करा लिया गया तो हम अपने बच्चो के साथ आत्मदाह करने को मजबूर है।

> एसडीएम आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि हेमलता को कागजात के साथ बुलाया गया है। वह आजमगढ चली गई है। शुक्रवार को जब कार्यालय में आएंगी तो उनके मामले का निस्तारण किया जाएगा।
>
> एसडीएम आशुतोष श्रीवास्तव

## संक्षेप

### विद्युत टीम ने चलाया चेकिंग अभियान



**दिलदारनगर।** चित्रकोनी उप केंद्र के अंतर्गत ताजपुर कुर्रा और जबुरना गांवों में गुरुवार को पूरे दिन चेकिंग अभियान चलाकर करवाई किया गया। बताते चले कि बिधुत उप केंद्र चित्रकोनी पर अत्यधिक बिजली की लोड और चोरी की शिकायत मिल रही थी जिसपर बिजली विभाग की टीम अवर अभियंता तापस कुमार के नेतृत्व में ताजपुर कुर्रा गांव और जबूरना गांव में पहुंची और चेकइन करना सुरु कर दिया तो गांव में हड़कंप मच गया जो जहाँ था वही से बिजली का तार हटाने और छुपाने में जुट गए लेकिन बिजली विभाग की टीम आने काम मे जुटी रही जिसमें चोरी से विद्युत उपभोग करते हुए 8 लोग मौके पर पकडे गये। जिसमें तत्काल आठ लोगों के खिलाफ विजिलेंस थाना रौजा गाजीपुर में एफआईआर दर्ज करा दिया गया है, उसके बाद 42 उपभोक्ताओं का लोड भी बढ़ाया गया बकाया भुगतान 80हजार की राजस्व वसूली कर विभाग में जमा करा दिया गया। चेकिंग अभियान टीम मे उपखण्ड अधिकारी कमलेश प्रजापति, कपिल, रमेश, उपेंद्र, रामविलाश, आदि उपस्थित रहे।

### सर्वेश का वॉलीबॉल स्पोर्ट्स हास्टल में चयन



**भांवरकोल।** क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव के रहने वाले होनहार खिलाड़ी सर्वेश यादव पुत्र वीरेंद्र यादव का चयन बालीबाल स्पोर्ट्स हॉस्टल जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मैनपुरी के लिए चयन हुआ है। चयन होने पर खिलाड़ी व परिजनों में खुशी का महौल है। ग्रामीण परिवेश में बालीबाल का गुण सीखने वाले होनहार ने पहले जिला स्तर फिर मंडल स्तर उसके बाद राज्य स्तर पर अंडर -15 चयन ट्रायल में अपनी मेहनत के बल पर स्थान बनाया।छात्रावास में चयन होने पर हरिहर राय, डॉ. राधेश्याम राय ,प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राय मोनू, डॉ.आलोक कुमार राय, हेमनाथ राय, मिथलेश राय,आनंद राय, डॉ राहुल राय,राजेश राय बागी,नवीन कुमार राय, अजय शकर राय,बाला जी राय, मनीष कुमार राय,जयशंकर राय चुन्नू,कुंदन राय, शशिकांत यादव,आशीष राय सिंटू , बुचू उपाध्याय,दिबन्धु उपाध्याय,श्रीकांत यादव , अंकुर राय,पवन कुमार यादव ,पवनेश यादव, सुबाष यादव, अमित यादव , रूपेश यादव , राजकुमार ठाकुर आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मां काली की निकाली गई झांकी



**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बदौली अदाई में गुरूवार को कलश यात्रा के साथ काली माता की भव्य झांकी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों काली भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। काली माता के पुजारी श्रीराम यादव ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को काली पूजन करने के लिए सैंकड़ों की संख्या में काली भक्त वीरपुर गंगा तट से विधि विधान से गंगा कलश यात्रा निकल कर बदौली अदाई गांव स्थित काली माता मंदिर पर आयेगें और शनिवार को पूर्णिमा के दिन हर साल की तरह इस साल भी वैदिक विधि विधान से काली पूजन किया जायेगा। शुक्रवार को गंगा कलश में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने क निवेदन किया गया है। काली पूजन समारोह को गांव के हितार्थ बनाने में प्रधान प्रतिनिधि पन्नालाल,लालबेगन भर,शिवशर्मा प्रजापति, शिवप्रसाद गोंड, शेष मणि शर्मा, अशोक प्रजापति,रौशन कुशवाहा, मुक्तेश्वर यादव, शिवसागर, प्रेमनारायण,कुंदन मास्टर,राम ईश्वर राम,सीरी भगवान, शिवजी यादव,मदन, परशुराम,मंजय, सुरेंद्र, जनार्दन, कृष्ण, आजाद यादव,राजू यादव लगे है।

### पहलवानों के समर्थन में राष्ट्रपति को सौंपा पत्रक

**जमानियां।** अखिल भारतीय किसान महासभा ने भारतीय पहलवानों और समाज के सभी वर्गों के विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार के लिए राष्ट्रव्यापी विरोध के तहत राष्ट्रपति ज्ञापन सौंपा गया। जमानियां तहसील मुख्यालय पर सभा को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड ईश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय पहलवानों और समाज के अन्य सभी वर्गों के विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार को सुरक्षित करने और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग के लिए देशव्यापी आंदोलन का आह्वान के तहत जमानियां, जखनियां, सैदपुर, सेवराई, मुहम्मदाबाद तहसील केंद्रों पर धरना प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। किसान महासभा के तत्वावधान में ट्रेड यूनियनों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक आंदोलनों सहित अन्य सभी वर्गों के साथ समन्वय में पूरे जिले में प्रदर्शन किया है। सभा में शशिकांत कुशवाहा, बुच्चीलाल, महेंद्र राम, गुलाब सिंह, लालबहादुर बागी, हंसा देवी, आजाद यादव, नन्द किशोर बिंद, सरोज यादव, सतेन्द्र प्रजापति, रामबृक्ष कुशवाहा, श्रीकांत, रणधिर सिंह, अशोक, सरोज, क्रांति, कन्हैया कुमार, जोखू प्रसाद, महेंद्र भारद्वाज, संजय,उषा बौद्ध, संतोष कुमार, नन्द किशोर, अखिलेश मौर्य, मनोज कुशवाहा, सगीर अहमद, मोती प्रधान, रामबिलास यादव आदि लोग शामिल हुए।

### रोजगार मेला में 26 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में विधान सभा सदर के अन्तर्गत राजीकीय आईटीआई के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियाँ टीम ब्राइट फ्यूचर ऑरगेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि, वीएसडी टायर एण्ड ट्यूब रिपेयर द्वारा सेल्स मैनेजर, फील्ड आफीसर, कम्प्यूटर आपरेटर, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 150 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 26 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेन्टर वाराणसी द्वारा उक्त परिसर में प्री-काउंसिलिंग की गयी। जिसमें दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 80 अभ्यर्थियों का वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी जिसमें से 18 अभ्यर्थी विदेशों में रोजगार पाने हेतु योग्य पाये गये। जिसमें से 08 अभ्यर्थी पासपोर्टधारी है। इन सभी योग्य अभ्यर्थियों को अन्तिम चयन हेतु वाराणसी सेन्टर पर कॉल किया जायेगा।

### 29 पेटी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जमानियां।** क्षेत्र के सोनहरिया गांव में बुधवार की रात पुलिस ने 29 पेटी टेट्रा पैक शराब बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सोनहरियां गांव में टेट्रा पैक शराब की तस्करी की जा रही। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेरा बंदी कर एक अभियुक्त को 29 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार कर कोतवाली ले आए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि घर के पास खेत में शराब छुपाने का प्रयास किया जा रहा था। अभियुक्त धनंजय राय निवासी सोनहारिया को गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया है। अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है।

### युवती ने खाया सल्फास

**सादात।** क्षेत्र के ग्राम देवापार निवासी कालिका राजभर की पुत्री अंजलि राजभर (20) ने अज्ञात परिस्थितियों में सल्फास खां लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन फौरन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पहुंचे, जहां हालत ज्यादा गम्भीर होने पर उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। चिकित्सक के अनुसार उसकी हालत काफी चिंताजनक रही, जिसे बेहतर इलाज की दरकार को देखते हुए वाराणसी रेफर किया गया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के खुदरा पथरा गांव निवासी एक मामले में वांछित अभियुक्त को गहमर पुलिस ने नोनहरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के खुदरा पथरा गांव निवासी विद्यासागर उपाध्याय पुत्र श्री नाथ उपाध्याय अपनी पत्नी से विवाद के मामले में फरार चल रहे थे कि बुधवार को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त मामले का आरोपी नोनहरा थाना क्षेत्र के महुआरी गांव के पास मौजूद है पुलिस ने उक्त आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने बताया कि उक्त आरोपी का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था जिसमें यह फरार था मुखबिर की सूचना पर नोनहरा थाना क्षेत्र के महुआरी गांव से इसे बुधवार की शाम गिरफ्तार कर लिया गया।

### पेड़ की डाल टूटने से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के पास जामुन का पेड़ की डाल टूट कर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सेमरा निवासी वृद्ध सेमरा से हरिहरपुर को जा रहा था। जैसे ही वह उस पेड़ के करीब आया कि अचानक एक मोटी डाल टूट कर उसके सिर पर गिर गई। घटना को देखकर उपस्थित नागरिकों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जनसंपादकीय

# सोशल मीडिया का खतरनाक खेल

**डॉ प्रियंका सौरभ**



हाल के दिनों में सोशल मीडिया जनमत को प्रभावित करने और समाज में चल रहे प्रचलित विमर्श को प्रभावित करने का एक शक्तिशाली साधन बन गया है। कम कीमत, व्यापक पहुंच, आसान पहुंच और स्मार्टफोन की उपलब्धता के कारण सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली बनकर उभरा है। सोशल मीडिया ने एक दोधारी तलवार की तरह काम किया है जहां इसने एक तरफ लोकतांत्रिक भागीदारी के रास्ते को चौड़ा किया है, लेकिन इसने समाज में नफरत और हिंसा के प्रसार के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है। सोशल मीडिया आज हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है तथा अपनी भूमिका निभाते हुए यह समाज और व्यक्तियों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है। 21वीं सदी की पीढ़ी के लिये यह जीवन जीने का एक नया तरीका बन गया है।

तो एक समय था जब लोग एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से मिलते और बात करते थे और एक-दूसरे को पत्र लिखते थे। लोग अपना ज्यादातर समय परिवार के सदस्यों के साथ बिताते थे और लोग उनके रिश्ते को भी महत्व देते थे इसलिए पहले की पीढ़ियों के साथ यही स्थिति थी। लेकिन आज सब कुछ बदल गया है लोग अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं और अब आप अपने जीवन में मिलने वाले लोगों से दूर रहकर भी आसानी से जुड़े रह सकते हैं और आप उनके जीवन के बारे में भी अपडेट प्राप्त कर सकते हैं और जान सकते हैं कि वे क्या हैं वे जीवन में क्या कर रहे हैं और इस तरह सोशल मीडिया ने समाज के पूरे ढांचे को बदल दिया है।


हम सब जानते हैं कि दिन-रात में चौबीस घंटे होते हैं, और यही घंटे हर इंसान के लिए होते हैं। इन्हीं घंटों का इस्तेमाल हर व्यक्ति करता है। फर्क बस इतना है कि इन घंटों का सही इस्तेमाल करने वालों के पास नतीजे कुछ और निकलते हैं और जो इन घंटों का इस्तेमाल ठीक से नहीं कर पाते उनके लिए भविष्य में परिणाम सुख देने वाला नहीं होता। अब आप सोच रहे होंगे कि इंटरनेट के विकास और समय के इस हिसाब का आपस में क्या संबंध है। तो इसे ऐसे समझिए कि जिस इंटरनेट के जरिए हम समय बचाने का दंभ भरते हैं, वही इंटरनेट आपके जीवन के समय का बहुत बड़ा हिस्सा ले रहा है। अब यहीं पर यह समझना जरूरी है कि जो समय आप इंटरनेट पर बिता रहे हैं, उसमें से कितना समय आप सही इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत के गांवों में इंटरनेट का इस्तेमाल सबसे ज्यादा बढ़ा है। ऐसा नहीं कि यह इस्तेमाल पूरी तरह से खराब और गलत है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि उसका किस हद तक इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

सोशल मीडिया ने उत्पीड़ित, हाशिए पर पड़े लोगों को आवाज देकर और व्यापक दर्शकों के साथ उनके दृष्टिकोण को साझा करके सार्वजनिक स्थान का लोकतंत्रीकरण किया है। सोशल मीडिया ने खोजी पत्रकारिता, पर्यावरण, प्रेस की स्वतंत्रता और नागरिक केंद्रित पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में सूचनाओं के तेजी से प्रसार को सक्षम बनाया है। राजनेताओं और सरकारों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग उनकी पहल के लिए समर्थन जुटाने और बहस, विज्ञापन और सामाजिक अभियानों के माध्यम से उनके समर्थन को व्यापक बनाने के लिए किया गया है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं को एकत्र करता है और उनका उपयोग उस सामग्री को वैयक्तिकृत करने के लिए करता है जहां व्यक्तियों को एक ही प्रकार की सामग्री से अवगत कराया जाता है जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करने और राय के ध्रुवीकरण में योगदान देता है। नफरत और गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए सोशल मीडिया को कैसे विनियमित किया जा सकता हैः घृणास्पद भाषण और हिंसा को विनियमित करने के लिए सरकार, नागरिक समाज और सामाजिक के बीच प्रभावी प्रवर्तन तंत्र और सक्रिय सहयोग के साथ स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की तत्काल आवश्यकता है।

सोशल मीडिया के इस्तेमाल में बोलने की आजादी और जनहित के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। हमारे समाज के सामाजिक ताने-बाने के पुनर्निर्माण के लिए समुदायों और व्यक्तियों के बीच सामाजिक संपर्क को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता है। जैसा कि आप जानते हैं कि हर चीज के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू भी हैं। सबसे पहले इसमें आपका बहुत समय लगता है; आप अंततः अपने परिवार के सदस्यों के बजाय सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत करते हैं और दूसरी बात यह है कि इसने पीछा करने, ट्रोलिंग जैसे बहुत सारे उपद्रवों को भी आमंत्रित किया है जो वास्तव में आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है और लोगों के जीवन को भी वास्तव में खराब कर सकता है इसलिए आपको सामाजिक उपयोग करना होगा मीडिया को बहुत सावधानी से उपयोग करें और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय आपको बहुत सुरक्षित रहने की भी आवश्यकता है।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**


## चाह



इस दुनियां की सत्ताएं अब / कवियों, शायरों, संगीतकारों को/ सौंप दी जानी चाहिए
ताकि थोड़ा सा प्रेम/ थोड़ा रोमांस/ थोड़ा गायन/ थोड़ा वादन/ थोड़ा नृत्य / बचा रहे
ताकि/ बहेलियों, दुर्दांत शिकारियों, खुदगर्ज/ बुद्धिहीन सत्तानशीनों द्वारा /विदीर्ण की गई
धरती के कलेजे पर/ कुछ मलहम लगाया जा सके।

**- एम जोशी हिमानी, लखनऊ**

## अनाज



अनाज है तो /नाज है/ नाज है तो/ अंदाज है/
होने का/ जो एक पहलू से हो
या अनेक पहलुओं से
अनाज खत्म तो/ नाज खत्म/ आदमी क्या/
आदमी के देश का
अनाज है तो/ राज है/ अनाज है तो/ संतुष्टों का
समाज है
सबका साथ है/ और सबके विकास में/ भारी अंतर/ नजरअंदाज है
अनाज है तो/ मकता ताज है/ आँखों के सामने

**- केशव शरण**
**संपर्क 9415295137**

# नेहरू की 'स्वर्ण-छड़ी' उर्फ मोदी का 'सेंगोल'

## समय- संदर्भ



**रविभूषण**

दस दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह के प्रेस कांफ्रेंस के पहले, तमिलनाडु के शैव मठों के पुरोहितों, वहाँ के विद्वानों आदि को छोड़कर शायद ही कोई सत्यवादी, धर्मनिष्ठ और निष्ठावान, तमिल भाषा के शब्द 'सेम्मई' से उत्पन्न 'सेंगोल'शब्द को अधिक जानता रहा हो। शब्द-प्रयोक्ता की अपनी समझ और दृष्टि भी है।'धर्म'का प्रयोग अधार्मिक, धर्मविरोधी, पाखण्डी और 'सत्य' का प्रयोग झूठा, मक्कार और लबार भी करता है। निष्ठा रहित व्यक्ति भी 'निष्ठा'का प्रयोग करते देखे जा सकते हैं। दस दिन पहले जो शब्द कहीं गुम था, अब वह सबके सामने उपस्थित होकर अपना महत्व प्रदर्शित कर रहा है। कवियों-कथाकारों, लेखकों-बौद्धिकों, विचारकों-बुद्धिजीवियों को कभी इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि, वे ही शब्द-ज्ञाता हैं, शब्दों के उद्धारक-प्रचारक हैं। तमिल यूनिवर्सिटी (तमिलनाडु के सातवें बड़े शहर, तंजावुर में स्थापित)के पुरातत्व के चौंसठ वर्षीय प्रोफेसर एस. राजावेलु के अनुसार तमिल में 'सेंगोल' का अर्थ 'न्याय' है, जो तमिल राजाओं के यहाँ 'सुशासन' ('गुडगवर्नेंस') का प्रतीक माना जाता था। संस्कृत से भी, 'शंकु' से इसका संबंध जोड़ा गया है। 'शंकु' का अर्थ 'भाला', 'कील'और 'दीप की छाया नापने के लिए काष्ठादि की निर्मित बारह अंगुल की नुकीली मापक वस्तु' है। तमिल के पाँच महाकाव्यों -शिलापत्तिकारम, मणि मेकलई, सिवाकाशिंतामणि, वलयापथ और कुंतालाकशी में से 'शिलापत्तिकारम' और 'मणिमेकलई' में 'सेंगोल' का उल्लेख है। संत तिरुवल्लुवर के 'तिरुक्कुरल' मे भी 'सेंगोल' का उल्लेख है। प्राचीन काल में मुकुट धारण करने के बादराजा सिंहासन पर इसके साथ बैठता था।'सेंगोल' का संबंध सिंहासन पर बैठने वाले राजा से रहा है। चोल काल ईसापूर्व 300 से 1279 ईस्वी तक माना जाता है, पर आठवीं शताब्दी में यह विशेष प्रमुख रहा। दक्षिण भारत मेंअनेक राजवंशों का उदय हुआ। राष्ट्रकूट, पल्लव, चोलएवं चालुक्य जैसे महानतम राजवंशों का उदय दक्षिण भारत में आठवीं शताब्दी में हुआ। तेरहवीं शताब्दी के आरंभ में इन महान राजवंशों का सूर्य अस्त हो गया। चोलों का इतिहास संगम युग(ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी से तीन सौ ईस्वी तक) से आरम्भ होता है। संगम युगीन चोल राज्य का प्रथम शासक उरवप्पहरे इलन जेतिसेन्नीथा। प्रारम्भिक चोल सम्राटों में करिकाल महानतम सम्राट था, जिसे 'करिकाल द ग्रेट' कहा गया है। संगम युग के बाद आठवीं शताब्दी में चोल प्रमुख हुए, पर उनका राजनीतिक उत्कर्ष दसवीं शताब्दी के मध्य से हुआ।

चोलकाल में राजाओं के राज्याभिषेक समारोहों में 'सेंगोल' का अधिक महत्व था। इसका संबंध सभी शासकों, राजाओं से है, न कि केवल चोल वंश से। पांड्या आदि ने भी इसका इस्तेमाल किया था।'सेंगोल'इस बात का प्रतीक है कि राजा को देश या अपना साम्राज्य कैसे चलाना चाहिए। आरएसएस के प्रमुख विचारक राम माधव अभी अपने एक लेख 'दि सुप्रीम ऑथोरिटी' (इंडियन एक्सप्रेस, 29 मई 2023) में 'सेंगोल' पर लिखते हुए ग्रीक और मेसोपोटामिया की सभ्यता तक चले जाते हैं। राजदण्ड को राज चिन्ह का एक हिस्सा बताते हैं। वे नार्वे, स्वीडन और यूके में अब भी शाही राजदण्ड के प्रचलन में होने की बात करते हैं और यह लिखना नहीं भूलते कि इसे सितम्बर 2022 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के ताबूत में रखा गया था और किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में यह था।वे यह नहीं लिखते हैं कि आज भारत में न राजा है और न राजतन्त्र। वर्तमान में 'सेंगोल' की इस चर्चा में कुछ विद्वान और इतिहासकार मौर्य, गुप्त और विजयनगर साम्राज्य के समय भी इसके उपयोग और महत्व की बात कर रहे हैं। हाल के समय में एक शब्द या चिन्ह विशेष को लेकर न तो कभी इतनी अधिक चर्चा हुई थी और न लगभग एक सप्ताह तक इतना अधिक मंथन हुआ था। राजगद्दी पर बैठने वाला राजा अपने को सर्वस्व समझता था। कुछ जगहोंपर उन राजाओं द्वारा तीन बार 'अदन्योस्मि' कहे जाने का भी उल्लेख है। अर्थात वह सब कुछ है, उसे कोई दंडित नहीं कर सकता। वह दंड से बड़े हैं। पुरानी रीति में एक संन्यासी शेर वस्त्र पहने अपने हाथ में एक पतली पलाश छड़ी रखे राजा के बगल में खड़ा होता था। वह इस छड़ी से राजा पर तीन बार प्रहार करता थाऔर कहता था 'राजा यह "अदन्योस्मि" अदन्योस्मि' कहना गलत है। 'दण्ड्योसि" दण्ड्योसि' कहना सही है अर्थात तुम भी दण्डित हो सकते हो।

प्राचीन और मध्यकाल के राजवंशों में सत्ता के हस्तान्तरण के समय राजदण्ड के उपयोग का इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक के भारत में क्या कोई अर्थ है पर अर्थ निर्मित किया जा चुका है। तमिल परम्परा में 'सेंगोल' एक पदार्थ न होकर धर्मपरायणता/ न्यायसंगतता का प्रतीक है। तमिल विद्वान और 'इंग्लिश- तमिल डिक्शनरी' (यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास, 2010) के कोशकार, 'सेंगोल वेंडर' के लेखक ए. चिदम्बरनथ्यन चेट्टियार के अनुसार सेंगोल राजा का एक गुण है, जिसका वह पालन करता है, न कि वह उसे प्राप्त एक पदार्थ है। उन्होंने लिखा है कि प्राचीन तमिल राजा सही न्याय एवं धार्मिकता की कोशिश सुशासन के लिए करते थे। बी. कोलप्पन ने अपने लेख 'ए सिम्बॉल ऑफ वर्च्यू: सेंगोल' में कलाईकोवन का उल्लेख किया है, जिनके अनुसार सैंगोल का समय राजाओं के समय का है। जनता द्वारा निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार में इसकी कोई भूमिका नहीं है।

'सेंगोल' नैतिकता, शुद्धता, सदाचारिता ईमानदारी, न्यायनिष्ठा आदि का प्रतीक है। बाद में यह अधिकार और शक्ति का भी प्रतीक बन गया। यह साम्राज्य के दस घटकों झ ढोल, सेना, नदी, पहाड़, फूलों का हार, हाथी, घोड़ा उजला छाता के साथ था। भिन्न साहित्यिक कृतियों में इनमें से कई घटकों का उल्लेख है। बी. कोलप्पन ने इस लेख (द हिन्दू, 28 मई 2023) में सेंगोल या राजचिन्ह के महत्व के संबंध में चेर सम्राट चेरन सेन गुट्टुवन के द्वारा सामान्य आदमी एवं स्त्री (नायक-नायिका) के संबंध में तमिल के प्रथम महाकाव्य 'सीलप्पदिकारम' में कही गई बातों का उल्लेख किया है। 'सीलप्पदिकारम' महाकाव्य में 'न्याय' का प्रश्न प्रमुख है। तमिल का यह प्रथम महाकाव्य चोल वंश के शासक सेन गुट्टुवन के भाई इलांगों अडिगल द्वारा ईशा की दूसरी-तीसरी शताब्दी में लिखा गया है। इलांगों अडिगल जैन भिक्षु कवि थे। इस महाकाव्य में कोवलन और कन्नगी (कण्णही) की कथा कही गयी है। अमृत लाल नागर ने इसी के आधार पर 'सुहाग के नूपुर' लिखा और राधा वल्लभ त्रिपाठी ने 'सौभाग्य नूपुर' की रचना की। एक षड्यन्त्र से कोवलन पर रानी के नूपुर की चोरी का आरोप लगाया गया, जिसमें कई षड्?यंत्रकारी शामिल थे। न्यायकर्ताओं और राजा ने उसे मृत्युदण्ड की सजा दी । कोवलन को शूली पर चढ़ाए जाने के बाद मदुरै के राजा-रानी को प्राण त्यागने पड़े। मदुरै के राजा पांडियन नेदुनचे झियान की मृत्यु का समाचार सुनकर चेरन सेन गुट्?टुवन ने कहा कि राजा पांडियन ने अपने प्राण देकर सेंगोल की धार्मिकता बहाल की, जो अन्याय के कारण झुक गया था। पांडियन सिंहासन से गिरा था। यह महसूस करने के बाद कि उसने भूल से कोवलम को, जो नायक और कण्णही का पति था, मृत्युदण्ड का आदेश दिया। राजा ने अपने प्राण त्यागे। अपनी मृत्यु के पहले वह बोला - 'क्या मैं राजा हूँ? मैं एक चोर हूँ।' इससे अधिक 'सेंगोल' का अर्थ और महत्व और कुछ नहीं हो सकता।

तमिल के आरंभिक व्याकरण 'थोलकप्पियम' में भी सेंगोल का संदर्भ है। 'राजमणिकणार इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च' के संस्थापक आर. कलाई कोवन के अनुसार सेंगोल राजा के उचित और निष्पक्ष गवर्नेंस का प्रतीक है। इसका विलोम अधिनायकवाद है - तमिल में ' कोडुन्गल'। कलाई कोवन के अनुसार शिलालेखों के संदर्भ में सेंगोल शब्द प्राप्त होता है, पर इसका कोई प्रमाण नहीं है कि यह सदैव राजाओं के हाथ में होता था। राजा के हाथ में इसके होने का विचार बाद का है। तमिलनाडु में राजनीतिज्ञों द्वारा अपने नेताओं को कुछ इस प्रकार का चिह्न आदर स्वरूप देने का चलन भी है। तिरुवल्लुवर की महान मुक्त काव्य-रचना 'तिरक्कुरल' के कुल 1330 कुरल (छोटे दोहे) में से 543 से 550 कुरल में 'सेंगोल' का किसी न किसी रूप में उल्लेख है। 543वें कुरल में कहा गया है कि राजा का राजदण्ड ब्राह्मण के वेदों और वहाँ वर्णित सभी गुणों के समर्थन में है। इक्कीसवीं सदी का भारत वेदोन्मुख एवं ब्रह्मणोन्मुख क्यों हो रहा है?

'सेंगोल' के बारे में सरकारी स्तर पर जो मिथ्या प्रचार किया गया है, उसका न कोई आधार है, न ठोस प्रमाण। इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है कि नेहरू को यह सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में दिया गया था। वित्त मंत्री ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में जिन कुछ पुस्तकों का उल्लेख किया, उनमें से किसी में भी 'सेंगोल' का कोई जिक्र नहीं है। ब्रिटिश इतिहासकार पेरी एंडरसन (11.9.1938) की पुस्तक झ'द इंडियन आइडियोलाजी' (2012), यास्मीन खान (1981) की पुस्तक 'द ग्रेट पार्टीशन : द मेकिंग ऑफ इंडिया एण्ड पाकिस्तान' (2007), अंबेडकर (14.4.1891-6.12.1956) की पुस्तक 'थॉट्स आन लिंग्विस्टिक स्टेट्स' (1955) में से किसी पुस्तक में सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक-रूप में नेहरू को 'सेंगोल' दिए जाने का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। भारतीय इतिहासकार और 'सेलेक्टेड वर्क्स ऑफ जवाहर लाल नेहरू' (44वें खंड से 85वें खंड के संपादक) माधवन के पालट भी इसका कोई प्रमाण नहीं पाते। प्रेस कांफ्रेंस में वित्त मंत्री से इसके प्रमाण पूछे जाने पर केवल यह जवाब मिला था - 'एेज मेनी डॉक्यूमेन्ट्री प्रूफ' झ उनके दस्तावेजी साक्ष्य में किताबों की संदर्भ-सूची, लेख मीडिया रिपोर्ट आदि हैं, जिसमें लोगों के ब्लॉग पोस्ट्स और सोशल मीडिया भी है, पर अभी तक किसी ने इस राजदण्ड (सेंगोल) को सत्ता हस्तान्तरण के रूप में कोई सही साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी चित्र में प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू के हाथ में थामे 'सेंगोल' का कोई आधिकारिक प्रमाण नहीं है। लैरी कॉलिन्स एवं दामिनिक लैपियर ने 'फ्रीडम ऐट मिडनाइट' (1975, हिन्दी अनुवाद : मनहर चौहान, गाइड प्रकाशन, अहमदाबाद, नई दुनिया प्रेस, इन्दौर, 1976) में 'नई दिल्ली : 14 अगस्त 1947' उपशीर्षक (पृष्ठ 194) में लिखा है - मद्रास के नटराज मंदिर से पीताम्बर एवं अन्य पवित्र वस्तुएं लेकर जो साधु दिल्ली आए थे, उसका भव्य जुलुस यार्क रोड के सत्रह नम्बर के सादे बंगले की ओर बढ़ रहा था, ताकि उस व्यक्ति को ईश्वर का आशीर्वाद दिया जा सके, जिसे ईश्वर पर बिल्कुल विश्वास नहीं था और जो कुछ ही घण्टों बाद इस देश का कर्णधार बनने जा रहा था... उन संन्यासियों ने (नेहरू को) पीताम्बर पहनाया, अन्य पवित्र वस्तुओं से विभूषित किया, उसके मस्तक को राख और तिलक से सान दिया।' लेखक द्वय ने 'नास्तिक और तर्कवादी' नेहरू द्वारा संन्यासियों द्वारा दी गयी 'ईश्वरीय वस्तुओं के ग्रहण' को 'उतना रहस्यमय' नहीं माना है। लिखा है झ 'जो विकट समस्याएँ आगे आने वाली थीं,उनका निश्चित आभास जवाहर लाल नेहरू ने अवश्य पा लिया था और वह जानते थे कि उन्हें हल करने के लिए प्रत्येक उपलब्ध साधन का पूरा-का-पूरा इस्तेमाल करना होगा, चाहे वह साधन 'अध्यात्म' ही क्यों न हो, कि जिस पर स्वयं उन्होंने कभी विश्वास नहीं किया'। 'फ्रीडम ऐट मिडनाइट' में भी नेहरू को 'सेंगोल' या 'स्वर्ण दण्ड' दिये जाने का कोई उल्लेख नहीं है, पर यह झूठ सर्वत्र फैला दिया गया है कि 'अंग्रेजों से भारतीयों को सत्ता के हस्तान्तरण को चिन्हित करने के लिए 'सेंगोल' को पहले प्रधानमंत्री नेहरू को सौंप दिया गया था।'

नेहरू के हाथ में धारण किये गये 'सेंगोल' का जो चित्र जारी किया गया है, उसे 'स्पेशल अरेंजमेंट' से जारी बताया गया है। इस चित्र का कोई प्रमाण नहीं है। तमिलनाडु के मइलादुथराई के कुथलम तालुक के चिरूवदुथुरई शहर में स्थित चिरूवदुथुरई अधीनम एक शैव मठ है। सी. राजगोपालाचारी (10.12.1878-25.12.1972) इस मठ के 'उत्साही अनुयायी' थे। इसका प्रचुर प्रमाण है कि इस अधीनम के मुख्य पुजारी श्री ला श्री अम्बालवना पंदरासन्घी स्वामिगल ने नेहरू को राजदण्ड भेंट करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। यह कहा जाता है कि उस समय 'तेवरम' के तीन प्रमुख कवियों-सबंदर, अप्पर और सुन्दरार के काव्यांशों का भी पाठ किया गया था। पुष्ट प्रमाण इसके भी नहीं हैं। पर ये कवि नयनार संत कवि हैं। अप्पर ने अपनी एक कविता में कहा है - "हम किसी की प्रजा नहीं है/हम धर्म के इस नरक में/अब और नहीं रह सकते/हम किसी भ्रम में रहना नहीं चाहते/हमें गर्व है कि समझ गए हैं/बुराइयां क्या हैं/हम किसी के आगे झुकेंगे नहीं/उदासी के लिए अब कोई जगह नहीं/...हम भगवान शिव के सेवक हैं/किसी की प्रजा नहीं।" अनुमान किया जा सकता है कि अगर नेहरू के समक्ष अप्पर कि कविता का अंश पढ़ा गया होगा, तो यह अंश नहीं रहा होगा। नये संसद भवन के उद्घाटन-दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष के आसन के बगल में 'सेंगोल' को प्रधानमंत्री ने स्थापित कर दिया है। उन्होंने इसे साष्टांग प्रणाम भी किया। भाजपा के सी.आर.केसवन साफ शब्दों में अपने एक लेख (द इंडियन एक्सप्रेस, 27 मई 2003) में संसद में 'सेंगोल' को 'धर्म के शासन का प्रतीक' कह रहे हैं और द्रमुक नेता टी के एस इलगोवन कह रहे हैं कि 'सेंगोल' राजशाही का प्रतीक था, न कि लोकतंत्र का। यह राजनीतिक दलों द्वारा नहीं, बल्कि मठ द्वारा दिया जाता है।



द्रमुक के संस्थापक और तमिलनाडु के प्रथम गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री कांजीवरम नटराजन अन्नादुरै (सी एन अन्नादुरै) का 24 अगस्त 1947 को तमिल साप्ताहिक 'द्रविड़नाडु' में नेहरू और 'सेंगोल' से संबंधित एक लेख प्रकाशित हुआ था। अपने इस लेख में अन्नादुरै ने तीखी आलोचना की थी और यह सवाल किया था कि 'थिरूवदुथुरई अधीनम' ने पंडित नेहरू को 'सेंगोल' क्यों दिया? 'क्या यह एक उपहार था? एक प्रसाद था? एक लाइसेंस फी' थी? अन्नादुरै ने इसे 'अनावश्यक' कहा था और इसमें, इस संकेत में उन्होंने एक गंभीर अर्थ' देखा था। उन्होंने खतरे के बढ़ने की बात भी कही थी। उन्होंने अपने उस लेख में नेहरू के लिए जो कुछ शब्द कहे थे उसे पढ़ा-समझा जाना चाहिए पर 'सेंगोल' की व्यापक चर्चा में अन्नादुरै के इस लेख का बहुत कम जिक्र है, जो 'द सेंगोल डज नाट बोड वेल' शीर्षक से वी गीता द्वारा अनूदित रूप में (इंडियन एक्सप्रेस, 29 मई 2023) प्रकाशित है। अन्नादुरै ने नेहरू को दिये अधीनम के उपहार (एक स्वर्ण छड़ी के रूप में इलाहाबाद म्यूजियम में सुरक्षित और 4 नवम्बर 2022 से नेशनल म्यूजियम में मौजूद) को लोगों के श्रम से जोड़ा, इसके स्वर्ण-मूल्य को उनके द्वारा दिये जाने की बात कही जिन्हें रात-दिन भूखे रहने वाले गरीबों की कोई चिन्ता नहीं है, जो दूसरों के धन का दुरूपयोग करते हैं, ईश्वर को धोखा देते हैं। अन्नादुरै ने इस राजदण्ड को स्वीकार किये जाने को शरीर और मस्तिष्क का शोषण करने वाले लोगों से जोड़ा है। उन्होंने लिखा कि यह नेहरू को प्रेम-प्रतीक के रूप में दिया गया उपहार नहीं है और न यह राष्ट्र प्रेम की अभिव्यक्ति है। बड़ी बात उन्होंने यह कही कि भारत के भविष्य के शासकों से किया गया यह आग्रह है कि वे अधीनम की सम्पत्ति न लें। इसे देकर शासक से अधीनम अपनी मैत्री स्थापित करना चाह रहा है, जिससे वे सुरक्षित रह सकें। इन 'तपस्वियों' के अधिकार में जितना स्वर्ण है, इसे जब्त कर सब की भलाई में खर्च किया जाय तो यह राजदण्ड एक सजावटी प्रतीक के रूप में बंद हो जाएगा और सामान्य लोगों के जवीन को विकसित करने का साधन बन जाएगा।

नेहरू ने राजदण्ड (एक स्वर्ण छड़ी) को एक उपहार के रूप में ग्रहण कर इलाहाबाद संग्रहालय में रखवा दिया। आज नेहरू से दो प्रकार के लोगों को शिकायतें हो सकती हैं। पहली यह कि उन्होंने उस समय हिन्दू धार्मिक रीति को महत्व क्यों दिया, जब कि वे 'सेकुलर' थे। 1920 के दशक से ही ऐसे कांग्रेसी कम नहीं थे, जो गहरे रूप से हिन्दू सभा से जुड़े थे। आजादी के पहले नेहरू द्वारा धार्मिक रीति-रिवाजों के बिल्कुल परहेज से कांग्रेस के भीतर जो तूफान आता, उसकी हम आज कल्पना नहीं कर सकते। दूसरी शिकायत अन्नादुरै की है क्योंकि नेहरू की छवि 'समाजवादी' की थी। उस समय नेहरू यह रास्ता अपना नहीं सकते थे। देश में तब आग लगी हुई थी और नेहरू मजबूर थे। तमिलनाडु के शैव मठों के पास आज भी सैकड़ों करोड़ों की सम्पत्ति सुरक्षित है। देश के मंदिरों में प्रतिदिन करोड़ों रुपये चढ़ाये जाते हैं।

संसद भवन के उद्घाटन के बाद अब भारतीय लोकतंत्र और संविधान क्या मात्र कहने के लिए है? 'सेंगोल' का अगर 'न्याय' से संबंध है, तो न्यायपालिका किसलिए है? जिस 'न्यू इंडिया' की बात बार-बार कही जाती है, वह 'हिन्दू इंडिया' है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री का चित्र शैव मठों के प्रमुखों के साथ है। 21 शैव मठों के प्रमुख की उपस्थिति और 21 विपक्षी दलों द्वारा किया गया बहिष्कार! क्या अद्भुत संख्या-संगति है। संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की अनुपस्थिति का अर्थ क्या संविधान की अवमानना से नहीं है? अब संविधान नहीं, सेंगोल महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने अपने को बार-बार जनता का सेवक कहा है। क्या सेंगोल का आगमन हिन्दू राष्ट्र का आगमन है? यह सब तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के पहले और आरएसएस की जन्मशतवार्षिकी के पहले का दृश्य है।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# पहलवानों का आन्दोलन और कुछ जलते सवाल

## प्रसंगवश



**जयप्रकाश नारायण**

28 मई पहलवानों के आंदोलन का 36 वां दिन था। इसी दिन नई संसद का लोकार्पण होने जा रहा था। सुबह से ही संसद भवन की भव्यता, उसकी वास्तुकला, मोदी और संघ के भावी भारत के विजन और हजारों विशेषताओं व खूबियों के साथ मोदी की महानता की अनंत गाथाएं मीडिया संस्थानों, चैनलों से अनवरत प्रसारित की जा रही थी। जब संसद का भव्य समारोह चल रहा था, उससे कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही भारत के मेडलिस्ट धरनारत महिला पहलवान संसद के समक्ष महिला पंचायत करने के लिए सड़कों पर मार्च करने की कोशिश कर रही थीं। और जो हुआ, वह देश-दुनिया के सामने है। जगह-जगह किसान नेताओं और महिलाओं को आने से रोका जाने लगा। सिंधू, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर बैरिकेडिंग की गई। महिला सम्मान पंचायत में भाग लेन के लिए आने वाले किसानों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई की गई। महिला पहलवानों के साथ जो कुछ हुआ, वह मोदी के अमृत काल में 75 वर्ष के लोकतांत्रिक भारत के इतिहास का सबसे क्रूर अमानवीय कृत्य था। महिला पहलवानों को घसीटा गया, पीटा गया, अपमानित किया गया । उनके कैंप को हटा दिया गया और उन्हें अलग-अलग थानों में बंद कर मानसिक रूप से उत्पीड़ित किया गया है।

महिला पहलवानों के धरने के पीछे कौन से जलते हुए सवाल हैं जिनको लेकर ओलंपिक एशियाई और कॉमनवेल्थ में स्वर्ण पदक से लेकर अनेकों पदक दिलाने वाले महिला पहलवान अन्य पहलवानों के साथ धरने पर बैठी हैं। उनके सवाल बहुत सीधे हैं। कोई घुमावदार उलझी हुई कहानी नहीं है जिसकी सच्चाई तक पहुंचने में अमित शाह की पुलिस को चार-पांच महीने लगा देने पड़े। उनके सीधे सवाल हैं कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष स्वनामधन्य बृजभूषण शरण सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पहलवानों ने कहा था कि पिछले 10 वर्षों से वह हम महिला पहलवानों को नोच खाए जा रहा था। लेकिन हम कुछ न कर पाने में मजबूर थे। हम पीड़ित महिला पहलवानों के साथ बैठकर थोड़ा रोकर हल्के हो लेते थे। लेकिन अब पानी सर के ऊपर बह रहा है । इसलिए हम आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे कोई दुसरा ऐसा उनके साथ कभी न कर सके। हमें मजबूर होकर धरने पर बैठना पड़ा। कुश्ती संघ के अध्यक्ष को अगर कोई इंसानियत के किसी भी पहलू से तौलने कि कोशिश करता है तो मुझे लगता है कि वह व्यक्ति इंसानियत के सामान्य वसूलों और मूल्यों से पूर्णतया अनभिज्ञ है। साथ ही वह किसी खतरनाक मनुष्य विरोधी विचारधारा से प्रेरित भी है ।

इसलिए महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रथम दृष्टया किसी भी तरह की शंका इसलिए नहीं होती कि उन्होंने किसी निजी उद्देश्य से ऐसा कदम नहीं उठाया है । जो लोग देवीपाटन और अयोध्या मंडल में बृजभूषण शरण सिंह के बारे में आमजन में फैली हुई धारणाओं और कारनामों के बारे में जानते और समझते हैं, उन्हें निश्चय ही पहलवानों के भविष्य और जिंदगी को लेकर गंभीर चिंताएं सता रही होंगी। पिछले 12 वर्षों से कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ने अपने अनुरूप जो ढांचा खड़ा किया है आने वाले समय में उसकी जड़ों को मिटाना खेल संघों के लिए बहुत मुश्किल होगा। हम नहीं जानते कि भारतीय ओलंपिक संघ के संपूर्ण परिक्षेत्र में कितने और भूषण पल बढ़ कर मोदी सरकार के संरक्षण में सुरक्षित खेल खेल रहे हैं। लेकिन कम से कम 7 महिला पहलवानों ने आगे आकर यह तो बता ही दिया कि मोदी राज के अंदर संस्थानों के भीतर किस तरह की घिनौनी और बर्बर घटनाएं घटित हो रही हैं। सबसे पहले महिला पहलवानों को सलूट किया जाना चाहिए कि एक कठिन दौर में उन्होंने जिंदगी को दांव पर लगाकर अपने साथ हुए अन्याय को राष्ट्र के समक्ष उजागर करने का साहस किया।

हम सभी जानते हैं कि भाजपाइयों पर बलात्कार की शिकार महिलाओं के साथ गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश तक क्या क्या क्रूरतायें बरपा करने के आरोप हैं। हम सिर्फ उन्नाव की बेटी के साथ कुलदीप सेंगर द्वारा की गई श्रृंखलाबद्ध अपराधों की फेहरिस्त को देखते हैं तो कलेजा दहल जाता है । लड़की और उसके परिवार को तबाह कर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सरकार द्वारा बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छोड़कर भारत की उन सभी बेटियों को और बलात्कारियों अपराधियों को एक संदेश दिया था कि जो बेटियां बलात्कार और क्रूरता का शिकार होंगी उन्हें कभी न्याय नहीं मिलेगा। ऐसे अपराधियों को किसी तरह की सजा नहीं दी जाएगी। भाजपा सीना तान कर बलात्कारियों के साथ खड़ी है । सोचता हूं कि कोई साहसिक फिल्मकार कुश्ती महासंघ की आंतरिक गाथा, उन्नाव हाथरस और कटुआ की घटना पर फिल्म बनाये तो वह फिल्म कश्मीर फाइल्स और केरला स्टोरी से कई गुना यथार्थवादी और भारत के लोकतंत्र के लिए समर्पित फिल्म होगी। उससे भारतीय समाज के अंदर मौजूद मर्दवादी हिंदुत्व का असली चेहरा नंगा होकर सामने आ सकता है। मोदी राज की सच्चाई को समझते हुए महिला पहलवानों ने हजार बार सोचने के बाद ही आंदोलन पर जाने का फैसला किया होगा। वे आंदोलन के कारण जटिल होने वाली परिस्थितियों और उनके सामने मोदी सरकार द्वारा खड़ी की जाने वाली मुसीबतों की भयावहता से पूर्णतया वाकिफ रही होंगी।

हो सकता है कि उन्हें यह भ्रम रहा हो कि जब वह पदक जीतकर भारत लौटी थी तो प्रधानमंत्री ने किस तरह से उन्हें नाश्ते पर बुलाकर उनका स्वागत किया था और हौसला अफजाई की थी। उस समय उनके हाव-भाव से ऐसा लग रहा था कि पहलवानों के सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। इसलिए उन्हें उम्मीद रही होगी कि प्रधानमंत्री जी उनके दर्द को समझेंगे । इधर कुछ वर्षों से प्रधानमंत्री जी मुस्लिम महिलाओं के दर्द से द्रवित होते दिख रहे थे। इसलिए यह भी सोचा होगा कि वे हिंदू बेटियां हैं, दूसरे भारत का सम्मान विश्व मंच पर ऊंचा करके लौटी थीं। शायद उन्हें यह नहीं मालूम था कि मोदी खुद कह चुके हैं कि वे दूसरी मिट्टी के बने हुए हैं। इसलिए जब वह दोबारा धरने पर वापस लौटी तो शायद सब कुछ समझ चुकी थी। पहलवानों ने भविष्य में महिला कुश्ती में आने वाली बेटियों के इज्जत और सम्मान के साथ खेल संघों में व्याप्त अमानवीय स्थितियों से लड़ने का फैसला किया और उन्होंने खेल संघों में लोकतंत्र को बचाने की सबसे लंबी और कठिन लड़ाई के मोर्चे पर जाने का निर्णय लिया होगा। वे बिके हुए मीडिया व प्रचारतंत्र और भाजपा के आईटी सेल द्वारा फैलाए जाने वाले गंध और पुलिस के दुरुपयोग की समस्त संभावना पर विचार करने के बाद ही आंदोलन के मैदान में वापस आयीं।

कुछ तथ्य - विनेश फोगाट ने मीडिया को बताया की सितंबर में उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलकर बृजभूषण के कारनामों के बारे में बताया था। उनका कहना है कि दो बार प्रधानमंत्री जी को कुश्ती संघ में चल रहे बच्चियों के यौन उत्पीड़न के बारे में अवगत करा चुकी है । दूसरा- उनका कहना है कि जब मैंने प्रधानमंत्री जी को इस मामले में जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि 'मैं हूं ना चिंता करने की जरूरत नहीं है।' लेकिन ठीक दूसरे दिन से ही कुश्ती संघ के अध्यक्ष की तरफ से उनके परिवार को धमकियां मिलने लगीं।

अभी कुछ समझने के लिए और बाकी था क्या? किसने बृजभूषण को पहलवानों की शिकायत से अवगत कराया। प्रधानमंत्री, खेल मंत्री या किसी अधिकारी ने । अगर इसकी जांच हो तो बहुत ऊपर तक इसके लिंक जाएंगे । अभी तक बृजभूषण खुला घूमता हुआ महिला पहलवानों के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी कर रहा है। उसके पीछे खड़ी ताकत को देखने की जरूरत है। यह स्पष्ट है कि कुश्ती संघ में जो कुछ हो रहा है, उससे मोदी सरकार पूरी तरह से वाकिफ है । यही नहीं सरकार के अंदर एक ऐसा नेटवर्क मौजूद है जो जगह-जगह महिलाओं के खिलाफ इस तरह के कुकृत्य में पूरी तरह से संलग्न रहा है। बच्चे बच्चियों के भविष्य के साथ घिनौना खेल के बारे में विनेश फोगाट से जब पूछा गया कि इस तरह की शिकार कितनी लड़कियां हो सकती हैं। तो उन्होंने कहा क्या बताऊं, एक दो तीन की बात नहीं ज्यादा हो सकती हैं।

यह सुनकर मेरी जेहन में वे दो घटनाएं घूम गई थी कि दो प्रचारक दो राज्यों के राज्यपाल बनाए गए थे। उन्होंने राजभवन को ही हरम में बदल दिया था। वीडियो सामने आने के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। लेकिन उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

तीसरी घटना संभवत 2016 के लखनऊ कैंप की है ।जहां सुमन कुंडू (राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट) प्रशिक्षण के लिए गई हुई थी । उनके पति जो फिजियोथैरेपिस्ट हैं उन्हें कुश्ती महासंघ ने वहां बच्चों को थीरैपी देने के लिए एसाइन किया था। पहले तो कुछ दिन उनके समझ में बातें नहीं आई । बाद में उन्हें लगा कि कैंप में कुछ गंभीर घटित हो रहा है जिसमें कोच के कर्मचारी और भाजपा नेता के करीबी शामिल हैं। कोच सहित सभी लोग बच्चियों को बहला-फुसलाकर भविष्य के स्वर्णिम सपने दिखाकर नेता जी से मिलने के लिए उनके पास ले जाते थे । आमतौर पर यह काम रात के समय होता था। सुबह बच्चियां बहुत बुरी स्थिति में वापस लौटती थी। मुहावरा है कि 'अपराध छुपाए नहीं छुपता। अपराधी कोई न कोई निशान छोड़ जाता है।' आधुनिक प्रशिक्षित अपराधी भी इससे बच नहीं सकते।

फिजियोथैरेपिस्ट मालिक ने इसकी शिकायत कोच और कैंप के अधिकारियों से की। लेकिन सभी की नजरें इनके खिलाफ टेढ़ी होती गई। वही स्वयं अवांछनीय तत्त्व के रूप में देखे जाने लगे। बच्चियों की हालत देखकर जब वह अंततोगत्वा हार थक गए तो उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर सारी घटना को प्रेस के समक्ष रख दिया । परिणाम गंभीर हुआ। उन्हें उनकी पत्नी सुमन कुंडू सहित (जो राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेलने के लिए पूरी तरह से हकदार थी) सुबह कैंप से बाहर कर दिया गया। इसके बाद किसकी हिम्मत होगी कि वह शिकायत करे। इसके बाद 10 वर्षों से अपराधी स्वच्छंद होकर अगला शिकार तलाशते रहे हैं।

अभी विनेश फोगाट ने 4 दिन पहले आरोप लगाया कि बृजभूषण जब राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ जाते थे तो अपना कमरा लड़कियों के कमरे के बगल में ही बुक कराते थे। कभी-कभी एक कमरे में आठ-दस लड़कियां सुबह रोती मिलती थीं।

ये कुछ चंद घटनाएं हैं जो कुश्ती संघ के अध्यक्ष के कारनामों कोअभिव्यक्त करने के लिए काफी है। फोगाट ने कहा कि हम सब लोग उस समय साथ रोकर अपना गम हल्का कर लेते थे।

संघ की महिला दृष्टि-संघ से जुड़े साधु संत यहां तक साध्वियां और नेता तक महिलाओं को लेकर समय समय पर अनर्गल प्रलाप किया करते हैं । औरतों के कपड़े, खाने पीने के तरीके, परिवार के साथ रिश्ते, उनके जीने की आजादी और यहां तक कि बच्चा पैदा करने के उनके निजी जीवन तक के बारे में उनके 'अमृत वचन' सामने आते रहते हैं। जब धर्म संसदो में कथित धमार्चार्यों द्वारा हिंदू महिलाओं को चार-चार बच्चा पैदा करने की सलाह दी जाती है तो किसी सांस्कृतिक संघी की भावना आहत नहीं होती। और इन संतों के खिलाफ कोई केस फाइल नहीं होता। हिंदुत्व के पूरे दर्शन में ही महिला कहीं से बराबरी की हकदार नहीं है।



हर धर्म में लगभग यही स्थिति होती है। महिलाएं वहां पुरुषों की सेवक, सहचरी, अनुगामी अंततोगत्वा पुरुष की निजी संपत्ति में बदल दी जाती हैं। संघ की विचार प्रक्रिया की संपूर्ण चेतना में महिलाओं की अधीनता बहुत बारीकी से अंतर्निहित है। इसलिए यह उम्मीद करना यौन उत्पीड़न पर यह सरकार कोई कार्रवाई करेगी खुद को मुगालते में रखना होगा।

हम जिस सामाजिक जमीन पर खड़े हैं, उसमें महिलाओं को अपने अधिकार हासिल करने के लिए एक-एक इंच लड़ना पड़ता है। संपन्न और सक्षम महिलाओं की जब यह स्थिति है तो आप कल्पना कर सकते हैं कि दलित, मजदूर, आदिवासी महिलाओं के साथ सरकार, पुलिस और संघ के मोरल पुलिसिंग वाले क्या-क्या करते होंगे। महिलाओं को स्वतंत्रता, राजनीतिक बराबरी, समानता और न्याय हासिल करने के लिए सैकड़ों वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा है। तब जाकर सिर्फ राजनीतिक बराबरी का अधिकार मिला। हमारा सामाजिक ढांचा हिंदुत्व की वर्ण व जाति व्यवस्था पर आधारित है जो स्वयं में ही लोकतंत्र विरोधी ढांचा है। इसको खत्म किए बिना महिलाओं को पूर्ण आजादी मिल पाना संभव नहीं होगा। शक्ति संपन्न बृजभूषण शरण सिंह इस बात से आश्वस्त हैं कि संघ नीति और मोदी सरकार के रहते उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी।

किसी लोकतंत्र के दो मौलिक आधार होते हैं । एक- महिलाओं की गरिमा की रक्षा करना। दो - अल्पसंख्यकों, दलित और कमजोर वर्गों की सुरक्षा तथा विविधताओं को सम्मान देना । 28 मई को दोनों को रौंदा गया। मोदी राज ने इन दोनों बुनियादी प्रस्थापनाओं को कूड़ेदान में फेंक दिया। चोल वंशी हिंदू राजा के (एक डंडा) राजदंड को लोकसभा में प्रतिस्थापित करते हुए और महिला पहलवानों को संसद जाते हुए सड़क पर घसीट कर जेलों में बंद करते हुए मोदी सरकार ने ऐलान कर दिया कि लोकतांत्रिक भारत की अंतर्वस्तु आज से खत्म की जाती है । अब संविधान से सरकार को कर्तव्य के बोध का निर्धारण नहीं होगा ।

28 मई भारतीय समाज और लोकतंत्र के लिए सभी पैमाने पर एक ऐतिहासिक काला दिन बन गया है। महिला पहलवानों तथा किसानों के साथ हुई बर्बरता और नई संसद के उद्घाटन के नाम पर पिछड़े गैर लोकतांत्रिक हिंदुत्व के मूल्य और प्रतीकों को बहुमत के नाम पर थोपने की जो कोशिश हुई है। वह निश्चय ही भारतीय समाज के लिए बुरे वक्त का संकेत है। अगर आपको कल की घटनाओं की हकीकत को समझना है तो मोदी भक्त पूर्व सेवानिवृत्त आईपीएस एनसी अष्ठाना के खतरनाक ट्विट को याद कर लीजिए जो 28 मई की घटना के बाद ट्वीट किया गया था। बजरंग पुनिया के ट्विट के जवाब में दुस्साहस से कहता है कि अभी तुम्हें कचरे की तरह बोरे में भरकर फेंका गया है । कल समय आने पर पुलिस तुम्हें सीने पर भी गोली मार सकती है। उसके लिए संविधान में उपयुक्त धाराएं मौजूद है। वह खुद संविधान में दिए गए नागरिक और मानवाधिकार की गारंटी देने वाली धाराओं को पढ़ने की जगह पहलवानों को पुलिस मैनुअल की धाराएं पढ़ने की चेतावनी देता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 94158 35719)**

# ननिहाल में आए बालक की पोखरे में डूबने से मौत

**दुखद**

**गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया शव**

**जनसंदेश न्यूज**


पोखरे में शव की तलाश करते गोताखोर व जुटी भीड़।

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंजान शहीद गांव स्थित पक्का पोखरा में ननिहाल में आए बालक की डूबने से मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

अरहान 15 वर्ष पुत्र सुफियान निवासी प्लस थाना बेलीपार, जनपद गोरखपुर अपने ननिहाल अंजान शहीद में अपने मामा अफरोज पुत्र फरियाद के घर पर शादी समारोह में आया हुआ था। गांव के बच्चों के साथ पोखरे में नहाने चला गया। पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। बच्चों के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर जुट गए और जीयनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने बालक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृत बालक दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। घटना के बाद से मामा और मामी व माता अमीना का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विद्युत चोरी में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** जिला पुलिस प्रवर्तन दल व स्थानीय बिद्युत अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण में विद्युत चोरी कर रहे आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। 25 विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर विद्युत मीटर लगाया गया वहीं एक लाख रुपये मौके पर बिद्युत बकाया राजस्व की वसूली की गयी। जिला बिद्युत प्रवर्तन दल व फूलपुर विद्युत उपखण्ड अधिकारी अभियंताओं की संयुक्त टीम बना कर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधूपुर रामपुर जमालपुर खानपुर चितरावल आदि गावों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत जमालपुर में चार विद्युत उपभोक्ता मीटर बाईपास के माध्यम से विद्युत चोरी करते हुए पाए गए जिनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। वहीं ग्राम पंचायत मधूपुर में बकाया पर विद्युत बिच्छेदन के बाद पुनः चोरी से बिजली का प्रयोग कर रहे दो उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। वहीं 25 विद्युत उपभोक्ताओं के घर मीटर लगाया गया। बकायादारों द्वारा मौके पर एक लाख रुपया जमा किया गया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी बिद्युत बिनोद कुमार, अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह, मनीष कुमार, आसुतोष गुप्ता, अशोक कुमार सिंह, श्यामनाथ, रामकेवल भारती, सर्वेश कुमार, कोमल प्रसाद, प्रशांत कुमार, रघुनाथ आदि उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** बीएसएनएल संगठन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बीएसएनएल इम्पलाइज यूनियन और एनएफटी के संयुक्त मंच के तत्वावधान में गुरूवार को बीएसएनएल कर्मियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सिविल लाइन में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बीएसएनएल कर्मियों ने वेतन पुनः निरीक्षण, 4जी, 5जी के नवीन पदोन्नति नीति के निराकरण की मांग उठाते हुए विभागीय व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग किया।


सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन करते बीएसएनएल कर्मी।

बीएसएनल यूनियन के जिला सचिव आंनद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार खुद को विकास की सरकार बता रही है लेकिन बीएसएनएल के प्रति वे अत्यंत ही उदासीन रवैया अख्तियार किए हुए है। जबकि सरकार को बीएसएनएल को संचार क्रांति के रूप में पूरे विश्व में उदाहरण के तौर पर स्थापित किया जाना चाहिए था। लेकिन आज बीएसएनएल को लगातार गर्त में ढकेलने का कुचक्र रचा जा रहा है। बीएसएनएल कर्मी वेतन, पेंशन और अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं। उन्होंने संगठन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर इयू के सभी सर्कल, यूनियनों, पेंशनभोगी मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांगों को पूर्ण कराए जाने की मांग किया। इस अवसर पर हरीदरश राय एनएफटी, प्रशांत कुमार यादव, परमेश्वर शाह, किस्मती देवी, संतोष कुमार सिंह, अविनाश मौर्य, कामता प्रसाद, लालसा यादव, सुखारी प्रसाद, राज मंगल यादव, माता प्रसाद यादव, तौफीक आलम आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शिविर में अपडेट किये गये किसानों के कागजात



**लालगंज (आजमगढ़)।** गुरुवार को पंचायत भवन पर ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर या बीटीएम अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जेहतमंदपुर में ग्राम प्रधान मंसूर अहमद की उपस्थिति में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र व्यक्तियों के कागजात को अपडेट किये जाने को लेकर प्रातः नौ बजे से पीएम किसान सम्मान संपूर्ण संतृप्तिकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान मंसूर अहमद के साथ अबुल जैश खान, शफीक अहमद, मंसूर आजमी आदि की मौजूदगी में समाचार लगाए जाने तक 50 पात्र लाभार्थी किसानो की समस्याओं का समाधान किया जा चुका था। बीटीएम अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान 10 जून तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के कर्मचारियों को एक दो न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव के लोगों के खाते को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर सेक्रेटरी श्यामलाल गौतम, आईपीपीबी शैलेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त ओएसडी को दी गयी विदाई



**आजमगढ़।** विरेन्द्र कुमार मिश्रा, विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी), 31 मई को अपने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त के फलस्वरूप जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा कैम्प कार्यालय पर विदाई समारोह में शाल व पुष्प गुच्छ से सम्मानित करते हुए विदाई दी गयी। जिलाधिकारी ने विरेन्द्र कुमार मिश्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। विदाई समारोह के दौरान बताया गया कि श्री मिश्रा, जिलाधिकारी के साथ वर्ष 1989 से लगातार कार्यरत थे, जिसमें वर्ष 1989 से लेकर वर्ष 2003 तक आंशुलिपिक, व्यक्तिक सहायक तथा 2003 के उपरान्त सेवानिवृत्ति तक विशेष कार्याधिकारी के रूप में कार्य किया। श्री मिश्रा मृदुभाषी एवं कार्यकुशल कर्मचारी थे, इनका व्यवहार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बहुत ही उत्तम था। इस अवसर पर शिवकुमार विश्वकर्मा, विजय यादव, शाहिद खान, रामसेवक राम, विनय सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रंजित यादव, त्रिवेणी शाह व रामअवध गोंड़ उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह बाद भी नहीं हो सका चोरी की घटना का पदार्फाश

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के चकरोवा गांव में एक सप्ताह पूर्व मकान में चोरी की घटना के एक सप्ताह बाद भी खुलासा न होने पर परिजनों में रोष है। निजामाबाद थाना क्षेत्र के चकरोवा गांव में 25 मई की रात पूनम देवी के मकान में रात में चोर प्रवेश कर बक्सा, अटैची उठा ले गये थे। चोरों के हाथ सत्तर हजार नकदी के साथ सोने चांदी के आभूषण समेत दो लाख का माल लगा था। घटना के दूसरे दिन पीड़ित ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर शांत हो गयी। इधर पीड़ित घटना के खुलासा के लिए उच्चधिकारियों से गुहार लगाई है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, सामान जलकर राख

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के राजापुर सिकरौर गांव में गुरुवार को दोपहर अज्ञात कारणों से घर के दूसरे मंजिल के एक कमरे में आग लगने से लगभग पांच लाख का सामान जलकर राख हो गया। राजापुर सिकरौर गांव निवासी नसीब पुत्र वहाबुद्दीन अपने घर के दूसरे तले पर एक कमरा बनाकर रहता है जिसमें गुरुवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। कमरे में रखे सारे सामान जलकर राख हो गए। किसी तरह से ग्रामीणों ने अपने निजी पंप सेट चलाकर आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाते कि घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया था।

### श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भण्डारे का प्रसाद

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के रतुआपार में श्रीमद् भागवत पाठ ज्ञान यज्ञ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। मानस मर्मज्ञ कथावाचक द्वारा रामकथा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को अमृतमई रामकथा का रसपान कराया गया। रामकथा समापन के उपरांत मंगलवार की शाम विशाल भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में दौरान हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चंद्र विजय सिंह, रणविजय सिंह, चंद्रशेखर सिंह उर्फ शेखर सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शंभूनाथ सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व प्रबंधक डॉ.सुशीला ग्रामीण पीजी कॉलेज रतुआपार डा.सुशीला तिवारी, आदि मौजूद रहीं।

### बंदरों के आतंक से परेशान हैं निजामाबाद निवासी

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** बंदरों का आतंक निरंतर बढ़ने से निजामाबाद कस्बे के लोग परेशान हैं। बुधवार को बाजार वासियों ने बन्दरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए उपजिलाधिकारी प्रेमचन्द मौर्य को ज्ञापन दिया। विजय सोनकर ने बताया कि क्षेत्र के लोग प्रशासन से बार-बार बंदरों से छुटकारा दिलाने की मांग करते रहे हैं। लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। निरंतर कस्बे में बढ़ रही बंदरों की संख्या के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। बंदरों से बचने के लिए लोग हजारों रुपए खर्च करके लोहे के जाल लगवा रहे हैं। बंदर हर रोज किसी न किसी वार्ड में बच्चों, बुजुर्गों, राहगीरों महिलाओं को काट रहे हैं। प्रमोद पांडेय कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह बंदरों को पकड़वा कर इनके आतंक से छुटकारा दिलाए। जिससे कि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। इस अवसर पर अखिलेश पाठक, पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जनपद स्तर पर एसपी ने पांच गैंग को किया सूचीबद्ध

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पशुतस्कर, आपराधिक, लैंगिक दुराचारी व शराब तस्कर से संबंधित कुल 5 गैंग को पंजीकृत किया है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि थाना सरायमीर से अभियुक्त मिर्जा आजम पुत्र इस्तियाक अहमद निवासी अबडीहा थाना सरायमीर, गैंग को जनपद स्तर पर 'सूचीबद्ध' किया गया है। इसका कोड 'डी-168' होगा। जिसके सदस्य अब्दलु कलाम पुत्र मोहिउद्दीन निवासी अबडीहा थाना सरायमीर, भारत यादव पुत्र जंगी यादव निवासी मंजीरपट्टी थाना सरायमीर हैं।

इसी क्रम में अभियुक्त सूरज गुप्ता पुत्र रामसरन गुप्ता निवासी चकिया कसरावल, थाना मेंहनजापुर गैंग को जनपद स्तर पर 'सूचीबद्ध' किया गया है। इसका कोड 'डी-169' होगा। जिसके सदस्य अभियुक्त गोविन्द मौर्य पुत्र रामफल मौर्य निवासी पुरानी बाजार मेंहनाजपुर है।

इसी प्रकार अभियुक्त रामनयन यादव पुत्र स्व.अवधू यादव निवासी कलन्दरपुर, थाना गम्भीरपुर गैंग को जनपद स्तर पर 'सूचीबद्ध' किया गया है। इसका कोड 'डी- 170' होगा। जिसके सदस्य अभियुक्त भोरिक यादव पुत्र जगरनाथ यादव निवासी कलन्दरपुर, थाना गम्भीरपुर है।

इसी प्रकार अभियुक्त करन उर्फ डब्बू राजभर पुत्र केदार राजभर निवासी पुष्पनगर (पूक) थाना दीदारगंज गैंग को जनपद स्तर पर 'सूचीबद्ध' किया गया है। इसका कोड 'डी- 171' होगा। जिसके सदस्य बब्लू राजभर महेन्द्र राजभर निवासी पुष्पनगर (पूक) हैं।

इसी क्रम में अभियुक्त सोनू यादव पुत्र इन्द्रदेव यादव उर्फ टिल्ठू यादव निवासी सैदपुर थाना कंधरापुर गैंग को जनपद स्तर पर 'सूचीबद्ध' किया गया है। इसका कोड 'डी- 172' होगा। जिसके सदस्य गिरधारी सिंह पुत्र अमरदेव सिंह, अमरदेव सिंह पुत्र कतवारू सिंह निवासीगण देवखरी थाना कंधरापुर हैं।

## धोखाधड़ी में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के कनैथा गांव निवासी अमित यादव पुत्र रामजीत यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कनैथा गांव निवासी सोहन पुत्र रमेश व गांव के पूर्व प्रधान के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि सोहन पुत्र रमेश यादव गलत तरीके से जालसाजी करके अपना पासपोर्ट बनवा लिए हैं जिसका सत्यापन पूर्व प्रधान द्वारा सही प्रमाणित किया गया है जबकि सोहन की जगह कृष्ण मोहन के नाम से पासपोर्ट बनवाया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सरायमीर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ पासपोर्ट में हेराफेरी करने के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा लिख लिया गया है जांच चल रही है इस संबंध में पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि मैंने आवेदक का परिवार रजिस्टर नकल पैन कार्ड आधार कार्ड आवेदक के बयान हलफी को देखते हुए पहचान किया है।

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में व्यापारियों ने दिया धरना

**जनसंदेश न्यूज**


सड़क पर प्रदर्शन करते जहानागंज के व्यापारी।

**जहानागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत के मिश्रा मार्केट में अतिक्रमण हटाने को लेकर गुरुवार को व्यापारी दुकानें बंद कर सड़कों पर उतर आए। अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पंचायत की टीम एवं व्यापारियों के बीच जमकर बहस हुई। मौके पर पुलिस फोर्स भी पहुंच गयी। लामबंद होकर व्यापारियों ने नगर पंचायत जहानागंज के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर धरना देना शुरू कर दिया।

शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। जहानागंज बाजार के मिश्रा मार्केट में भी नगर पंचायत जहानागंज व पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यापारी बृहस्पतिवार को सड़क पर उतर आए। जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों का आरोप है कि बिना चिन्हाकन किए ही प्रशासन द्वारा मकानों को तोड़ा जा रहा है। यदि प्रशासन को अतिक्रमण हटाना है तो पहले चिन्हाकन कर नोटिस जारी करे, इसके बाद कोई कार्रवाई करें। ताकि दुकानदारों का कोई नुकसान न हो। लेकिन प्रशासन के इस रवैये से दुकानदारों को काफी समस्याएं हो रही हैं। व्यापारियों ने तत्काल प्रभाव से इस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर प्रशासन के लिए लामबंद होने की चेतावनी दी है।

# ट्रांसफार्मरों का कराया जाय रूटीन मेंटेनेंस: डीएम

## गर्मी के कारण लोड बढ़ने से जल रहे ट्रांसफार्मर

**जनसंदेश न्यूज**


समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान पाया गया कि गर्मी के कारण लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर जल जा रहे हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता सर्किल-1 को निर्देश दिया कि विभिन्न डिविजनों के एक्सीयन के माध्यम से प्रीवेन्टिव कार्रवाई एवं रूटीन मेन्टेनेंस की कार्रवाई डिविजनवार कराना सुनिश्चित करें।

विभिन्न डिविजनों में बिलिंग प्रतिशत कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने डिविजनों के संबंधित एक्सीयन को निर्देश दिये कि मीटर रीडर के माध्यम से मीटर की चेकिंग कराते हुए बिलिंग प्रतिशत बढ़ायें। विद्युत के जो बड़े बकायेदार हैं, जिनको आरसी जारी की गयी है, उनसे विद्युत देयकों की वसूली के लिए संबंधित एसडीएम व तहसीलदार से समन्वय बनाकर वसूली करायें। जिन डिविजनों में लाइन लॉस एवरेज से ज्यादा है, उन डिविजनों में फीडर वाइज ग्रामों को चिन्हित करते हुए वहां पर कैम्प लगाकर जितने भी कटिया कनेक्शन वाले हैं, उनको स्थायी कनेक्शन में परिवर्तित करायें।

विगत माह की अपेक्षा वर्तमान समय में कलेक्शन गैप की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त डिविजनों के एक्सीयन को निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्रों में जहां पर कलेक्शन गैप ज्यादा है, वहां पर कैम्प लगाकर विद्युत बकायेदारों से विद्युत देयों को जमा करायें। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता विद्युत आशुतोष श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता सर्किल-1 एपी सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम अरविन्द सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के विरोध में धरना 6 को

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में विभागीय आदेशों की अवहेलना तथा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में जनपद के अनेक मदरसों द्वारा 6 जून को एक दिवसीय धरना दिया जायेगा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अनुदानित/गैर अनुदानित मदरसों के शिक्षकों ने बताया कि जिला अल्पस्यंक कल्याण अधिकारी द्वारा मदरसों के शिक्षकों-कर्मचारियों का शोषण दोहन एवं उत्पीड़न तथा विभागीय आदेशों की अवहेलना भ्रष्ट प्रबंध तंत्र को संरक्षण देना, अकारण शिक्षकों-कर्मचारियों का वेतन बांधित करना भ्रष्ट प्रबंध तंत्र से सांठ गांठ करके छात्राओं से अवैध फीस बसूल कराना वेतन बिल पारित करने तथा नियुक्ति जीपीएफ आदि की पत्रावलिया अग्रसारित करने में सुविधा शुल्क वसूलना। आदि मागों को लेकर अनुदानित-गैर अनुदानित मदरसों द्वारा 6 जून को कलेक्ट्रेट के पास धरना दिया जायेगा।

# सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी को दी गयी विदाई

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता को अंगवस्त्र व रामचरित मानस देकर विदाई दी गई। सुरेश चंद गुप्ता मूल रूप से महाराजगंज जनपद के रहने वाले हैं। इसके पहले वे 1995 में पल्हनी ब्लॉक में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। तत्पश्चात 2008 से 2019 तक फूलपुर ब्लॉक में अपनी सेवाएं दी। 2019 से 2023 तक अतरौलिया विकास खंड में कार्यरत रहे। कार्यकाल समाप्त होने पर बुधवार को पूरे सम्मान के साथ उनका विदाई समारोह किया गया। मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत चंद्र प्रकाश दुबे ने उन्हें अंगवस्त्र व रामचरित मानस व ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार ने दीवार घड़ी, अभय यादव ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। पंचायत सहायक महिलाओं ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह भेंट किया।


सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी को घड़ी देते लोग।

सेवानिवृत्त हुए सुरेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बहुत भावुक पल है मेरे पास कुछ कहने के लिए शब्द ही नहीं है। यहां के लोगों के साथ कार्य करने का अनुभव व प्यार और स्नेह मिला जो जीवन में कभी नहीं भूलेगा। आज सेवानिवृत्त होने का गम जरूर है लेकिन यहां के लोगों की याद को संजोना बड़ा मुश्किल काम है। सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ काम किया जिसके लिए आज लोगों का प्यार और विश्वास मिल रहा है। इस मौके पर राजेश वर्मा, राजकुमार, रविंद्र चंद्र वर्मा, शिव शंकर, राधिका, अंचल सिंह, सुमन यादव आदि मौजूद रहे। संचालन वीरेंद्र वर्मा ने किया।

# बुजुर्ग मां संग बेटी ने डीएम से लगायी गुहार

## पति से जबरिया पट्टीदार जमीन करा रहे बैनामा

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के टंडवा (खपुरा) गांव निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग कोमली पत्नी शिवजोर ने मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति शिवजोर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है जिन्हें पट्टीदार रामदयाल पुत्र पराग द्वारा अपने पक्ष में करके पति द्वारा अकारण घर से बाहर निकाल दिया गया। जिसके कारण पीड़िता इधर-उधर भटक रही है जिसका कहीं कोई ठिकाना नहीं लग रहा है।


पीड़िता।

प्रार्थिनी कोमली के पति शिवजोर जो पट्टीदार रामदयाल की साजिश और बहकावे में आकर प्रार्थी की जमीन को अपने नाम करवा रहा है जबकि प्रार्थिनी के पति के अराजियात पर न्यायालय द्वारा चार्ज भी लगा हुआ है। यदि प्रार्थिनी की उक्त भूमि पर रामदयाल काबिज होकर संपूर्ण भूमि अपने नाम बैनामा करवा लेता है तो प्रार्थी दोनों के आतंक व रवैया से काफी आशंकित है और भुखमरी की शिकार हो गयी है।

आरोप लगाया गया है कि यदि उपरोक्त लोग अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे तो प्रार्थिनी आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाएगी। पीड़ित कोमली की पुत्री ने आरोप लगाया कि इस संदर्भ में दोनों पक्षों के बीच स्थानीय थाने पर सुलह समझौता कराया गया था जिसके अनुसार पीड़िता कोमली देवी को सामूहिक मकान में रहने दें जब तक न्यायालय का कोई फैसला नहीं आता है तथा शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कहां गया है। बावजूद इसके 90 वर्षीय बुजुर्ग कोमली को उसके घर में रहने के लिए जगह नहीं मिल रही है जिसे लेकर पीड़िता कोमली पत्नी शिवजोर ने मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## पूर्वांचल जनमोर्चा ने संगठन की मजबूती पर दिया बल

**आजमगढ़।** पूर्वांचल जनमोर्चा का कार्यकर्ता बैठक मोर्चा कार्यालय कलेक्ट्री कचहरी नगर पालिका रोड पर संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला प्रभारी चंद्रमी गौतम एवं संचालन अच्छेलाल चौहान ने किया। मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव मोहन शिल्पकार ने बताया कि अपने संगठन को गतिशील और मजबूत बनाएं सामाजिक ताना-बाना को गतिशील बनाना अतिआवश्यक है। आज। अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना अति आवश्यक है। आज समाज में बहुत ही समस्याओं का अंबार लग गया है। समाज में गरीब वंचित शोषित वर्गों के लिए किसी के पास सोचने उनके लिए करने का समय नहीं है क्योंकि जब वोट लेना रहता है तो सभी लोग आवभगत करते हैं और समाज को धोखा देकर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि 99 प्रतिशत लोगों को प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत किसी को 10000 तो किसी को 20,000 का बैंकों द्वारा लोन देकर आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का काम किया गया है। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत आदि के अधिशासी अधिकारियों द्वारा जबरदस्ती उन गरीबों के ऊपर बुलडोजर चलाकर उनके गुमती और ठेलों को उजाड़ा जा रहा है। अगर समय रहते इस कार्य को पाबंद नहीं किया गया तो पूर्वांचल जनमोर्चा के लोग रोड पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# ब्रेकर हटाये जाने से आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्टेट हाइवे पर चौबीस घंटे के भीतर ही लोक निर्माण विभाग ने जहां रेडिएम लगाया वहीं ब्रेकर ही समाप्त कर दिया। लोकनिर्माण विभाग की इस कार्यशैली से लोगो में आक्रोश व्याप्त है।

स्टेट हाइवे पर आये दिन हो रही दुर्घटना के चलते नागरिक लंबे समय से ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे थे। बेलइसा से रानी की सराय बाजार तक आधा दर्जन ब्रेकर बनाए गये इसमें वीआईपी क्षेत्र मण्डलायुक्त आवास भी शामिल रहा। ब्रेकर के चलते ही अकेले निजामाबाद मोढ़ पर वाहन से टकरा कर जख्मी होने की एक दर्जन घटनाएं हुई थी। रुदरी मोढ़ पर वाहनो की तेज रफ्तार के चलते तीन मौत की भी घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं। घटनाओं को देखते हुए नागरिकों की मांग पर ब्लाक मुख्यालय से लगायत सोनवारा मोढ़ तक ब्रेकर एक माह पूर्व बनाए गये। ब्रेकर बनाने के बाद विभाग इस पर रेडिएम लगाना भूल गया। फिर नागरिकों ने आवाज लगाई तो मंगलवार को लोकनिर्माण विभाग ने रेडिएम लगाया।


निजामाबाद मोढ़ पर ब्रेकर हटाता जेसीबी।

नागरिक प्रसन्न थे कि अब दुर्घटना से राहत मिल जायेगी। इधर गुरुवार को दिन में जेसीबी के साथ पहुंचे लोकनिर्माण विभाग कर्मियों ने निजामाबाद मोढ़ पर बने ब्रेकर को उखाड़ कर साफ कर दिया। विभाग की इस कार्यशैली से लोगो में आक्रोश हो गया। मौके पर कर्मचारियों से पूछा गया तो बताया कि शासन का आदेश है इसलिए समाप्त किया गया। विजय राय, रविन्द्र कुमार, ऋषभ चौरसिया, लालजी आदि का कहना है कि ब्रेकर समाप्त होते ही वाहनो ने रप्तार भरनी शुरू कर दी। ऐसे में दिव्यांग, छोटे बच्चों के साथ सड़क पार करना खतरे से खाली नहीं होगा। इसी मोढ से एक दर्जन स्कूलों के छात्रो का आवागमन होता है। ब्रेकर समाप्त होने से काफी खतरा बढ़ गया। लोगो ने मुख्यमंत्री के आनलाइन पोर्टल पर भी गुहार लगाई है।

# वैज्ञानिक एसके पाण्डेय को किया गया सम्मानित

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा कृषि क्षेत्र में विशिष्ट अनुसंधान के लिए जनपद के मूल निवासी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद गन्ना प्रजनन हरियाणा के प्रधान वैज्ञानिक और अध्यक्ष डॉ. एसके पाण्डेय को अंग वस्त्रम और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के सिविल लाइन स्थित एक होटल पर हुए कार्यक्रम में प्रसिद्ध साहित्यकार प्रभुनारायण पाण्डेय ने एसके पाण्डेय का स्वागत करते हुए कहा कि अपने कर्म में कौशल दिखाकर इन्होंने विशिष्ट स्थान बनाया है।

उन्होंने कहा कि इस धरती के वैज्ञानिक अन्य प्रदेशो में भी अपनी पहचान बनाये हुए हैं। सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने कहा कि डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में वैज्ञानिको ने गन्ना के ऐसे प्रजातियों का अनुसंधान किया है, जिससे गन्ना का उत्पादन इतना बढ़ गया है कि अब हमारे देश से चीनी का निर्यात हो रहा है। अपने स्वागत से अभिभूत वैज्ञानिक डॉ.एसके पाण्डेय ने आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी अनुसंधान कर हम देश और समाज की सेवा में लगे हुए हैं। संचालन संजय कुमार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर राजेश रंजन, अरुण पाण्डेय, यशपाल चौरसिया, वीरेंद्र यादव, मनोज पाण्डेय, रवि पांडेय, विनय गौड़ आदि मौजूद रहे।


डा.एसके पांडेय को सम्मानित करते ईजा के सदस्य।

# पीएम स्वनिधि योजना महोत्सव में पहुंचीं अनुप्रिया

**आयोजन**

**पीएम स्वनिधि महोत्सव में उमड़ी भीड़**

**148 लाभार्थियों ने लिया लोन, काम के साथ आमदनी बढ़ाने का संदेश**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगर के सिविल लाइन स्थित सिटी क्लब परिसर में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र, कमिश्नर डा. मुथू कुमार स्वामी बी., जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पीएम स्व निधि योजना का लक्ष्य पटरी, ठेला एवं छोटे दुकानदारों का मदद करना है।

इसका अधिक से अधिक लाभ उठाए। लोगों की मदद के लिए महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जो लोग खुद का अपना रोजगार करते हैं। चाहे वह ठेला लगाते हो या पटरी पर बैठकर सामान बेचते हो या फिर छोटे दुकानदार हैं। उन सबका काम और आमदनी बढ़े इसके लिए प्रधानमंत्री स्व निधि योजना चल रही है। जिले में पहली बार लोन लेने वालों की संख्या 6300 दूसरी किस्त वालों की संख्या 5200 और तीसरी किस्त के लाभार्थी की संख्या महज करीब 12 हजार हैं। विभिन्न बैंकों से मिल रहे लोन की बदौलत छोटे-मोटे दुकान या व्यापार करने वाला व्यक्ति अपने उद्योग धंधे को बढ़ाकर अपनी आमदनी भी बढ़ा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। मेले में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराने के लिए प्रदर्शनी व स्टाल का लगाया गया था। जिसका केंद्रीय मंत्री और जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/ रा0 शिव प्रताप शुक्ल, परियोजना अधिकारी डूडा प्रतिभा श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह सहित अन्य सम्बन्धि अधिकारी उपस्थित रहें। समृद्धि सम्मान योजना कार्यक्रम में पीओ डूडा प्रतिमा श्रीवास्तव, विवेक मांजरेकर, अनुराग द्विवेदी, प्रकाश मिश्रा, राहुल पांडेय द्वारा पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



स्टालों का अवलोकन करतीं राज्यमंत्री व अन्य



वृद्ध महिला से जमीन पर बैठकर वार्ता करतीं डीएम

### जमीन पर बैठीं डीएम, कहा माताजी मैं तो आपकी बेटी के समान हूँ

**मीरजापुर।** सिटी क्लब में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव योजना के दौरान अजीबो गरीब मामला सामने आया। जिलाधिकारी योजना का लाभ लेने महिलाओं के पास पहुंची थी। उस दौरान किसी लाभार्थी ने उन्हें ॰ नहीं पहचाना। उन्होंने कुर्सी पर बैठी बथुआ निवासिनी मीरा तिवारी नामक महिला लाभार्थी से उनकी बात सुनना आरम्भ किया। खड़ी होकर बात करते-करते वह जमीन पर बैठ गई। महिला ने भी स्नेह मिलने पर जिलाधिकारी को माताजी कहा, इस पर डीएम ने स्नेहिल शब्दों में उन्हें रोकते हुए कहा कि अरे माताजी आप मुझे माताजी मत कहिए मैं तो आपके बेटी के समान हूँ। जिलाधिकारी ने अनेक महिला लाभार्थियों से बात करते हुए उनकी व्यथा को सुना। महिलाओं को जब जमीन पर बैठकर बात करने वाली महिला को जिलाधिकारी होने का पता लगा तो महिलाओं ने ढेरों सारा आशीर्वाद दिया। कहा कि ऐसी अधिकारी सबको मिले । बताया कि उन्होंने लोन दिलाने के साथ ही आवास दिलाने का भी वादा किया है । रामदेई चौरसिया ने भी बात करने वाली महिला के जिलाधिकारी होने का पता लगा तो उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने कहा कि वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित थी। आज मेले में आई थी। एक महिला ने उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया। अपनत्व भरा स्नेह मिला तो आंखें नम हो गई। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बाद में पता लगा कि जिले की डीएम है। यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि जनपद को एक अच्छी जिलाधिकारी नसीब हुई है।

# गैंगस्टर सुल्ताना उर्फ आंटी की अचल सम्पत्ति की गयी कुर्क



महिला की अचन संम्पत्ति कुर्क कराते अधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

राजगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत गुरूवार को मादक पदार्थों की तस्करी व गैंगेस्टर अधिनियम की अभियुक्ता/ गैंग सरगना सुल्ताना परवीन उर्फ आन्टी पत्नी अहमद अली उर्फ बुझारत निवासिनी बुढ़ादेई थाना अहरौरा मीरजापुर के विरूद्ध थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट के विवेचक प्रभारी निरीक्षक थाना राजगढ़ की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के अनुमोदन के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शातिर गिरोह बन्द अभियुक्ता की थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत अवैध रूप से अर्जित अचल सम्पत्ति कुल 04 मकान अनुमानित कीमत 01 करोड़ 12 लाख 67 हजार 02 सौ रुपये को उप जिलाधिकारी चुनार, पुलिस उच्चाधिकारीगण, थाना राजगढ़ व अहरौरा पुलिस बल की उपस्थिति में कुर्क किया जा रहा है।

### मृतक की पत्नी की तहरीर पर पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में गड़बड़ा धाम गेट के सामने बुधवार शाम को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार कृष्णा तिवारी उर्फ झल्लर तिवारी की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में गुरुवार सुबह मौत हो जाने के बाद मृतक की पत्नी सोमवती उर्फ निर्मला ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार शाम चार बजे के लगभग पति कृष्णा तिवारी रतेह चौराहा से हलिया के भटवारी गांव निवासी होमगार्ड अक्षैवर नाथ यादव की बाइक पर बैठकर हलिया जा रहे थे कि गलरा गांव में गड़बड़ा धाम गेट के सामने पिकप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मेरे पति और होमगार्ड अक्षैवर नाथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस के सहयोग से इलाज हेतु मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा था कि गुरुवार सुबह आठ बजे पति की मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पिकप चालक की तलाश की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

## परिजनों में कोहराम

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित गलरा गांव में गडबड़ा धाम के गेट के पास बुधवार शाम को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार 52 वर्षीय कृष्णा तिवारी उर्फ झल्लर तिवारी की मंडलीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान गुरुवार सुबह आठ बजे के करीब मृत्यु हो गई। बाइक सवार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हलिया थाना क्षेत्र के सरहरा गांव निवासी कृष्णा तिवारी उर्फ झल्लर तिवारी किसी कार्य से बुधवार को रतेह चौराहा गये हुए थे। शाम चार बजे के करीब भटवारी गांव निवासी बाइक चालक 55 वर्षीय अक्षयवर यादव के साथ बाइक पर पीछे बैठकर घर वापस लौट रहे थे कि जैसे ही गलरा गांव में गड़बड़ा धाम गेट के पास पहुंचे कि आगे जा रहे पिकप वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे दोनों बाइक सवार पिकप वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल ले गई। जहां उपचार के दौरान कृष्णा तिवारी ने गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल होमगार्ड का उपचार ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है।

मृतक खेती बारी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। मृतक को एक पुत्र और दो पुत्री हैं। सभी की शादी हो चुकी है। मृतक का पुत्र मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में किसी कंपनी में कार्य करता है। घटना के बाद मौके से पिकप चालक फरार हो गया था पुलिस ने पिकप वाहन को कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुटी हुई है। गंभीर रूप से घायल होमगार्ड का ट्रामा सेंटर वाराणसी में उपचार चल रहा है।

# अनूप दूबे ही हैं ग्रापंअ संघ के अध्यक्ष

## प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा फर्जीवाड़ा पर होगी कार्रवाई



पदाधिकारियों को बधाई देते अध्यक्ष

**मीरजापुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की कार्यकारिणी का प्रांतीय अध्यक्ष रजनीकांत त्रिवेदी द्वारा माल्यार्पण कर टीम के अनुमोदन की घोषणा की गई। इसके पूर्व प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा जनपदों से प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि जनपद मीरजापुर की कार्यकारिणी की अनूप दुबे की अध्यक्षता में 21 मई को जो चुनाव हुआ था वही वैध है। बाद में जो भी कूट रचना कर चुनाव कराए गए हैं वह सब फर्जी और अवैध है। ऐसे चुनाव पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष रजनीकांत त्रिवेदी ने फोन पर बताया कि जनपद के कुछ पदाधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का फर्जी चुनाव कराकर कर्मचारियों को बरगलाने का प्रयास किया गया था जो पूरी तरह से निराधार है। और अनूप दुबे ही ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के मीरजापुर के अध्यक्ष हैं और यह अपना का सकुशल संपन्न करें की शुभकामनाएं भी दिया। इस अवसर पर जनपद के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। साथ में ही श्री त्रिवेदी ने कहा कि आप लोग संगठन को मजबूत करने के लिए काम करें और जो भी समस्याएं आती हैं उसे संघ की बैठक में रखने का काम करें।

## अंतर्जनपदीय लूट के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**मीरजापुर।** लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाश बरौंधा पुलिस की तत्परता से गिरफ्त में आ गए। बदमाशों का पीछा कर रही कोरांव पुलिस थाने लेकर चली गई। जानकारी के अनुसार काली रंग की आई 20 कार से दो बदमाश थाना कोरांव प्रयागराज में लूट की घटना को अंजाम देकर बरौंधा की तरफ भाग रहे हैं। कोरांव पुलिस द्वारा दूरभाष पर बरौंधा चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव को सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश बरौंधा की ओर भाग रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बरौंधा चौकी इंचार्ज कठार तिराहा और नैड़ी कठारी पुल पर पुलिस की निगरानी लगाकर घेराबंदी करते हुए संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल में जुट गए। सायं चार बजे के करीब काली रंग के कार की निशानदेही पर बरौंधा पुलिस द्वारा रोकने का इशारा भांप कर बदमाश वाहन रोक भागने का प्रयास किए किंतु बरौंधा पुलिस की सक्रियता से पुलिस के हत्थे चढ़ ग?ए। मौके पर पहुंचीं कोरांव पुलिस बदमाशों को लेकर थाने चली गई। चर्चा है कि भाग रहे बदमाशों पकड़ने के लिए कोरांव पुलिस द्वारा दो हवाई फायर भी किया गया।

# मुख्य नहरों की सड़कों का एसी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**लालगंज।** अधीक्षण अभियंता एके जायसवाल की टीम लालगंज विकासखंड के मुख्य नहरों की सड़कों के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन किया। जिसमें उन्होंने सड़क की गुणवत्ता और नहर की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान लालगंज के राजापुर नवनिर्मित सड़क की मरम्मत कार्य को देखकर अधिशासी अभियंता रामशंकर राजपूत से जानकारी लिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था द्वारा किए गए कार्य की प्रगति और गुणवत्ता जगह-जगह पहुंचकर परखने का कार्य किए। पतुलकी, रानीबारी, बनकट माइनर के सड़क निरीक्षण और गुलावे की मरम्मत को देखकर चेतावनी दिया कि किसानों को किसी प्रकार की नहर से संबंधित समस्याएं नहीं आना चाहिए। उन्होंने आवागमन को सुचारू रूप से संचालन व्यवस्था नहर के निरीक्षण के लिए बनी रहे इस गुणवत्ता की विशेष तौर से सत्यापित करने में लगे रहे। उनके साथ लखनऊ से आए अधिशासी अभियंता सुधीर कुमार पाल बनकट माइनर के बारे में जानकारी लेते हुए समझने का प्रयास किया कि नहर का पानी टेल के किसानों को बिना किसी समस्या के पहुंचता है कि नहीं इस बारे में मौजूद किसानों ने बताया कि बाणसागर का पानी रोस्टर के अनुसार समुचित रूप से मिलता है।

टीम के साथ मिर्जापुर के अधिशासी अभियंता रामशंकर राजपूत प्रत्येक नहर की विधिवत सड़कों मरम्मत संबंधी जानकारी देने के बाद बताया कि समय-समय पर गुणवत्ता की निरीक्षण और सत्यापन किया जा चुका है।

### सम्मान निधि त्रुटि सुधार कैम्प का किया गया आयोजन

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी के पंचायत भवन पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के त्रुटि सुधार का कैंप लगाया गया। किसान सम्मान निधि के कैंप में भारी संख्या में किसानों की भीड़ पहुंची। त्रुटियों के चलते कई किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित है। इस चिलचिलाती धूप में पहुंचे किसानों के हाथ निराशा ही लगी। सुधार के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही थी। संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अधिकारी नहीं पहुंचे थे। केवल किसानों को लॉलीपॉप ही मिला । किसानों ने बताया कि किसान सम्मान निधि के संशोधन के नाम पर बार-बार दौड़ाया जा रहा है, इस योजना से कई किसान विभागीय ?कर्मचारियों के हीलाहवाली से वंचित है। इस संबंध में नोडल सहायक कृषि अधिकारी संतोष कुशवाहा ने बताया कि हर ग्राम सभा में 22 मई से 10 जून तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के त्रुटि सुधार का अभियान चलाया जा रहा है जिससे इस योजना से वंचित हर किसानों को अगली किस्त का लाभ मिल सके।

# अब चुनार किले के बहुरेंगे दिन

**खुशी**

**पर्यटन स्थल में तब्दील होगा किला**

**डीएम ने निरीक्षण कर जाना किले का रहस्य**

**साउण्ड व लाइट किले में लगायेंगे चार चांद**

**जनसंदेश न्यूज**



किले का निरीक्षण करतीं डीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**चुनार।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किला गेस्ट हाउस पहुंचकर अंदर चुनार के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठ मंत्रणा कर कार्यक्रम का रूपरेखा पर चर्चा किया। चुनार किले को कैसे पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इस दौरान प्रबुद्धजनों ने डीएम को दुर्ग की ऐतिहासिक जानकारियां विस्तृत तौर पर बताया।

उसके बाद डीएम ने पूरे किले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं और सुविधाओं को देखा। इस दौरान सोनवा मंडप को सुसज्जित कर लाइट के साथ हुई मंत्रजाप के लिए साउंड की व्यवस्था सोनवा मंडल के पास ही स्थानीय लोगों द्वारा अपनी उत्पाद का स्टाल लगाने हेतु स्थान चिन्हित कर दुर्ग के ऊपरी भाग पर एक बड़ा ध्वज लगाने के लिए स्थान को देखा। प्रवेश द्वार वह आसपास के स्थानों को देखा और कार्यक्रम हेतु उसे उपयुक्त पाया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार को लाइट एंड साउंड की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारी से बातचीत करने 2 हफ्ते में व्यवस्था मुकम्मल कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जिले का चुनार ऐतिहासिक जगह है यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाटली उद्योग चीनी मिट्टी के खिलौनों को लेकर किले में कैसे इसकी सजावट की जाए। जिससे इसमें चुनार महोत्सव हो सके।

चुनार के लोक फोक मंच दिया जाए। जिसे चुनार स्टोरी बनाकर इसको बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि 2 हफ्ते के अंदर पर्यटन के वरिष्ठ स्पेशलिस्ट यहां का निरीक्षण करेंगे और कुछ दिनों में ही लाइट एंड साउंड की व्यवस्था किले में हो जाएगी।

किले को सुंदरीकरण कर और अच्छा बनाया जाएगा। जिससे चुनार को पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान उन्होंने बाबा भरथरी की समाधि पर जाकर मथ्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद किला गेट से नीचे उतर कर गेट के पास कितने राजाओं ने उस पर राज किया है उस बोर्ड को पढ़ा और गंगा घाट की तरफ जाकर घाट के किनारे को सुंदरीकरण कर अच्छा बनाने को कहा। इस दौरान एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा नायब तहसीलदार अरूण यादव, उपस्थित रहे।

## शिव को गुरु बनाने के बाद सभी कष्टों से मानव को मिलती है मुक्ति

**अदलहाट।** वो दुनिया के सभी भाषाओं के जानकार हैं उनसे मानव, देवता, दानव सभी अपनी अपनी भाषा में मांगते है तो वे सबको देते है। उक्त बाते गुरुवार को बैकुण्ठपुर स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित शिव चर्चा में बाबा बनवारी दास ने कही। बाबा बनवारी ने चर्चा के दौरान कहा कि जानते हो यहा सबसे गरीब कौन है, तो बताया कि जिसके पास न गुरु हो और न कोई भगवान हैं, जो किसी को नही मानता हो उससे बड़ा गरीब कोई नही हो सकता। उन्होने कहा कि शिव को गुरु बनाने के लिए बिना कुछ खर्च किये केवल नाम की घोषणा कराने के बाद तीन सूत्र का पालन करना है। शिव गुरु सबकी झोली पल में भर देते है। किसी से कुछ भी नही लेते। ऐसे शिव महागुरु को अपना गुरु बनाने के बाद सभी कष्टों से मानव को मुक्ति मिल जाती है। शिव चर्चा के दौरान तमाम शिव शिष्यों ने चर्चा में भाग लिया। भजन कीर्तन के बाद आरती का आयोजन किया गया। अन्त में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मनीष अग्रहरी ,त्रिवेणी केशरी, अशोक केशरी, दुर्गावती देवी, लिलेस गुप्ता आदि तमाम महिला पुरुष शिव शिष्य उपस्थित रहे।

# अपर जिला जज ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के सचिव / अपर जिला जज लाल बाबू यादव ने वनस्टॉप सेन्टर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण सेन्टर में केन्द्र प्रबन्धक पूजा मौर्या, कम्प्यूटर आपरेटर रोमी सिंह, केस वर्कर स०कार्यकर्ता राधिका सिंह, मल्टीपरपज स्टॉफ शशिकला उपस्थित थी। वन स्टॉप सेन्टर में कुल 8 सीसी कैमरे, सही हालत में पाये गये परन्तु मोनिटर गड़बड़ मिला। सेन्टर में साफ सफाई मिला और पीने का पानी आरो सेट ठीक हालत में पाये गये। सेन्टर में एक पीड़िता प्रवासित बालिका पाई गई है। सेन्टर में प्रवासित बालिकाओं व महिलाओं के लिए दो चौकी विस्तर, कम्बल व खाने के बर्तन व्यवस्था है किन्तु पर्याप्त नहीं है। सेन्टर में पंजिकाओं एवं पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया। केन्द्र प्रबन्धक पूजा मौर्या को कार्यालय पंजिका का रख रखाव को ठीक ढंग से तथा निधारित प्रारूप पर अंकना करने का दिये आवश्यक निर्देश प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि सेन्टर में जो भी पीड़ित महिलाए व बालिकाए प्रवासित होती है उन महिलाओं व बालिकाओं को नियमानुसार महिला सेल्टर होम मड़िहान एवं बालिका सेल्टरहोम सोनभद्र में प्रवासित कराया जाता है।

### शिविर में 185 किसानों ने उठाया लाभ

**जमालपुर।** पीएम किसान संतृप्तिकरण अभियान के तहत गुरुवार को विकास खंड के गोगहरा, बियरही, डवक, फत्तेपुर, कौवासाथ एवं मदारपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों की भीड़ उमड़ी रही एवं कुल 185 किसानों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में कुल 43 किसानों के भूलेख का सत्यापन लेखपाल के द्वारा किया गया। 57 किसानों का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में नया खाता खोला गया। सीएससी के माध्यम से 49 किसानों का ईकेवाईसी किया गया। 20 किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए नया आवेदन किया गया एवं 16 किसानों का आवेदन निरस्त होने पर फिर से दस्तावेज अपलोड किया गया। शिविर में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पोस्ट आफिस कर्मचारी एवं सीएससी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पिता ने की जिलाधिकारी से शिकायत



परिजनों से वार्ता करते एसडीएम सदर

**जिगना।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से हरगढ़ बाजार निवासी कैलाशनाथ केसरी ने शिकायत किया था कि हमारे 3 पुत्र व तीन बहुयें है जो कि आए दिन हम गाली व खाना नहीं देने की शिकायत किया था। जिसकी जांच आख्या जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर चंद्रभान सिंह के द्वारा मौके पर भेज कर जांच कराया गया जो सत्य पाया गया। इस दौरान एसडीएम सदर ने पीड़ित पिता बच्चों से लिखित आश्वासन लिया गया कि इनको खाने और रहने के लिए कमरा दिया जाएगा। अगर इनको कोई दिक्कत होगी तो इसके जिम्मेदार आप लोग होंगे। इस दौरान थाना प्रभारी जिगना भी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चोरी का मुकदमा हुआ दर्ज

**हलिया।** क्षेत्र के हलिया गांव के महादेव मोहल्ला निवासी केशव प्रसाद मिश्र के घर में बीते 20 मई की रात हुई चोरी के मामले में एसपी के निर्देश पर हलिया पुलिस ने बुधवार की देर रात चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किए जाने पर गृहस्वामी ने बीते 25 मई को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिया था साथ ही एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई थी। चोरी के 11 दिन बाद एसपी के आदेश पर हलिया पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में गृहस्वामी केशव प्रसाद मिश्र ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से दो विद्युतकर्मी घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग स्थित बरी गांव स्थित जेआरएस पब्लिक स्कूल के पास गुरुवार दोपहर बरी गांव में बिजली बनाने जा रहे बाइक सवार विद्युत कर्मियों को सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार विद्युत कर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से भाग निकला। हलिया विद्युत उपकेंद्र पर कार्यरत विद्युतकर्मी 50 वर्षीय इन्द्रपाल निवासी बरी व 52 वर्षीय मंगला बिंद निवासी बिसुन्दरपुर एक ही बाइक से बरी गांव में बिजली बनाने के लिए जा रहे थे जैसे ही बरी गांव स्थित जे आर एस पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे कि लालगंज की तरफ से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिससे दोनों विद्युतकर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को उपचार हेतु हलिया स्थित एक निजी क्लीनिक पर पहुंचाया गया जहां दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### सुनील की सपा में हुई वापसी

**मीरजापुर।** सुनील की समाजवादी पार्टी में वापसी हुई। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव सुनील यादव की पार्टी में वापसी हो गई। सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष ने सुनील यादव को माला पहना कर समाजवादी पार्टी में वापसी के साथ सम्मान दिया। इस मौके पर रोहित शुक्ला लल्लू, रंजीत फौजी, रामगोपाल बिंद, यादव राहुल, यादव, राम जी यादव, राजेंद्र यादव, राम सुधार कुशवाहा, राम जी बिंद जाहिद अख्तर, अरसद, वीरेंद्र यादव, श्यामसुंदर सोनकर, निर्मला चौरसिया, अनीश खान अन्य कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक सिंह मुन्ना ने दिया है।

### पूर्व में मांगे गये आवेदनों को किया गया रद्द

**मीरजापुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सौम्या वर्मा ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद के बाल विकास परियोजनाओं के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित कराते हुए आन-लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। नवीन शासनादेश के अन्तर्गत पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश को अवक्रमित करते हुए नवीन शासनादेश के अनुसार चयन प्रक्रिया का निर्धारण किया है। अतएवं पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति, पूर्व में प्राप्त आंनलाइन आवेदन पत्र एवं पूर्व में प्रचलित चयन प्रक्रिया को निरस्त किया जाता है, तथा पूर्व में प्राप्त आंनलाइन आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अब नवीन प्रख्यापित शासनादेश बीते 21 मार्च 2023 के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु अलग से विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।

### पिकप के धक्के से बाल-बाल बचीं महिलायें

**लालगंज।** स्थानीय थाना के चौकी बरौधा अन्तर्गत नेशनल हाईवे 7 पर टोल प्लाजा के पास बबुरा गांव के सामने प्याज की बोरियों से लदी हुई एक पिकप गाड़ी मीरजापुर की तरफ से आ रही थी। तभी अचानक एक नीलगाय सामने आ जाने के कारण नीलगाय को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने गाड़ी को डिवाइडर पर चढ़ा दिया और प्याज की बोरियां सड़क पर बिखर गई। दो महिलाएं प्याज को बोरियों में भर रही थी कि तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित हाईवा गाड़ी ने खड़ी हुई पिकअप को जोरदार टक्कर मार दिया। इस भयानक हादसे में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हुई। दो महिलाएं जो प्याज को बोरियों में भरने का प्रयास कर रही थी बाल बाल बच गई।

### भाजपा को हराकर मनीष दुबे हुए विजयी

**मीरजापुर।** केंद्रीय उपभोक्ता भंडार कोतवाली वार्ड एक के चुनाव में डायरेक्टर पद पर कांग्रेस नेता मनीष दुबे विजई घोषित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को सात वोटों से पराजित किया। सहकारी समिति राजपुर पर सुबह 10 से चार बजे के बीच हुए चुनाव में मनीष दुबे को कुल 39 वोट प्राप्त हुए। जबकि भाजपा की तरफ से किशन कसेरा को मात्र 32 मत ही प्राप्त हो सके। यहां वोटरों की संख्या कुल 202 थी किंतु 73 वोट ही पड़ सका। एक वोट अवैध घोषित कर दिया गया। मनीष दुबे की इस जीत पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दुबे, चुनमुन शुक्ला, राजन पाठक, कमलेश दुबे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दीपचंद जैन, सोनावर खां, राम दयाल उपाध्याय, लवकुश प्रजापति, सभासद राकेश यादव, जितेंद्र चौबे, अनुज दुबे, बऊ पाठक, संदीप मिश्रा, पवन दुबे, सिद्धार्थ दुबे, विवेक पांडे, छुन्नू पाठक, दिलीप त्रिपाठी, संजय दुबे, मोहित दुबे, रोहित दुबे आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोन लेने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बीते 17 मई को वादी जयप्रकाश पुत्र छविनाथ निवासी दांती थाना मड़िहान द्वारा एक लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर विवेचना प्रारम्भ कर शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिये गये थे। इसके क्रम में गुरुवार को निरीक्षक रमेश प्रसाद मय टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सम्बंधित आरोपी जयशंकर पुत्र होरीलाल निवासी गोपालपुर थाना पड़री को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

### गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को प्र0नि0 राजगढ़ राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से आरोपी धीरज कुमार पुत्र राजकुमार निवासी राजगढ थाना राजगढ़ को गिरफ्तार कर कब्जे से 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी करते हुए एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर जेल भेजा गया ।

### कच्ची देशी शराब के साथ आरोपी धराया

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी को दिये गए निर्देश के क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 भरतलाल पाण्डेय मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपी शमीम अहमद पुत्र नसीर अहमद निवासी मछली का पुल घण्टाघर थाना को0शहर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0शहर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति समेत तीन की मौत

**मचा कोहराम**

### हाथीनाला-दुद्धी रोड हथवानी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आए बाइक सवार

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** हाथीनाला-दुद्धी रोड हथवानी के समीप गुरुवार की दोपहर बाद अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति सहित चार वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम बिहारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गए।

हाथीनाला पुलिस ने बताया कि हाथीनाला-दुद्धी रोड पर ग्राम हथवानी के पास अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी इस दौरान बाइक पर सवार 30 वर्षीय मृतक राशिद अली पुत्र ताहिद अली निवासी करमाव राबर्टसगंज जो अपने ससुराल साउडीह हाथीनाला मे शादी के बाद से ही रह रहा था

तथा मोटरसाइकिल पर बैठी पत्नी 27 वर्षीय शाहजहां तथा उसका पुत्र 4 वर्षीय असलम की गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई है। मोटरसाइकिल सवार राशीद अपनी पत्नी का दुद्धी के एक अस्पताल से चेकअप करा घर लौट रहा था इसी दौरान हथवानी तिराहे के समीप हादसा हो गया, टक्कर इतनी तेज थी मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। चचाओं की माने तो मृतका शाहजहाँ गर्भवती थी। मृतकों का रशीद अली के जेब में मिले आधार कार्ड पर अंकित पते से शिनाख्त हो पाई। इस सन्दर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में मारे गए शवों की पहचान कर ली गई है। शवों को पीएम के लिए दुद्धी सीएचसी भेजवा दिया गया है। हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलास की जा रही है, घटना के सन्दर्भ में अभी तक तहरीर नही मिली है तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़

# उत्पादन निगम के अध्यक्ष ने ओबरा का किया दौरा

**जाना हाल**

### सी परियोजना को जल्द चालू करने का दिया निर्देश


निमार्णाधीन इकाइयों का निरीक्षण करते अध्यक्ष एम देवराज

**ओबरा।** प्रदेश में विद्युत उपलब्धता बढ़ाने हेतु उ प्र पावर कारपोरेशन एवं उ प्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एम देवराज लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने गुरुवार को ओबरा तापीय विद्युत गृह का दौरा किया।ओबरा ताप विद्युत गृह में 660 मेगावाट की दो ईकाईयॉ निमार्णाधीन हैं।राज्य विद्युत उत्पादन निगम की इन ईकाइयों के समय से विद्युत उत्पादन शुरू करने से 1320 मेगावाट विद्युत उत्पादित होगी।जिससे प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी करेगा।निमार्णाधीन 660 मेगावाट की एक यूनिट से जून में उत्पादन शुरू करने के लिये एम देवराज द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही है। परियोजना की स्थलिये प्रगति का निरीक्षण कर उसकी समीक्षा किया।

इस दौरान उन्होंने बैटरी रूम, डी सी एस के पैनल रूम, राख हापर क्षेत्र, टरबाइन, ऐश हैन्डलिंग, प्लान्ट स्विच गेयर तथा बाटम ऐश एरिया आदि का निरीक्षण कर कार्य को और तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।साथ ही निर्माण कर रही कोरियन कम्पनी दूषान, उत्पादन निगम एवं परियोजना के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक परियोजना की एक ईकाई जून में उत्पादन शुरू करेगी यह निष्चित है।अध्यक्ष ने कहा की प्रदेश के विद्युत उत्पादन गृहों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त हो इसलिये निमार्णाधीन परियोजनायें समय से पूर्ण किया जाये। दूषान कम्पनी के अधिकारी यंग शु पार्क, शिनओ कांग, निदेशक परियोजना एस के दत्ता, जी एम (सी) पी सी अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।उन्होंने निर्देशित किया कि सामग्री एवं मशीनरी पार्टस की उपलब्धता में कोई विलम्ब न हो इसकी लगातार मानीटरिंग की जाये। निरीक्षण के दौरान एम देवराज ने कार्य कर रहे मजदूरों से भी मुलाकात किया। उन्होंने परियोजना के अधिकारियों को निर्देशित किया की कार्य कर रहे मजदूरों को समय से उनका भुगतान होता रहे इस पर लगातार नजर रखें।अध्यक्ष ने जिला प्रशासन के साथ बैठकर जमीन उपलब्धता आदि समस्याओं का समाधान भी कराया।

## संक्षेप

### साक्षी को इंसाफ दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च


आरोपियों का पुतला दहन करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता

**ओबरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ओबरा नगर इकाई द्वारा बुधवार की देर शाम नगर में केंडिल मार्च निकालकर पुतला दहन किया गया।कैंडिल मार्च आर्य समाज चौराहे से हनुमान मंदिर तक निकाला गया।ततपश्चात हनुमान मंदिर तिराहे पर आरोपी का पुतला दहन किया गया।मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक अग्रहरि ने कहा कि शाहाबाद की घटना अत्यंत दुर्भावनापूर्ण तथा निंदनीय है।कहा कि दिल्ली के शाहाबाद डेयरी क्षेत्र में साक्षी की जिस तरीके से जघन्य हत्या की गई है उससे एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है।आरोपी युवक साहिल व सरफराज द्वारा किये गए चाकू के कई वार से मृतका के शरीर का मांस खिंचा चला गया।इससे भी मन नही भरा तो पत्थर से सिर के टुकड़े- टुकड़े कर दिए गए।विद्यार्थी परिषद इस निर्मम घटना का विरोध करते हुए मृतका व उसके परिवार को शीघ्र न्याय देने की मांग करता है। साथ ही शाहाबाद की घटना के आरोपी को शीघ्र फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा फांसी की सजा दी जायपूरा छात्र समुदाय इस तरह की जघन्यता के विरोध में है।ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो, इस दिशा में सरकार कड़े और प्रभावी कदम उठाए।कैंडिल मार्च में नगर मंत्री शिखर सोनी, ब्रिजेश दास, अनमोल सेठ, ऋषभ राज, अनिकेत सिंह, आनन्द कुमार, अंशु सिंह, अभिषेक सिंह, श्याम गिरी, अंशु माथुर, रौनक सिंह, सुमित, अमन पटेल, सत्यम सिंह, अमन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मकान का बारजा गिरने से एक बच्ची समेत तीन घायल

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत गजराज नगर तिराहे के समीप बुधवार की देर शाम एक मकान का बारजा गिर जाने से एक बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गये। मौजूद लोगों ने सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए परियोजना अस्पताल पहुंचाया गया।जानकारी के अनुसार गजराज नगर स्थित हिफाजत हुसैन के मकान के बाहर बने बारजा के गिर जाने से बारजे के नीचे खड़े 42 वर्षीय जावेद पुत्र करामत हुसैन, 8 वर्षीय फिजा पुत्री कल्लू और अदनान पुत्र इमरान घायल हो गये।सभी घायल हिफाजत हुसैन के यहाँ गुरुवार को होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये हुए थे।सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने परियोजना अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।घायलों में जावेद की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### हिण्डालको कालोनी से चोरी नौ गेट बरामद, तीन गिरफ्तार

**रेणुकूट।** पिपरी पुलिस ने गुरुवार को पिपरी नगर पंचायत स्थित मलिन बस्ती के आगे जंगल से हिंडालको कॉलोनी से चोरी गई लोहे के 9 गेट को बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि हिंडालको के बिल्डिंग विभाग के कर्मी शैलेश प्रताप सिंह ने पिपरी थाने में 2 दिनों पूर्व मुकदमा दर्ज कराया था कि हिंडालको कॉलोनी से लोहे के नौ गेट चोरी हो गए थे, जिसका वजन लगभग 900 किलो बताया गया। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को पिपरी नगर पंचायत के मलिन बस्ती के आगे जंगल से सफीर अहमद पुत्र मोबिन खान निवासी विश्वकर्मा नगर रेणुकूट, कपिल उर्फ बैला पुत्र स्व पकौड़ी निवासी मलिन बस्ती तुर्रा व एक बाल अपचारी को लोहे के 9 गेट के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### चार गोवंश बरामद, दो गिरफ्तार

**खलियारी।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मांची पुलिस द्वारा जंगल के रास्ते से बिहार राज्य में वध हेतु ले जाये जा रहे 4 गोवंश बरामद कर मुक्त कराते हुए शौकत अली पुत्र शहाबुद्दीन निवासी हरभओग, अधौरा जिला कैमूर भभुआ, बिहार व छैबर धांगर पुत्र गिरधारी निवासी गिरिया टोला मंठहवा, रामपुर बरकोनिया को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### गैंगेस्टर एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**घोरावल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम से सम्बंधित राहुल पुत्र नन्दू व राजेन्द्र पुत्र पुनवासी निवासी ग्राम भरकवाह, करमा को बाबा बिहारी इण्टर कालेज भरकवाह के सामने से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### पुलिसकर्मियों को दी गयी स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह

**सोनभद्र।** पुलिस लाइन चुर्क में पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के कल्याणार्थ परिवार नियोजन के सम्बन्ध में गुरुवार को स्वास्थ्य कैम्प लगाकर स्वास्थ्य/परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी। जिसमें चिकित्सकों की टीम द्वारा पुलिस लाइन में आवासित पुलिस परिवार के लोगों का स्वास्थ्य सम्बंधी परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों की सलाह को नियमित रुप से पालन करने का दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं अपने खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गयी।

### दुकान से चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 33 हजार बरामद

रेणुकूट। पिपरी पुलिस ने 3 दिनों पूर्व नगर के चाचा कॉलोनी से एक मोबाइल दुकान के काउंटर से 46 हजार रुपये चोरी करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि विक्रम स्वीपर उर्फ लोहार पुत्र प्रेमलाल निवासी काली मंदिर के पीछे ने चाचा कॉलोनी स्थित त्रिपाठी इंटरप्राइजेज के मालिक मृत्युंजय त्रिपाठी की दुकान में काउंटर में रखे 46 हजार रुपये निकाल लिये थे। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले में तफ्तीश शुरू कर दी थी। इस दौरान अभियुक्त को गुरुवार की सुबह रेलवे स्टेशन तिराहे से 33 हजार रुपये नगद के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

### कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही का आगमन आज

**सोनभद्र।** केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सूर्यप्रताप शाही कैबिनेट मंत्री का एक दिवसीय दौरा शुक्रवार को है। वे मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### अपराधिक अनुसंधान से जांच कराने की मांग सीएम को भेजा पत्र

**सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि ओबरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत में एस कंट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स बिल्ली मारकुंडी, मा दुर्गा माइनिंग एण्ड कंट्रक्शन मीतापुर एवं मा दुर्गा माइनिंग के आपरेटर श्यामकुमार, आशुतोष मिश्रा, रविकांत पांडेय व अन्य अज्ञात के विरुद्ध भंडारण लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बावजूद फर्जी ई प्रपत्र - सी जनरेट कर भारी मात्रा में डोलो स्टोन का भंडारण किया गया है। मेरे संज्ञान में आया है कि भंडारण के लिए नामजद आरोपियों के अलावा अन्य क्रशर व्यवसायियों द्वारा अहरौरा और चितरंगी के डोलो स्टोन परमिट का दुरुपयोग करते हुए सैंड स्टोन का भंडारण किया गया। जिससे सैकड़ों करोड़ों रुपए राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है। उपरोक्त क्रशर ब्योसाइयो सहित अज्ञात के विरुद्ध थाना चोपन में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। शासनादेश के अनुसार एक लाख रुपए से अधिक आर्थिक अपराध पर विवेचना आर्थिक अनुसंधान शाखा द्वारा कराया जाना विनियमित है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की जांच आर्थिक अनुसंधान शाखा से कराने की मांग की है।

# केंद्रीय कोयला, खान व संसदीय कार्य मंत्री ने की एनसीएल की समीक्षा

**की चर्चा**

### 133 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल करने पर दिया जोर

जनसंदेश न्यूज

**अनपरा।** केंद्रीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को वाराणसी में कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने एनसीएल प्रबंधन से कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, सीएसआर गतिविधियों एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने एनसीएल के चालू वित्तीय वर्ष में दिये गए 133 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को समय से हासिल करने पर जोर दिया व कंपनी को चालू वित्तीय वर्ष में अपने सभी वार्षिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएमडी भोला सिंह निदेशक मण्डल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। एनसीएल को वित्त वर्ष 2023-24 में 133 मिलियन टन कोयला उत्पादन व प्रेषण लक्ष्य दिये गए हैं। एनसीएल उत्पादन एवं प्रेषण में शानदार प्रदर्शन पर रही है और कंपनी ने वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक के लक्ष्य का 105%, 22.72 मिलियन टन उत्पादन व अभी तक के लक्ष्य का 102% , 23.09 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर लिया है। गौरतलब है एनसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने सभी रिकॉर्ड्स को तोड़ा था और 122 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य के सापेक्ष 131.17 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 133.51 मिलियन टन कोयला प्रेषण व 27.42 % की भारी वार्षिक वृद्धि के साथ 462.10 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया था।


सीएमडी से वार्ता करते खान व संसदीय कार्य मंत्री

### बाढ़ से निपटने को स्टेयरिंग कमेटी 30 जून के पूर्व तैयारियां करे पूर्ण



**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को बाढ़ से निपटने हेतु जनपद स्तर पर गठित स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने स्टेयरिंग कमेटी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 30 जून के पूर्व कटान स्थलों का निरीक्षण व बाढ़ नियंत्रण हेतु कराए जा रहे कार्यों का ब्योरा उपलब्ध करा दें। एडीएम ने कहा कि सभी बन्धों का 30 जून से पूर्व निरीक्षण कर लें तथा इसमें रेन कट व रैट होल वाले स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत का कार्य करा लिया जाये। बाढ़ से बचाव हेतु बोल्डर्स, बालू भरी बोरियां, जीओ बैग्स, अन्य सामग्री व स्टाफ/मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करा लें, अतिसंवेदनशील तटबन्धों पर किए गए कार्यों का सत्यापन तथा निरीक्षण का कार्य कर लिया जाये, वर्षा अवधि में बाढ़ क्षेत्रों में सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। तटबन्धों/बंधों के कटान एवं दरार आदि को रोकने के समुचित उपाय किए जाएं तथा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं अथवा कराये जाने हैं, उनमें गति लाते हुए बाढ़ से पूर्व करा लिये जाये। कहा कि बाढ़ आने की स्थिति में जरूरी-जरूरत के कार्यों को समय रहते पूर्ण कर लिया जाये, जिससे बाढ़ के दौरान किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर एसडीएम सदर शैलेन्द्र मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर निखिल यादव, एसडीम घोरावल रमेश कुमार, ओबरा प्रभाकर सिंह, आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्तागण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# अमर शहीदों को आज दी जायेगी श्रद्धांजलि

**डाला।** सूबे के तत्कालीन मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में आताताई रवैया के चलते डाला गोलीकांड में मारे गए नौ अमर शहीदों की 32 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को जन प्रतिनिधियों व अमर शहीद के परिजनों द्वारा श्रद्धांजलि दी जायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ गगनभेदी मंत्रोचार के साथ कराया जाएगा जिसमें सुबह से दुर्गा सप्तशती पाठ हरि कीर्तन व सुंदर कांड पाठ जाएगा। गोलीकांड के समयानुसार तीन बजकर बीस मिनट पर राजमार्ग पर वाहनों को रोककर सांकेतिक जाम किया जाता है। इसके बाद उपस्थित लोगों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर गोलीकांड में निगम के कर्मचारी रामप्यारे , शैलेंद्र राय, सुरेंद्र दुबे, बाल गोविंद रामधारी, रामनरेश राम, नंद कुमार गुप्ता, दीनानाथ एवं छात्र राकेश उर्फ जयप्रकाश त्रिपाठी को शहीद स्मारक पर माला फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित दी जाएगी। राहगीरों व यात्रियों को शीतल शर्बत का भी वितरण किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ दो जून की रात्रि आठ बजे नव निर्माण सेना द्वारा अमर शहीदों की स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष अशु पटेल ने दी है।

### अंधाधुंध गोलियों ने नौ लोगों का सीना कर दिया था छलनी

**डाला।** उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम की डाला, चुनार, चुर्क, सीमेंट फैक्ट्री को तत्कालीन सीएम मुलायम सिंह यादव द्वारा प्राइवेट सेक्टर डालमिया को बेचे जाने का विरोध कर रहे थे, मुलायम सिंह यादव के इशारे पर तत्कालीन डीएम ने सुरक्षा जवानों से आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज समेत ताबड़तोड़ पुलिस से गोली चलवा दिया था। गोली कांड की घटना प्रदेश ही नहीं केंद्र सरकार को हिला कर रख दी थी। गोलीकांड की याद आते ही डाला के हजारों नगरवासियों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। देश भर में अपने हक के लिए संघर्षरत नौ लोग वीरगति को प्राप्त हुए, कर्मचारियों के इतिहास में डाला सीमेंट कर्मचारियों के अमर शहीदों का नाम आज भी बड़ी श्रद्धा व गौरव से लिया जाता है।

### एनटीपीसी सिंगरौली में सेवानिवृत्त कर्मियों का हुआ अभिनंदन

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली से मई माह में सेवानिवृत हुए एनटीपीसी कर्मी के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी गीत से हुई। राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली एवं सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी सैली रंजन मेडिकल विभाग, अनिल कुमार चौबे, (रसायन विभाग), राम लौटन सिंह (ऐश हैंडिलिंग विभाग), जितेंद्रे कुमार पालीवाल (ईंधन प्रबंधन) को पुष्पगुच्छ एवं फूल माला से अभिनंदन किया गया। परियोजना प्रमुख ने सिंगरौली स्टेशन की उपलब्धियों के लिए सेवानिवृत कर्मचारिगण के अतुल्य योगदान हेतु उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं उनके स्वस्थ रहने और सामाजिक कार्यों में अधिक योगदान देने का भी आग्रह किया। समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कर्मियों ने एनटीपीसी के अपने अनुभव से उपस्थित जनों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर एल के बेहरा, एके सिंह, प्रबोध कुमार, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत्तकर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे रेहड़ी, पटरी के दुकानदार: भूपेश

**पीएम स्वनिधि योजना**

### स्वनिधि महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन, लाभार्थियों को स्टाल लगाकर किया गया लाभान्वित


लाभार्थी को स्वीकृति पत्र देते सदर विधायक

**सोनभद्र।** स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में विधायक सदर भूपेश चौबे व अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी के दुकानदार अपने व्यवसाय को बढ़ाकर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना काल में महामारी के दौरान इस योजना का शुभारंभ किया गया था, जब रेहड़ी पटरी के दुकानदारों को काफी आर्थिक संकट की समस्या थी, उस दौरान इस योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी के दुकानदारों को व्यवसाय करने हेतु 10 हजार रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया। जिसके माध्यम से दुकानादार व्यवसाय कर समृद्धि की ओर अग्रसर हुए। केन्द्र सरकार द्वारा चलायी गयी यह योजना के माध्यम से छोटे व्यवसाय करने वाले लोगों को विकास की ओर अग्रसर होने का सुगम और सहज माध्यम मिला है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को प्रथम बार 10 हजार रुपए मिलता है, 10 हजार रुपए का ऋण जमा करने के पश्चात 20 हजार रुपए की धनराशि मिलती है। 20 हजार रुपए की धनराशि जमा करने के पश्चात लाभार्थी को 50 हजार रुपए की धनराशि प्राप्त होती है, जिसके माध्यम से रेहड़ी, पटरी के दुकानदार अपने व्यवसाय को और बेहतर बना सकते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जनधन योजना एवं रूपे कार्ड, श्रम योगी मानधन योजना, वन नेषन वन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना आदि विभाग द्वारा स्टाल लगाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में लाभार्थियों को जानकारी दी गयी। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील सिंह, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन अधिकारी रामधारी गौतम, जिला पूर्ति विभाग के एआरओ रिपुसूदन आर्या, पीओ डूडा राजेश उपाध्याय ने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में लाभार्थियों को जानकारी दी। वहीं विधायक व अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं व लाभार्थियों द्वारा किये जा रहे रोजगार के सम्बन्ध में जानकारी ली। कार्यक्रम में में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत सुचारू रूप से डिजीटल लेनदेन करने वाले 3 लाभार्थियों को क्यू आर कोड व प्रशस्ति पत्र तथा नगर पालिका परिषद के 3 कर्मचारियों को डिजिटल लेनदेन करने में सहयोग करने हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त 4 लाभार्थियों को परिचय बोर्ड एवं इण्डियन बैंक द्वारा 18, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 3, यूनियन बैंक द्वारा 9, एचडीएफसी बैंक द्वारा 6 एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 7 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। 10 नये लाभार्थियों का ऑनलाइन आवेदन किया गया। स्वनिधि महोत्सव में जिला स्तरीय हेल्प डेस्कबोर्ड का उदघाटन किया गया। हेल्प डेस्कबोर्ड के माध्यम से योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु ब्रजेश पटेल सिटी मिशन प्रबन्धक डूडा 7052152488 व राजीव कुमार गुप्ता, लिपिक नपाप के 9839127042 पर सम्पर्क किया जा सकता है। महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का भी कैम्प लगाया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों का नृत्य एवं मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

# शिकायत के बाद जागा पंचायत प्रशासन, यार्ड में भेजा जा रहा कूड़ा

**अनदेखी**

### ग्रामीणों के विरोध के चलते एक वर्ष से बंद पड़ा था डंपिंग यार्ड

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा कूड़ा निस्तारण को लेकर अधिशासी अधिकारी एवं शिकायतकर्ता के आरोप-प्रत्यारोप के बीच गुरुवार को हथवानी गांव के साउडीह टोले में स्थित एमआरएफ सेंटर की सच्चाई अलग ही दिखी। नगर से करीब10 किलोमीटर दूर हथवानी गांव में नगर पंचायत द्वारा स्थापित कूड़ा डंपिंग यार्ड में गुरुवार की दोपहर में सन्नाटा पसरा हुआ था। वहां कोई कर्मचारी या गार्ड नहीं दिखा।

परिसर में एक-दो ट्रॉली कूड़ा कचरा पड़ा मिला। कूड़े कचरे को रीसाइक्लिंग व कंपोस्ट खाद बनाने के लिए स्थापित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर के मुख्यद्वार पर ताला बंद मिला। भवन परिसर में मशीनें तो रखी गई हैं लेकिन अभी चालू नहीं हो सकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को नगर पंचायत के वाहन द्वारा कूड़े को लाया गया था। इसके पूर्व लगभग एक साल तक यह परिसर खाली पड़ा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि एक साल पहले नगर पंचायत द्वारा कूड़ा लाकर यहां डंप किया जाता था। जिसकी वजह से मच्छर मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया था। कूड़े के ढेर से उठ रहे दुर्गंध की वजह से आसपास के रहवासियों का जीना दूभर हो गया था। जिसे लेकर लामबंद हुए ग्रामीणों ने विरोध किया। हथवानी ग्राम प्रधान की अगुवाई में ग्रामीण तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष निशा सिंह को समस्या बताते हुए कूड़ा फेंके जाने का विरोध जताया। करीब एक साल तक डंपिंग यार्ड परिसर में नगर पंचायत द्वारा कूड़ा कचरा नहीं फेंका गया। ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत द्वारा कूड़ा डंपिंग यार्ड में रेणुकूट नगर पंचायत द्वारा कूड़े कचरे को फेंका जा रहा था। गांव में संक्रामक बीमारियों की फैलने की आशंका बढ़ गई थी।

जिसे लेकर मैंने नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जिलाधिकारी से शिकायत की। जिसके बाद करीब एक वर्ष तक नगर पंचायत द्वारा यहां कूड़ा नहीं फेंका गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि बुधवार को यार्ड में कूड़ा फेंके जाने की मुझे सूचना मिली है अगर ठीक ढंग से रीसाइक्लिंग नहीं किया गया तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से किया जाएगा। वहीं शिकायतकर्ता अखिलेश यादव द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर नगर पंचायत के वार्डों से निकलने वाले कूड़े कचरे को नगर के विभिन्न स्थानों सहित वन भूमि पर फेंके जाने की शिकायत के बाद पंचायत प्रशासन अपने बचाव को लेकर तमाम तरह से प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद अधिशासी अधिकारी मनगढ़ंत एवं झूठी सूचना देकर मुझे गलत साबित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। न्याय की आस में जिलाधिकारी सहित शासन के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर इस पूरे प्रकरण में मैंने जांच की मांग की है। इस बारे में जब अधिशासी अधिकारी लल्लन राम यादव से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।


डंपिंग यार्ड में पड़ा कूड़ा

### एमआरएफ सेंटर नहीं हो सका चालू

**रेणुकूट।** हथवानी गांव में नगर के कूड़े कचरे को गला कर खाद बनाने के लिए स्थापित किये गये मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर के भवन में मशीनों को लगा दिया गया है लेकिन अभी चालू नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों ने बताया कि मशीनें कभी भी चालू नहीं हुई। परिसर में मशीनों को संचालित करने के लिए विद्युत कनेक्शन नहीं हो सका है। सेंटर की देखरेख करने वाले कर्मचारियों के लिए बनाया गये रूम में ताला बंद मिला।

# स्पोर्ट्स



पेरिस के रोला गैरा में फ्रेंच ओपन टेनिस में रुस की डारिया कैसेटकीना दूसरे दौर में जीत के बाद उत्साहित होती हुई।

# एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान, प्रीति को बनाया कप्तान

## जापान में 2 जून से महिला जूनियर एशिया कप 2023 का आगाज



**मुंबई।** जापान में 2 जून से महिला जूनियर एशिया कप 2023 खेला जाना है जिसके लिए भारतीय महिला टीम की 18 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया गया है। जापान के काकमिगहारा में महिला जूनियर एशिया कप खेला जाना है। एशिया कप के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 5-5 टीमें शामिल हैं। एशिया कप 2 जून से खेला जाएगा और फाइनल मुकाबला 11 जून को खेला जाना है।

महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए प्रीति को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, यह टूर्नामेंट भारतीय महिला टीम के नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि, इस एशिया कप में जो टॉप की तीन टीमें रहेंगी वह टीम सीधे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप में क्वालीफाई कर जाएंगी। वहीं, भारतीय महिला टीम की बात करें तो दीपिका को उपकप्तान बनाया गया है। हालांकि, इस बार महिला टीम उम्मीद जताई जा रही है की इस बार टीम एशिया कप की चैंपियन बनकर ही भारत लौटेगी।

***महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए भारतीय महिला टीम***

**डिफेंडरः** प्रीति (कप्तान), महिमा टेटे, नीलम, रोपनी कुमारी, अंजलि बरवा।
**मिडफील्डरः** वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनश्री नरेंद्र शेडगे, रुतजा दादासो पिसल, मंजू चौरसिया, ज्योति छत्री।
**फॉरवर्डः** सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका (उपकप्तान), दीपिका सोरेंग और अन्नू।
गोलकीपरः माधुरी किंडो और अदिति माहेश्वरी।

***एशिया कप 2023 में इन टीमें लेंगी हिस्सा***

**पूल एः** इंडिया, उज्बेकिस्तान, चीनी ताइपे, मलेशिया और कोरिया।
**पूल बीः** जापान, कजाकिस्तान, हांगकांग, इंडोनेशिया और चीन।

***हॉकी इंडिया ने ट्ववीट करके दी जानकारी***

महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए टीम की घोषणा की जानकारी हॉकी इंडिया ने अपने ऑफिसियल ट्वीट के जरिए दी। हॉकी इंडिया ने टीम के ऐलान करते हुए ट्ववीट करते हुए लिखा कि, हम आगामी महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए जूनियर महिला टीम पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो जापान के काकामीगहारा में 2 से 11 जून 2023 तक होगी। पूल चरण में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान से होगा। जापान के काकमिगहारा में अगले महीने से शुरू हो रहे महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के लिए भारतीय टीम रवाना हो चुकी है।

रविवार सुबह केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट से भारतीय टीम जूनियर विश्व कप का क्वालीफिकेशन हासिल करने का इरादा लेकर जापान के लिए उड़ी। 2 जून से टूर्नामेंट का आगाज होगा. भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम से जापान में होने जा रहे एशिया कप से काफी उम्मीदें हैं। एशिया कप एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है और भारतीय टीम से यहां बेहतर प्रदर्शन कर टिकट हासिल करने की उम्मीद है।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'गुम है किसी के प्यार में' आने वाला है भावनाओं का भूचाल



**मुंबई।** स्टार प्लस का सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' ने अपने दिलचस्प और मजेदार प्लॉट के साथ दर्शकों का खूब ध्यान खींचा है। शो में दिखाए गए ट्विस्ट एंड टर्न्स और हाई ऑक्टेन ड्रामा ने हमेशा दर्शकों को उनकी टेलीविजन स्क्रीन से चिपके रहने पर मजबूर कर दिया। इस शो का वर्तमान ट्रैक सईं, विराट और सत्या के इर्द-गिर्द घूमता है। हाल ही में प्रसारित प्रोमो के साथ दर्शकों को एक बड़ा ड्रामा देखने को मिला है। सत्या और विराट नशे की हालत में एक दूसरे से सईं के लिए अपनी फीलिंग्स को स्वीकार करते हैं, लेकिन सईं उनकी ये बातें सुन लेती है। सत्या और विराट दोनों सई के प्यार में हैं, लेकिन फिर सवाल उठता है कि अगर सई को अभी भी विराट से प्यार है, तो उसने सत्या से शादी क्यों की? इस सवाल का जवाब देते हुए सत्या खुलासा करता है कि विराट की वजह से उसने सत्या से शादी करने का फैसला किया। इस ट्रैक पर बात करते हुए सत्या की भूमिका में नजर आने वाले हर्षद अरोड़ा कहते हैं,* "यह एक दिलचस्प ट्रैक है जिसे दर्शक शो में देखने जा रहे हैं। सत्या को हमेशा से सईं से प्यार रहा है और अगर सईं ने विराट को चुना, तो सत्या बिखर जाएगा। मुझे पता है कि यह है सत्या के लिए मुश्किल होने वाला है लेकिन वह इस सब से डील करेगा। सत्या के लिए, यह एक इमोशनल रोलरकोस्टर है, और वह जिसे प्यार करता है उसे दूर जाते हुए देखता है। सत्या के सफर में यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। मैं चाहता हूं कि दर्शक सत्या के दर्द को महसूस करें। वास्तव में शो में एक अप्रत्याशित ड्रामा होने जा रहा है। लोग मेरे कमजोर साइड को देखना पसंद करते हैं और सत्या के साथ, मुझे अलग अलग इमोशन्स को निभाने का मौका मिला है। 'गुम हैं किसी के प्यार में' का निर्माण राजेश राम सिंह, पिया बाजपेयी, प्रदीप कुमार और शाइका परवीन ने किया है। यह शो स्टार प्लस पर सोमवार से रविवार रात 8 बजे प्रसारित होता है।



## टीम इंडिया की नई जर्सी हुई लॉन्च, तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग डिजाइन

भारतीय टीम की नई किट स्पॉन्सर ने नई जर्सी लॉन्च कर दी है। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप से पहले एडिडास ने जर्सी दुनिया के सामने रखी। अब भारतीय खिलाड़ी इन्हीं जर्सी में मैदान पर नजर आएंगे। 7 जून से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला खेलने उतरेगी। अभी खिलाड़ी नई ट्रेनिंग जर्सी में ही प्रैक्टिस करते हैं। पिछले ही महीने बीसीसीआई ने एडिडास के साथ 2028 तक के लिए कॉन्टैक्ट साइन किया था। टेस्ट, वनडे और टी20 के लिए एडिडास ने अलग-अलग जर्सी लॉन्च की है। जर्सी लॉन्च का कार्यक्रम वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया गया। विशाल जर्सियों को हवा में उड़ाकर दुनिया के सामने प्रदर्शित किया गया। टी20 में टीम इंडिया कॉलरलेस जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। इसके साथ ही तीनों जर्सी के कंधे पर 3-3 पट्टियां बनीं हैं। 7 जून से टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इसमें टीम नई जर्सी ही पहनेगी। टीम इंडिया नई ट्रेनिंग किट में प्रैक्टिस भी कर रही है। टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खिलाड़ियों के इंग्लैंड पहुंचने के बाद नई ट्रेनिंग किट लॉन्च की गई थी।

# महेन्द्र सिंह धोनी के घुटने की सर्जरी सफल अस्पताल से जल्द मिल सकती है छुट्टी



**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के घुटनों की सफलतापूर्वक सर्जरी हो गई है। गुरुवार को मुंबई के एक अस्पताल में माही के बाएं घुटने की सर्जरी हुई। वह इस सीजन आईपीएल में काफी दर्द में रहे थे और उन्हें विकेटकीपिंग के वक्त लंगड़ा कर चलते हुए देखा गया था। ऐसे में धोनी ने आईपीएल के बाद मिले समय में सबसे पहले घुटनों की सर्जरी कराई।

आईपीएल ट्रॉफी जीतने के 48 घंटे के अंदर ही उन्होंने मुंबई के नामी ऑर्थोपेडिक डॉक्टर दिनशॉ पादीवाला से संपर्क किया था। वह बीसीसीआई के मेडिकल पैनल का भी हिस्सा हैं और कई दिग्गज क्रिकेटर्स की सर्जरी कर चुके हैं। इनमें भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी शामिल हैं।

सीएसके के मैनेजमेंट के एक करीबी सूत्र ने नाम न छापने की शर्तों पर पीटीआई को बताया- हां, धोनी की गुरुवार को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में घुटने की सफल सर्जरी हुई है। वह ठीक हैं और एक या दो दिन में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। रिहैबिलिटेशन शुरू होने से पहले वह कुछ दिनों तक आराम करेंगे। अब ऐसा लगता है कि उनके पास अगले आईपीएल में खेलने के लिए फिट होने के लिए पर्याप्त समय होगा। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने खुलासा किया कि गुरुवार को सर्जरी के बाद उन्होंने धोनी से बात की थी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन के बाद धोनी से बातचीत हुई। वह ये नहीं समझ सके कि सर्जरी किस खास चीज की हुई है, लेकिन यह जरूर पता चला कि यह एक की-होल सर्जरी है। वह हमारी बातचीत में ठीक लग रहे थे। धोनी की पत्नी साक्षी अस्पताल में उनके साथ मौजूद रहीं। धोनी बुधवार (31 मई) शाम को अस्पताल में भर्ती हुए थे। सीएसके मैनेजमेंट ने धोनी के इलाज की देखरेख के लिए अपनी टीम के डॉक्टर डॉ मधु थोट्टापिल को भी मुंबई भेजा है। उनके पूरी तरह से ठीक होने का सही समय अभी भी ज्ञात नहीं है, लेकिन यह अनुमान लगाया गया है कि धोनी लगभग दो महीने में ठीक हो जाएंगे। सोमवार रात आईपीएल जीतने के बाद धोनी ने अगले साल वापस आने और अपने प्रशंसकों के लिए एक अंतिम सीजन खेलने की उम्मीद जताई थी। धोनी ने आईपीएल के पूरे सीजन में बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेला था। बैटिंग करते हुए रन लेने के दौरान भी धोनी परेशानी में दिखते थे। बुधवार को सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा था कि धोनी सर्जरी करवाना चाहते हैं या नहीं यह पूरी तरह से उनका फैसला होगा।

### शुभमन या रोहित नहीं! रिकी ने बताया डब्ल्यूटीसी फाइनल में किस खिलाड़ी से ऑस्ट्रेलिया को रहना होगा सावधान



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की शुरूआत जल्द ही होने वाली है. भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल मैच में आमने-सामने होगी. दोनों टीमों के स्क्वॉड का ऐलान हो चुका है। केएल राहुल चोटिल हैं उनकी जगह ईशान किशन को टीम में शामिल किया गया. वही भारतीय स्क्वॉड और भी कई बड़े दिग्गजों से भरा हुआ है. इस बीच पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया को भारत के इस दिग्गज बैटर से सावधान रहने की सलाह दी है। रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर बात करते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल से पहले विराट कोहली के बारे में बात कर रही होगी। इसको लेकर कोई संदेह नहीं है। इसके अलावा एक और खिलाड़ी है जो उनके चर्चा का विषय है.। यह कोई और नहीं बल्कि चेतेश्वर पुजारा है। चेतेश्वर पुजारा ऑस्ट्रेलिया को पहले ही कई मैचों में परेशान कर चुके हैं। पोंटिंग ने आगे कहा, आस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में पुजारा के ऊपर चर्चा करने की वजह उनका प्रदर्शन है। वह पहले ही ऑस्ट्रेलिया को गहरे जख्म दे चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में बेहतरीन बैटिंग की है।

### छात्राओं ने वृद्धों की मनःस्थिति एवं समस्याओं को जाना

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के निदेर्शानुसार मनोविज्ञान विभाग में आनुभाविक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. रश्मि सिंह के साथ स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सारनाथ स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों की मनःस्थति एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं को जानने का प्रयास किया। साथ ही बीते 31 मई बुधवार को स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने मानसिक चिकित्सालय पांडेपुर जाकर ओपीडी अटेंड किया।

### मुकीमगंज की नृसिंह लीला में हुई क्षीरसागर की झांकी की लीला

**वाराणसी।** श्री नृसिंह लीला बाल समिति मुकीमगंज की प्रसिद्ध नृसिंह लीला का बुधवार को शुभारंभ हो गया। लीला के प्रथम के दिन बुधवार की रात्रि क्षीरसागर की झांकी सजायी गई। इस झांकी का दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र थी। समिति के अध्यक्ष सुनील यादव मामू ने बताया कि लीला के क्रम में एक जून को भगवान बारहा अवतार व प्रहलाद का जन्म, दो जून शुक्रवार को प्रहलाद की पढ़ाई की विशेष लीला होगी। अंतिम दिन तीन जून शनिवार को नृसिंह भगवान का अवतार व खम्भवेधन की लीला होगी। लीला के महामंत्री कमल गुप्ता दादू और कोषाध्यक्ष मुन्नी लाल गुप्ता ने बताया कि मुकीमगंज की प्रसिद्ध नृसिंह लीला का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है।

### शक्ति कलश यात्रा के काशी पहुंचने पर हुआ स्वागत

**वाराणसी।** जिला सुल्तानपुर में आयोजित पांच दिवसीय कन्या कौशल शिविर के जनजागरण के लिए शक्ति कलश यात्रा गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार से चलकर गुरुवार को सुबह दानगंज पहुंची जहां गायत्री साधकों संग क्षेत्रीय जन को जनजागृति कर सायंकाल गायत्री शक्तिपीठ, दानुपुर, बड़ालालपुर, वाराणसी पहुंचा। शक्ति कलश का सावित्री सिंह के संयोजन में गायत्री साधकों ने भव्य स्वागत किया। टोली नायक समर बहादुर सिंह ने जिला सुल्तानपुर में होने वाले कन्या कौशल शिविर की जानकारी दी। सायंकाल 6.30 बजे से शक्ति कलश जनजागरण दीप महायज्ञ का आयोजन शुरू हुआ। गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार से आये टोली सहायक अशोक कुमार सिंह एवं जिला समन्वयक गायत्री परिवार वाराणसी पंडित गंगाधर उपाध्याय ने भी संबोधित किया।

# विकास के बल पर भाजपा फिर फहरायेगी जीत का परचम

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा विकास के बल पर लोक सभा की चुनाव में फिर जीत का परचम लहरायेगा। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नही है। उक्त विचार कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर दूसरे दिन गुरूवार को अपने आवास पर कार्यकताओं के साथ चर्चा करते हुए कही। उन्होंने आगामी दस जून को महाराजा सुहेलदेव विजय दिवस समारोह को लेकर कार्यकताओं को जुट जाने का आवाहन किया।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नौ साल के स्वर्णिम कार्यकाल देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाया है। विभिन्न क्षेत्र में


**बोले अनिल राजभर**

**दस जून को गाजीपुर में होगा महाराजा सुहेलदेव का विजय दिवस समारोह**

ऐतिहासिक कार्य करके दिखाया है।

विकास के बदौलत हर वर्ग में खुशहाली है। पुनरू भाजपा विकास के बल पर केन्द्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी।

इसके पूर्व महाराजा सुहेलदेव की विजय दिवस समारोह कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं को गाजीपुर में पहुंचने का आवाहन किया। अंत में गांव में भ्रमण कर लोगों की समस्या सुनकर निस्तारण कराया। बीडीओ सकलडीहा और पुलिस अधिकारियों



को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर डा. अखिलेश अग्रहरि, अरविंद पांडेय,गोपाल राजभर, अरविंद राजभर, टुनटुन, सूरज सिंह, रिंकू यादव, शैलेंद्र पांडेय, सीरी राय सहित अन्य मौजूद रहे।

### बिल्वेश्वर महादेव के स्थापना दिवस पर संगीत महोत्सव

**वाराणसी।** श्री बिल्वेश्वर महादेव कज्जाकपुरा चौराहा से (कोनियां मार्ग पर आई.डी.एच. कॉलोनी के सामने स्थित) का 11वां स्थापना दिवस समारोह 2 जून शुक्रवार को मनाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व काशीनरेश स्व. डा. विभूतिनारायण सिंह की सुपुत्री महाराज कुमारी कृष्णप्रिया की मुख्य अतिथि होंगी। यह जानकारी संस्थापक एवं कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र कुमार बाजपेयी ने दी है। उन्होंने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ पं. मनीष पाण्डेय की आचार्यत्व में प्रातःकाल सात बजे से रुद्राभिषेक का हवन श्रृंगार एवं सायं छह बजे से शिल्पायन द म्यूजिक हब के ओर से पं. देवाशीष दे संग लोकप्रिय भजन गायिका डॉ. रागिनी सरना व हरनारायण सारडा संग श्रीमती गार्गी सहित संगीतकारों द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति होगी।



# ई-केवाईसी अपडेट नहीं तो किश्त भी नहीं

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जनपद के जिन पंजीकृत कृषकों ने ई-केवाईसी नहीं करायी है उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त नहीं मिलेगी। इसलिए प्रत्येक पात्र किसान को हर हाल में यह प्रक्रिया पूर्ण करानी होगी। ऐसा करने के बाद ही उन्हें स्कीम से लाभांवित करना संभव होगा।

जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी में दो लाख 68 हजार 989 कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। शासन की ओर से स्कीम के अंतर्गत 14वीं किश्त जारी करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। वर्तमान में जिले के 75 हजार 317 किसान ऐसे हैं जिनका ई-केवाईसी अपडेट नहीं है। इस स्कीम का लाभ हरएक पात्र किसान को देने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं लेकिन कई कैंप में किसान ई-केवाईसी कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। फलस्वरूप उनका प्रॉसेस अपडेट नहीं हो पा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने संबंधित कृषकों से अपील की है कि जिनके 'पीएम-किसान' स्टेटस में ई-केवाईसी 'नो' दिख रहा है वह तत्काल अपने आधार के साथ नजदीकी सहज जनसेवा केंद्र पर जाकर ई-केवाईसी अपडेट करा लें। सभी किसानों की सुविधा के उद्देश्य से ई-केवाईसी के लिए एक नया ऐप 'ऑनलाइन पीएम किसान जीओआई मोबाइल ऐप' लांच किया गया है। कृषक इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर में जाकर अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर अपने आधार नंबर से स्वयं ही ई-केवाईसी कर सकते हैं। यह प्रक्रिया करने में जिन्हें असुविधा हो रही है वह अपने ब्लॉक के राजकीय कृषि बीज भंडार या कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं।

# चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को मेहनत करने की जरूरत

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** नगर स्थित पोद्दार भवन में भाजपा कार्यकताओं का संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय रहे। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि डीडीयू नगर पालिका का चुनाव हारने से कार्यकताओं में मायूसी छा गई है। इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं है। चुनाव में हार जीत लगा रहता है इसके जीत के लिए कार्यकताओं को और मेहनत करना पड़ेगा।

कहा कि केंद्र की आर्थिकनीति का ही परिणाम है कि इन नौ वर्षों में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लंबे समय के बाद भारत के पास एक ऐसा नेता है जिसकी पहचान एक वैश्विक राजनेता के रूप में होती है।गरीब मजदूर गांव शहर में शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। यही नहीं लोगों को नल से शुद्ध जल मिले इसके लिए पीएम मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई हर घर नल योजना के तहत अब तक 12 करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल कनेक्शन उपलब्ध करवाया जा चुका है।आज जम्मू और कश्मीर में मोदी सरकार की नीतियों के कारण शांति है।देश की जनता को स्वास्थ्य को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए 15 नए एम्स और 225 मेडिकल कॉलेजों को देश के स्वास्थ्य तंत्र से जोड़ा जा रहा है।

गरीब लोग भी बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ ले सकें इसके लिए 23 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। महिलाओं को धुएं से बचाने के लिए 19.6 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिया गया है।इस दौरान अभिमन्यु सिंह, आलोक वरुण,



पोद्दार भवन में आयोजित कार्यकर्ता गोष्ठी में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

संजय अग्रवाल, संजय राय, ज्योति जायसवाल, सुधीर चौहान, डा. विश्वनाथ, मीना सिंह, सुषमा तिवारी, अखिल पोद्दार, आलोक सिंह,संजय कनौजिया आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पहलवानों के समर्थन में भाकियू ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा पत्रक

**सकलडीहा।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त महिला पहलवानों के समर्थन में भाकियू ने मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम से एसडीएम मनोज पाठक को पत्रक सौपा। इस दौरान महिलाओं का धरना प्रदर्शन जारी रखने का मांग किया। भाकियू के मण्डल अध्यक्ष वाराणसी जितेन्द्र प्रताप तिवारी ने कहा कि कुश्ती एक अंतरराष्ट्रीय खेल है। इस खेल में ज्यादातर महिला खिलाड़ी व पहलवान किसान परिवार से होते है। किसानों की बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की हैं। और देश को गौरव दिलाया है। महिला खिलाड़ियों के साथ हुई दुर्व्यवहार का किसान यूनियन निंदा करता है। वही भाकियू टिकैत के युवा



कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम मनोज पाठक को पत्रक देते हुए भाकियू के पदाधिकारी।

जिलाध्यक्ष रंकज सिंह ने कहा कि एक तरफ तो सरकार का नारा है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और दुसरी तरफ सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी तक नही हो पा रहा है। अंत में चेताया कि सरकार द्वारा प्रमुख मांगो पर समयावधि के अन्दर कार्यवाही नही करने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मौके पर मंडल महासचिव विभूति नारायण तिवारी, तहसील अध्यक्ष रामअवतार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव, मुरलीधर पांडेय, हरिश्चंद्र, गोविंद, राधेश्याम शुक्ला, रामाश्रय प्रजापति, रामजी यादव लालजी यादव जीतू राम आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार के हमलावर पुलिस पकड़ से दूर

जनसंदेश न्यूज


हमले में घायल पत्रकार

रोष

**सरे बाजार दुस्साहसिक हमले से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश**

**दो संदिग्धों को पुलिस ने पूछताछ के लिए उठाया**

**जल्द खुलासे की चुनौती, ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है इलाज**

**शाहगंज।** नगर के अयोध्या मार्ग स्थित सेंट जार्ज पब्लिक स्कूल में बुधवार को दुस्साहस ढंग से पत्रकार समेत तीन लोगों के हमलावर अभी भी पुलिस के पकड़ से दूर हैं। फिलहाल पुलिस ने देर रात घायल पत्रकार के भाई की तहरीर पर एक नामजद समेत छह अज्ञात पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं नामजद आरोपित समेत दो लोगों को पुलिस ने कोतवाली में बैठा रखा है। आरोपितों के सुराग हेतु बीटीएस की मदद ली जा रही है।

मालूम हो कि श्रीरामपुर मोहल्ला निवासी चंचल जायसवाल पुत्र स्व. शान्ति प्रकाश एक न्यूज चैनल के पत्रकार हैं। वहीं अयोध्या मार्ग पर सेंट जार्ज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हैं। बुधवार की देर शाम एक फोन के बाद स्कूल पहुंचे थे। वहीं प्रबंधक के साथ अध्यापक केराकत के बंजारेपुर निवासी संतोष पुत्र राम अधार एवं स्टाफ ताखा पूरब गांव निवासी अंशदीप गौतम भी साथ था। बताया जाता है कि काले रंग की स्कार्पियो वाहन पर सवार आधा दर्जन बदमाश पहुंचे। बातचीत के दौरान बदमाशों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिसमें पत्रकार चंचल जायसवाल एवं संतोष कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। गला हाथ पेट पर दोनों पर कई वार किया गया है। अंशदीप के शोर मचाने पर स्कूल के पीछे के रास्ते से भाग निकले। घटना स्थल से सर्जिकल ब्लेड बरामद किया गया। इसी चाकू का घटना में इस्तेमाल किया गया बताया जा रहा है। फिलहाल पत्रकार व अध्यापक का इलाज वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर में चल रहा है। दोनों खतरे से बाहर बताये जाते हैं।

## बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के समीप बृहस्पतिवार सुबह दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गयी जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों को नजदीकी चिकित्सालय ले जाकर उपचार कराया। जानकारी के अनुसार शकरमंडी निवासी शरद यादव 40 वर्ष हरिहरपुर मार्ग से होते हुए जंगीपुर खुर्द बैंक पर गया हुआ था। सुबह करीब 11 बजे शरद किसी काम से जौनपुर जा रहे थे इसी दौरान हरिहरपुर गांव के निवासी राम सिंगार का 22 वर्षीय पुत्र प्रमोद (गुनगुन) यादव व साथ में प्रदीप यादव पुत्र कैलाश यादव मोटरसाइकिल लेकर दुकान पर सामान लेने जा रहे थे कि दोनों बाइक सवार हरिहरपुर गांव से थोडी दूर पहुंचे ही थे कि अचानक दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और आनन-फानन में दोनों को चिकित्सालय ले जाकर इलाज करवाया जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# एमएलसी ने किया पीएम स्वनिधि महोत्सव का शुभारंभ

कार्यक्रम

**प्रिंशु ने स्ट्रीट वेंडर्स को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**



**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद टाउन हॉल के मैदान में गुरूवार को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने किया। वहीं बेसिक शिक्षा परिवार के बच्चों द्वारा गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति की गयी। इसके अलावा फ्रेंड्स ग्रुप ट्रस्ट द्वारा सरकार की योजनाओं पर नाटक की प्रस्तुति भी की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद बृजेश सिंह ने स्ट्रीट वेंडर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बताया कि भारत सरकार, प्रदेश सरकार द्वारा जनता के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिससे हमारे समाज के गरीब तबके के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। विशेष लाभ रेहड़ी पटरी दुकानदारों को 10,000 से लेकर 50000 तक के लोन बिना किसी ब्याज दर के व्यवसाय करने के लिए सरकार दे रही है। निःशुल्क राशन और तमाम ऐसी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा जनता के हित में आठ अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, रजिस्ट्रेशन बीओसीडब्ल्यू श्रम विभाग इत्यादि के बारे में बताया अतिथियों का स्वागत के एनए रीता रानी विक्रम ने किया। आभार टीएस अंजू राय ने किया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर नगर शिक्षा अधिकारी, एलडीएम बैंक शंकर सावंत, जितेंद्र कुमार सिंह डूडा प्रबंधक, धर्मेंद्र सिंह चिकित्सा विभाग, ज्योति श्रीवास्तव बेसिक शिक्षा विभाग, अजय मौर्या, मोनू श्रम विभाग, राजस्व निरीक्षकगण श्याम बाबू, दीपक कुमार, अंकित उमराव, राकेश यादव, चिकित्सा विभाग श्रम विभाग बैंक नगर पालिका के समस्त कर्मचारीगण, स्ट्रीट वेंडर आदि लोग उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर 197 वाहनों का किया चालान

**जौनपुर।** यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन न करने वाले 197 वाहनों चालान किया साथ ही अवैध टैक्सी, बस, रिक्शा स्टैण्ड, डग्गामार 5 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात कुलदीप कुमार गुप्ता पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी जीडी शुक्ला ने नगर के मुख्य स्थानों पर सघन चेकिंग



अभियान चलाया जिसमें यातायात नियमों का पालन न करने वाले लोगों का चालान किया। वहीं बुलट मोटर साइकिल में तेज आवाज वाले साइलेंसर के विरुद्ध कार्यवाही पर विषेश ध्यान रहा। अवैध टैक्सी, बस, रिक्शा स्टैण्ड व अवैध डग्गामार वाहनों के संचालन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 4 डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही तथा डग्गामार वाहन को सीज किया गया। साथ ही जनपद के सार्वजनिक मार्गो, चौराहों व तिराहों पर लगातार भ्रमणशील रहकर यातायात पुलिस द्वारा आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जैसे नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने सहित संबन्ध में जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि सुतहट्टी तिराहे से डायवर्जन किया गया है जिसमें सुतहट्टी से लेकर कोतवाली तक यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप चल रही है। किसी भी प्रकार कोई जाम की स्थिति नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा इस कार्रवाई की प्रशंसा की गई।

# सड़क सुरक्षा को लेकर आम जनमानस को करें जागरूक


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी अनुज झा

बोले अनुज झा

**डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। उक्त बैठक में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दुओं पर गहनतापूर्वक चर्चा हुई और जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आमजनमानस को जागरुक किया जाये। एआरटीओ प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी को जौनपुर से आजमगढ़ रोड, जौनपुर से सुल्तानपुर रोड, जौनपुर से मछलीशहर रोड एवं जौनपुर से वाराणसी रोड पर सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों के बारे में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त समस्त मार्गो को एनएचएआई द्वारा ठीक करने, लिंक मार्गो पर गति अवरोधक लगाने, जगह-जगह साइनेज लगाने एवं सड़क के मध्य कट वाले स्थानों पर चमकीले रिफ्लेक्टर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सभी अधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित अपनी जिम्मेदारियों/कर्तव्यों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खंड जैनू राम, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड राजेंद्र कुमार, बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल, एआरटीओ (प्रशासन) एसपी सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) स्मिता वर्मा, टीआई जीडी शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### वादकारियों के मुकदमों की एसडीएम ने की सुनवाई

**केराकत।** ढाई माह से एसडीएम कोर्ट का बार बेंच के अधिवक्ताओं द्वारा कोर्ट का बहिष्कार जारी है। जिसकी वजह से वादकारियों को मुकदमे की सुनवाई के लिए काफी दिक्कत हो रही थी। इसी समस्याओं के बीच गुरूवार को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने अपने न्यायालय में दोपहर में बैठकर आये हुए वादकारियों के विभिन्न मुकदमों की सुनवाई की। इस दौरान वादकारियों ने अपने मुकदमों को लेकर बिना किसी अधिवक्ता के सहयोग से अपनी बात एसडीएम के समक्ष रखी। लगभग ढाई महीने बाद न्यायालय में बैठकर सुनवाई होने से वादकारी खुश नजर आए। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहाकि पिछले ढाई माह से कोर्ट न चलने की वजह से वादकारियों को काफी दिक्कत हो रही है। हर रोज वह कोर्ट परिसर आकर लौट जाया करते थे। ऐसी स्थिति में इस बात को हमने अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जिसके तहत दोपहर में एसडीएम ने कोर्ट में बैठकर आये हुए वादकारियों के 25 से 30 मुकदमे की सुनवाई की।

### जन चौपाल का आयोजन आज

**जौनपुर।** जिला विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत राजापुर प्रथम, विकासखंड मड़ियाहूं में 2 जून को दोपहर 12 बजे से जन चौपाल आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया है कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ ग्राम पंचायत राजापुर प्रथम, विकास खंड मड़ियाहूं में स्वयं उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों को अपने विभाग से संबंधित योजनाओं से अवगत कराएं एवं समस्याओं का समाधान करें।

### हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**सुइथाकला।** बुधवार सुबह क्षेत्र के अमावांकला गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान अधेड़ की मौत के मामले में हत्यारोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गौरतलब हो कि उक्त गांव निवासी रामजीत पाल पुत्र बचई और अशोक कुमार पाल पुत्र रामप्यारे के बीच पुराने समय से जमीनी विवाद होता चला आ रहा था। इसी बीच बुधवार सुबह पानी गिराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी जिसमें लाठी की चपेट में आने से मौके पर ही 48 वर्षीय अशोक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपनिरीक्षक सुनील कुमार व हेडकांस्टेबल विनोद कुमार यादव द्वारा हत्यारोपी रामजीत पुत्र बची को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

### अर्धविक्षिप्त भाई ने की फावड़े से प्रहार कर बहन की हत्या

**सुजानगंज।** क्षेत्र के सरायभोगी गांव में अर्धविक्षप्त भाई ने गुरुवार की सुबह फावड़े से प्रहार कर बहन की हत्या कर दी। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आरोपित भाई को हिरासत में ले लिया है। एकाएक हुई इस घटना से परिवार में जहां मातम छा गया है वहीं पूरे गांव के लोग स्तब्ध हैं। सरायभोगी गांव निवासी ननकू राम पटेल की 17 वर्षीय पुत्री श्रद्धा उर्फ गुड़िया सुबह दरवाजे पर बैठकर बर्तन साफ कर रही थी। परिवार के लोग भी अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान हाथ में फावड़ा लिए पहुंचा उसका बड़ा भाई 25 वर्षीय पवन कुमार जो अर्धविक्षप्त है फावड़े से गुड़िया के ऊपर प्रहार कर दिया। इस दौरान गुड़िया गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर गई। घटना के बाद पवन रक्त फावड़ा लेकर वहीं बैठ गया। जानकारी होते ही परिवार के अन्य सदस्य दौड़े और गुड़िया को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डाक्टरों ने देखते ही गुड़िया को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई। वहीं घर पर विक्षिप्त भाई पवन को भी हिरासत में ले लिया। मृत गुड़िया के पिता की तीन वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। घरवालों का कहना है कि पवन अर्धविक्षिप्त है व रोजाना लड़ाई-झगड़ा करता था, लेकिन वह ऐसा कदम उठा लेगा इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। बेटी की मौत के बाद मां सावित्री पटेल का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मछली गांव ग्राम पंचायत में स्थित तालाब में नहाते समय डूबने से एक युवक की मौत हो गई। अन्य साथियों द्वारा उक्त युवक को तालाब से किसी तरह बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां डाक्टर ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ऊदपुर घाटमपुर गांव निवासी गोलू अपनी रिश्तेदारी कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गाँव गया हुआ था। पास के मछली गांव में स्थित तालाब में वह नहाने गया जहां डूबकर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर गोलू के परिजनों को लगी तो वह अस्पताल पहुंच गए। गोलू को मृत अवस्था में देखकर परिजन दहाड़ मार-मार कर रोने लगे।

बैठक

**पत्रकार वार्ता में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर गिनायी उपलब्धियां**

# वैश्विक मंच पर भारत की विरासत को मिला है सम्मान : दिनेश प्रताप


पत्रकारों को सम्बोधित करते मंत्री दिनेश प्रताप

**जौनपुर।** मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर जिला प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, लोकसभा प्रभारी बृजेन्द्र राय, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, विधायक रमेश चंद्र मिश्रा की उपस्थिति में नगर के एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहाकि 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद आज देश के हर क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है बल्कि देश के भीतर भी गरीब, वंचित, किसान महिलाओं समेत सभी वर्गों का सामान विकास हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि पहले जब कोई विदेश जाता था, तो उसे तमाम सवाल झेलना होता था, लेकिन अब लोगों के मन में नई जिज्ञासा आई है। ये सिर्फ मोदी का नहीं, बल्कि सभी 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान था। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। उन्होंने मोदी सरकार और उसके पहले की सरकारों के नजरिए में मूलभूत अंतर बताते हुए कहा कि पहले की सरकार समस्याओं के समाधान के लिए टुकड़ों में कदम उठाती थी। लेकिन आज मोदी सरकार समस्याओं के संपूर्ण समाधान के लिए योजनाएं बनाई और उन्हे सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने कहा कि हर घर शौचालय हर गरीब को पक्का मकान गरीबों को मुफ्त में बिजली कनेक्शन गैस सिलेंडर नल से जल जैसी योजनाएं इसका प्रमाण है, किसानों के आय में भी काफी वृद्धि हुई है।

उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर से दिल्ली की दूरी पहले बहुत ज्यादा थी, आज दिल्ली से पूर्वोत्तर की दूरियां भी कम हुई है और वह क्षेत्र शांति के साथ विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। किसी भी देश की प्रगति में, नीति-निर्णयों में ठहराव एक बहुत बड़ी बाधा होता है। उन्होंने आगे कहा कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 1334398 लाभार्थियों के सापेक्ष 631802 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए है। जनपद में इस योजना के तहत 32145 का उपचार हुआ है। जनपद में 14 ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गयी है।

जनपद में एक राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसमें वर्तमान समय में पठन और ओपीडी नियमित संचालित है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 174901 लाभार्थियों को आधार कार्ड से जोड़ते हुये पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानियां, जिला मंत्री राजू दादा, डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, इन्द्रसेन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने फौजी के साथ भी किया खेल तहरीर बदलवा कर लिखा मुकदमा

**थानागद्दी।** केराकत कोतवाली थाना पुलिस तहरीरों को अपने मुताबिक बदलवाने में खास माहिर है। आम हो या खास होगा वही जो कोतवाली पुलिस चाहेगी। खास बात यह कि पुलिस भी ऐसा इसलिए कर पाती है क्योंकि उसे दलालों की शह मिलती है। ताजा मामला सरौनी पश्चिम पट्टी गांव निवासी फौजी अविनाश का है। अविनाश के घर बीते सप्ताह ग्यारह लाख सत्तर हजार की चोरी हो गई। अविनाश के मुताबिक जब वह थाने पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने गए तो पुलिस ने तहरीर को बदलवा दिया और अपने मुताबिक प्राथमिकी दर्ज कर ली। अविनाश के अनुसार कितने रुपयों की चोरी हुई पुलिस ने मुकदमे में इसका जिक्र ही नहीं किया। एफआईआर की कापी पढ़कर फौजी के पैरों तले की जमीन खिसक गई। उसने कोतवाल से मिलकर आपत्ति जताई लेकिन कोतवाल ने एक न सुनी। फौजी भी अड़ गया और गुरुवार को पुलिस कप्तान के पास पहुंच कर शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित ने आरोप लगाया की वे केराकत इंस्पेक्टर से बीस बार मिले लेकिन इंस्पेक्टर ने कोई कार्यवाई नहीं हुई। फौजी ने कप्तान से परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की। उन्होने लिखा कि जांच अधिकारी राकेश तिवारी भी जांच के नाम पर महज दिन काट रहे हैं। फौजी ने कप्तान से अपनी छुट्टी खत्म हो जाने के बाद ड्यूटी पर रवाना हो जाने की बात कही और न्याय की गुहार लगाई। जिस पर कप्तान ने न्याय का आश्वासन दिया और मामले की जांच के लिए सीओ को निर्देश दिया।

## मारपीट में महिला सहित दो घायल

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत जखनिया गांव में बच्चों में हुई कहासुनी को लेकर एक पक्ष के राज तिवारी, युवराज तिवारी, रोहित तिवारी व विकास तिवारी ने दूसरे पक्ष के लालबहादुर यादव व नान्हू यादव को गाली देते हुए मार पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने लालबहादुर यादव की तहरीर आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। वहीं बामी गांव में गुरुवार की सुबह कमला देवी द्वारा खेत में पिलर बनाने से मना करने पर जंगबहादुर यादव, मानिकचन्द्र यादव, फूल देवी ने उसको गाली देते हुए मारा पीटा जिससे उसे चोटें आयी। पुलिस पीड़ित महिला का मेडिकल कराकर एवं उसकी तहरीर के आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# चार ईंट-भट्ठों पर छापेमारी की कार्रवाई


ईंट-भट्ठे पर छापेमारी की कार्रवाई करते अधिकारी

**जौनपुर।** शासन के निर्देश पर जनपद में राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान इकाई वाराणसी द्वारा चार ईट भट्ठों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। रघुराज सिंह ईट उद्योग सिकरारा, अभिषेक ईट उद्योग मड़ियाहूं, सुभाष चंद्र चौहान ईट उद्योग सिद्दीकपुर, सिंह ईट उद्योग बेलवा राम सागर की जांच पर यह पाया गया कि उपरोक्त ईट भट्ठा द्वारा विगत कई वर्षों से कोई जीएसटी कर जमा नहीं किया जा रहा है। इनमें से दो ईट भट्ठे ऐसे थे जिनका पंजीयन 2022 में ही निरस्त था। शासन के बार-बार दिए गए निर्देश के क्रम में भी जनपद में कई ऐसे ईट भट्ठा है जो जीएसटी में बिना पंजीकृत होकर चल चल रहे है। विगत 3 दिनों से ईट भट्ठा के खिलाफ लगातार अभियान प्रशासन के सहयोग से चलाया जा रहा है। एसडीएम केराकत के नेतृत्व में 4 ईट भट्ठा की जांच की गई थी जिसमें 100000 राजस्व जमा कराया गया था। राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने खनन विभाग के साथ कार्यवाही करते हुए चौहान ईट उद्योग त्रिलोचन महादेव कच्ची ईंट नष्ट कराई गई तथा भट्ठे में पानी डाल दिया गया। मुकेश सिंह ईट भट्ठा जलालपुर में कड़ी कार्यवाही करते हुए खनन अधिकारी द्वारा लगभग 50000 कच्ची ईंट नष्ट कराई गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि इस तरह की कार्यवाही लगातार 30 जून तक जारी रहेगी। ऐसे सभी करा पंचक ईट भट्ठा जो जीएसटी में अभी भी बिना पंजीयन लिए चल रहा है उनके खिलाफ सघन अभियान करते हुए कार्यवाही किए जाने के निर्देश ऊपर से दिए गए हैं। अनुसंधान इकाई वाराणसी ने बताया कि सुभाष चंद्र चौहान ईट भट्ठा की जांच के सभी कागजात ले जाया जा रहा है इसमें देखा जाएगा कि कितनी लागत से ईटी बनाया बन रहा है और कितने में बेच रहे है यह सब जांच करने के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट को भेज दिया जाएगा।

## छप्पर में लगी आग, चार मवेशी झुलसे, एक की मौत

**सिकरारा।** थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव की यादव बस्ती में अज्ञात कारणों से लगी आग से छप्पर में बंधे चार मवेशी बुरी तरह झुलस गए जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। अगलगी से आम के फलदार पेड़ भी झुलस गए।

उक्त गांव के रामदुलार यादव के घर पीछे बगीचे में बने छप्पर में उनकी एक गाय, बछिया एक भैंस, पड़िया व पड़वा बंधा था। दोपहर एक बजे उक्त छप्पर से आग की लपटें निकलते देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाया जब तक लोग पहुँचते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फिर भी लोगों ने साहस जुटाकर बछिया और भैंस का सीकड़ खोल कर बचा लिया लेकिन बुरी तरह से झुलसी गाय ने दम तोड़ दिया और एक पड़िया व पड़वा बुरी तरह झुलस गए जिनका स्थानीय उपचार कराया जा रहा है। अगलगी में बगीचे में लगे फलदार कई आम के पेड़ झुलस गए। अगलगी की सूचना पाकर सपा जिला उपाध्यक्ष राजनाथ यादव, शिवजीत यादव सहित क्षेत्र के लोग पहुँच गए। गांव के आम रास्ते के किनारे छप्पर होने से लोग आशंका जता रहे है कि कोई राहगीर बीड़ी सिगरेट आदि पीकर लापरवाहीवश फेंक दिया होगा।

# गुरु की करतूतों से अभिभावक चिंतित

आशिकी पड़ी भारी

**आशिक मिजाज शिक्षक को कॉलेज के मान सम्मान की भी नहीं है परवाह**

**पूर्वांचल का माना जाना कॉलेज है तिलकधारी सिंह महाविद्यालय**

**जौनपुर।** गुरु का पद समाज में बहुत खास होता है लेकिन गुरु जब शिक्षा देने की बजाय आशिक मिजाज हो जाता है तो अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होने लगते हैं। इस युग में गुरु-शिष्य के रिश्ते को कई गुरुओं ने बदनाम कर दिया है। कुछ हवस के भूखे लोगों ने इस रिश्ते की मयार्दा को तार-तार कर दिया। ऐसे कई मामले पिछले दिनों सुर्खियों में आए जहां गुरु की हरकतों ने पूरे समाज को शर्मसार कर डाला।

हमारे जीवन में शिक्षक की अहम भूमिका होती है और शिक्षक के लिए सबसे गर्व का क्षण वो होता है, जब उनका कोई छात्र या छात्रा उनका नाम रोशन करता है। सफलता के नए आयाम हासिल करता है। गुरु को हमारी संस्कृति में बहुत ऊंचा दर्जा दिया है लेकिन इस युग में इस पावन पवित्र रिश्ते को कई गुरुओं ने बदनाम कर दिया है। बात हो रही है नगर के प्रतिष्ठित तिलकधारी सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की। जो न केवल जौनपुर बल्कि पूर्वांचल में एक माना जाना कॉलेज है। यहां से शिक्षा हासिल कर-के निकलने वाले छात्र छात्रा देश और प्रदेश के अलग-अलग विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यहां शिक्षा भी उच्च क्वालिटी की दी जाती है। हाल ही में कुछ ऐसी घटनाएं हुई जिससे शिक्षक समाज भी शर्मसार हो गया है। पिछले सप्ताह प्राचीन इतिहास के विभागाध्यक्ष डा. प्रदीप सिंह पर एक छात्रा पर बीएड व टीईटी पास कराने का प्रलोभन देते हुए शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए दबाव डाला गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद लाइन बाजार थाना पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए डा. प्रदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया था। महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने रविवार को आपात बैठक में आरोपित डा. प्रदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर पूरे प्रकरण की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि इसी तरह का एक और मामला सामने आ गया। बदलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला लाइन बाजार थाना क्षेत्र के यूपी सिंह कालोनी में किराये पर मकान लेकर अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ रहती है। महिला का आरोप है कि उनका पुत्र बुधवार की सुबह 10 बजे इसी कालोनी में रहने वाले प्राध्यापक संतोष सिंह के घर किताब लेने गया था। संतोष सिंह ने उनके पुत्र को कमरे में बंद कर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। अब यहां सवाल यह उठता है कि अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के लिए अगर कॉलेज में भेजे तो कहां तक निगरानी करें। परीक्षा में अच्छे अंक दिलवाने के नाम पर छात्रा पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने वाले ऐसे शिक्षक समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसे रंगीले मिजाज के शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि अभिभावक निश्चिंत होकर अपने बच्चों को विद्यालय भेज सकें।

# चलती ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**बदलापुर।** बृहस्पतिवार की दोपहर बक्शा थाना क्षेत्र के औंका गांव प्राथमिक विद्यालय स्थित रेलवे ट्रैक के पास चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उक्त घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। स्थानीय लोगों की माने तो कोटा से चलकर पटना की तरफ जा रही कोटा पटना एक्सप्रेस ट्रेन के गेट से गिरकर उक्त युवक घायल हुआ है। उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गोपी कुमार पुत्र संजय विश्वास निवासी कमरेली थाना कटिहार जिला बिहार के रूप में किया गया। वहीं करीब तीन घंटे बाद पहुचें घायल के भाई निखिल कुमार और छोटेलाल अस्पताल पहुंचे।

## संक्षेप

### मेहनत और लगन से करें ट्रेनिंग, कंपटीशन का है दौर : नीलिमा कटियार



**जौनपुर।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल की महिला एवं बाल विकास समिति की उप समिति के सदस्यों द्वारा भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण के क्रम में कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्र उद्योग विकास संस्थान प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित छात्राओं से प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत रूप से पूछा गया। इस दौरान छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कानपुर की विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि कौशल विकास के तहत फैशन डिजाइनर की जो ट्रेनिंग आपको यहां दी जा रही है, उसको मेहनत से सीखना है, बहुत ही कंपटीशन का समय है, आपको स्वयं को इस सेक्टर में स्थापित करना है और अपने घर का और जनपद के मान बढ़ाना है। फरूर्खाबाद की विधायक डॉ. सुरभि ने कहा कि आपको यहां ट्रेनर जो भी ट्रेनिंग दे रहे हैं, नई तकनीकों के बारे में बता रहे है, इसका प्रयोग करके आपको अपने पैरों पर खड़े होना है न कि घर बैठना है। इस अवसर पर समिति के सदस्य हमीरपुर विधायक मनोज कुमार, आगरा विधायक बाबूलाल, सहारनपुर की एमएलसी वंदना वर्मा, शाहजहांपुर विधायक सलोनी तथा बुलंदशहर विधायक ने प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित छात्राओं तथा ट्रेनर्स से ट्रेनिंग के बारे बारीकी से पूछताछ की तथा प्रशिक्षण के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा की सोशल मीडिया वैरियेंट की बैठक संपन्न



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया संवाद की बैठक जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी बृजेन्द्र राय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने आये हुये सोशल मीडिया के लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि सोशल मीडिया एक ऐसा मीडिया है, जो बाकी सारे मीडिया प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और समानांतर पोर्टल मीडिया से अलग है। सोशल मीडिया इंटरनेट के माध्यम से एक वर्चुअल वर्ल्ड बनाता है जिसे उपयोग करने वाला व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि का उपयोग कर पहुंच बना सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुये कमलवती सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया सकारात्मक भूमिका अदा करता है जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह और देश आदि को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे कई विकासात्मक कार्य हुए हैं जिनसे कि लोकतंत्र को समृद्ध बनाने का काम हुआ है जिससे किसी भी देश की एकता, अखंडता, पंथनिरपेक्षता, समाजवादी गुणों में अभिवृद्धि हुई है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि 2014, 2019 के आम चुनाव व 2017 एवं 2022 के विधानसभा के चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने जमकर सोशल मीडिया का उपयोग कर आमजन को चुनाव के जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने किया।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मीरगंज।** देश के लिए मेडल जीतने वाली बेटियों को जंतर मंतर से हटाये जाने से दुखी संयुक्त किसान मोर्चा के आधा दर्जन लोगों ने जंघई में धरना प्रदर्शन कर थानाध्यक्ष मीरगंज को ज्ञापन सौंपा। धरने को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 28 मई को जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों के साथ जघन्य अपराध किया है उसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए। महिला पहलवानों पर 28 मई को दिल्ली पुलिस द्वारा संगीन धाराओं में पंजीकृत किये गये सभी मुकदमे वापस लिये जाएं। उन्होंने तीन सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता को सौंपा। धरना प्रदर्शन में शैलेश वर्मा जिलाध्यक्ष, सुभाष चंद्र पटेल, कल्पनाथ गुप्ता, बाबू राम, राजनाथ यादव, जगदम्बा प्रसाद, सबिता, अनीता, समला तथा प्रभावती शामिल रहीं।

# सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिलाएं अधिकारी : डीएम

**जौनपुर।** पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण अभियान की जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र किसानों को योजना से लाभान्वित कराना शासन की प्रतिबद्धता है। 15 जून तक आयोजित होने वाले शिविर में कोई पात्र वंचित नही होना चाहिए।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

बैठक में अभियान की प्रगति के बारे में उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि अब तक कुल 874 शिविर आयोजित किए गए जिनमें कुल 33790 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 16482 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया शेष निस्तारण की प्रक्रिया में चल रही है। जिलाधिकारी द्वारा प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शिविर को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रबन्धक सीएससी को निर्देशित किया कि नए पंजीकरण एवं ई - केवाईसी की फीस 15 रुपये है इससे अधिक किसानों से नही लेना है। उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लेखपालों को शिविर में प्रतिभाग कराए और स्वयं भी निरीक्षण कर किसानों को लाभान्वित कराए। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पंचायत सचिवों के माध्यम से शिविर में कम्प्यूटर की उपलब्धता, बैठने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। एक दिन पूर्व गांव में मुनादी कराकर प्रचार प्रसार कराए। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि शिविर में विभागवार सभी संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए कौन समय से नही पहुंचे उसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराए। अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस मौके पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि, जिला प्रतिनिधि सीएससी एवं वरिष्ठ प्रबन्धक पोस्ट आफिस आदि मौजूद रहें।

## विकास कार्यो की होगी सोशल ऑडिट

**ज्ञानपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कराए गए कार्यों व प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यों की हकीकत अब सामने आएगी। अभोली एवं सुरियावां ब्लाक के 123 ग्राम पंचायतों में दोनों योजना के तहत 2022-23 में कराए गए कार्यों की सोशल आडिट कराई जाएगी। निदेशालय की ओर से आडिट के लिए कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ आडिट टीम के सदस्यों को जरूरी अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को दिया गया है। ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों एवं उस पर खर्च किए गए धन की वास्तविकता सामने आ सके। सोशल आडिट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला कोआर्डिनेटर सोशल आडिट ने बताया कि अभोली ब्लाक के 56 व सुरियावां ब्लाक के 67 ग्राम पंचायतों में मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास के कार्यों की आडिट कराई जाएगी। आडिट टीम की रिपोर्ट के आधार कार्रवाई तय की जाएगी।

# पथ विक्रेता स्वनिधि योजना से बनें आत्मनिर्भरः सांसद

**आयोजन**

### पीएम स्ट्रीट वेडर्स आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के अन्तर्गत आयोजित हुआ स्वनिधि महोत्सव

जनसंदेश न्यूज



पीएम स्ट्रीट वेडर्स आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के तहत प्रमाणपत्र के साथ खड़े चयनित

**भदोही।** प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के अन्तर्गत स्वावलंबी रेहड़ी पटरी वालों को सशक्त बनाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क ज्ञानपुर में स्वनिधि महात्सव का भव्य कार्यक्रम जिला नगरीय विकास अभीकरण डूडा द्वारा आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ सांसद रमेश चन्द बिन्द, विधायक दीनानाथ भाष्कर, विधायक विपुल दूबे, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को पथ विक्रेता ऋण वितरण, क्रेडिट अनुशासन और डिजिटल लेनदेन अपनाने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा महोत्सव में आये नये पथ विक्रेताओं को योजना की जानकारी देते हुए उनका रजिस्ट्रेशन कर वित्तीय अनुदान प्रदान करने स्वीकृति प्रदान की गई। पीओ डूडा शशि कुमार मलहोत्रा ने बताया कि कोरोना काल में छोटे-छोटे व्यवसाय द्वारा आय प्राप्त करने वाले वेंडरों, मजदूरों ने अपना व्यवसाय खो दिया था, उनको पुनः अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिए देश के प्रधानमंत्री जी ने पीएम स्वनिधि योजना से ऋण देकर अपने पैरों पर खड़ा करने का एक जरिया प्रदान किया है। सांसद ने लाभकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए स्ट्रीट वेंडरो को स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया।

## संक्षेप

### मानवता का रास्ता दिखाता है जेसीआई : कार्तिकेयन



**जौनपुर।** जेसीआई संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके कार्तिकेयन ने अपने उद्बोधन में जेसीआई संस्था के कार्यों को बताते हुए कहाकि जेसीआई चेतना के द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय है। जेसीआई संस्था मानवता की सेवा के लिए रास्ता दिखाने का कार्य करती है। दिव्यांग स्कूल के बच्चों को यूनिफॉर्म ड्रेस का वितरण करते समय जेसीआई चेतना संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष अभिनव चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष विशाल धोना, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, गौरव मेहरोत्रा, गौरव सेठ, विशाल गुप्ता, अभिलाषा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह (रानू), पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार एवं संजय गुप्ता के साथ सभी सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष के शुभ हाथों से 54 बच्चों का यूनिफॉर्म ड्रेस वितरण के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक हटाना है। जौनपुर को स्वच्छ बनाना है इस स्लोगन के लिखे हुए कपड़े का बैग अतिथियों के हाथों से शुभारंभ कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू जायसवाल, अनीता सेठ, रिंकी जायसवाल, निशा सिंघानिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में दिलीप सिंह, निर्भय जायसवाल, संगीता जायसवाल, शुभम सिंह, मोहम्मद सरफराज, धीरज मिश्रा, अर्चना सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### डीएम के मार्गदर्शन में जनपद के सभी विभागों में आयोजित हुआ जनसंवाद दिवस

**भदोही।** 1 जून 2023-जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की दिशा में प्रत्येक वृहस्पतिवार जनसंवाद दिवस (विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस) का आज सभी विभागों द्वारा आयोजन कर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी के पहल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुंवर वीरेन्द्र मौर्या की देख रेख में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस व अन्य शिकायती पोर्टल पर लम्बित वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में असंतुष्ट फीडबैक वाले शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर त्वरित निस्तारण किया किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग में जनसंवाद दिवस का आयोजन कर बताया कि मुख्यमंत्री शिकायत पटल एवं अन्य पटल पर प्राप्त शिकायतों में असंतोषजनक फीडबैक शिकायतों का आज त्वरित व गुणर्वत्तापूर्ण समाधान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस सहित सभी शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक वृहस्पतिवार जन संवाद दिवस में असंतुष्ट फीडबैक में से गुरुवार को 428 शिकायतों का लगभग सभी कार्यालयध्यक्षों द्वारा असंतुष्ट शिकायतकताओं व अन्य रिपीटेड/डिफाल्टर/सी श्रेणी के शिकायतकताओं से स्वयं एवं अधीनस्थ के द्वारा सुनवाई किया गया। तथा मौके पर 334 शिकायतों का गुणवत्ता परक त्वरित निस्तारण किया गया। शेष असंतुष्ट शिकायतों का विभागीय गठित कमेटी द्वारा निस्तारण किए जाने के क्रम में आवश्यक कार्यवाही की गयी।

### सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के संकल्प का 9 साल : बघेल

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर गुरुवार को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने डाक बंगले में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मोदी सरकार के पिछले 9 वर्ष सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, वैश्विक प्रतिष्ठा, आर्थिक सुदृढ़ीकरण आदि क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी नीतियों में अंत्योदय व सेवा के संकल्प को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने कहाकि आधुनिकता और सांस्कृतिक विरासत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर भारत की ओर संकल्पित भाव से कार्यरत हैं। कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाजपा की विचारधारा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सांसद बीपी सरोज, जिला अध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल, राजकृष्ण शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. लीना तिवारी, संतोष मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### मनीष बने मछलीशहर लोकसभा प्रभारी

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली द्वारा काशी क्षेत्र के सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों की नियुक्ति करते हुए सभी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताते चलें कि काशी क्षेत्र के 14 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों की नियुक्ति में जिले के मछलीशहर लोकसभा का प्रभारी मनीष सेठी को बनाया गया है जो पूर्व काशी क्षेत्र भाजपा महामंत्री के पद पर रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिले से मनीष सेठी को मछलीशहर लोकसभा का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी के पदाधिकारी समेत कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते शुभकामनाओं के साथ ढेर सारी बधाई दी और पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसके लिए हौसला अफजाई की।

### पेयजल पाइप लाइन फटी, नागरिकों ने किया प्रदर्शन

**गोपीगंज।** एक तरफ जहां देश में पानी की कमी को देखते हुए सरकार द्वारा जल संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये जा रहे है। लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह पैसा जागरुकता के ऊपर खर्च किया जा रहा है। धरातल पर वास्तविकता यह है कि जल संरक्षण के इतने प्रयास के बाद भी जल की बबार्दी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही एक मामला नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर तीन शिव नगर कालोनी जीटी रोड से बड़े शिव मार्ग में देखा गया जहां पानी की पाइप लाइन फट जाने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा है।जिसके कारण लोगो के घरों में पानी घुसकर दिवालों को छतिग्रस्त कर रहा है। पानी की बबार्दी के मामले में आम जनता की बात तो दूर है। बबार्दी करने में जलकल विभाग की लापरवाही देखने को मिलती है। बृहस्पतिवार को वार्ड नंबर तीन के निवासियों ने पालिका के खिलाफ लामबंद होकर प्रदर्शन कर पालिका प्रशासन से तुरंत निस्तारण कराए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से दीपक कुमार अग्रहरी, अफसर अली, गोपीनाथ विश्वकर्मा, संजय कुमार मोदनवाल, राकेश कुमार बिंद, मोहम्मद रियाज, ताराचंद मोदनवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### अनन्या श्रीवास्तव को दी गयी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के आवास पर एक शोक सभा बुधवार को आयोजित की गई जिसमें सनबीम स्कूल अयोध्या की दसवीं की छात्रा अनन्या श्रीवास्तव की निर्मम हत्या किए जाने को लेकर मोमबत्ती जलाकर सभी चित्रांश बंधुओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा यह मांग किया कि इस घटनाक्रम से संबंधित जो भी आरोपी हैं उन्हें कठोर दंड दिया जाए साथ ही ऐसा अपराधिक कृत्य करने वाले समस्त विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कारवाई किया जाए। शोक सभा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु, मनीष श्रीवास्तव विश्व प्रकाश उर्फ दीपक श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, नलनीश श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। शोक सभा का संचालन महामंत्री सुरेश अस्थाना ने किया।

# युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कार्रवाई**

### युवती ने जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक भदोही से की थी शिकायत

जनसंदेश न्यूज




ब्लैकमेल करने में पकड़े गए आरोपी को मीडिया के सामने पेश करते पुलिस उपाधीक्षक

**भदोही।** विगत दिनों जनसुनवाई के दौरान शिकायत प्राप्त हुई कि एक युवती के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की विभिन्न आईडी (इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप) को हैक कर अश्लील वीडियो भेजकर पैसे की मांग की जा रही थी।

शिकायत की गहराई से छानबीन के उपरांत तथ्य प्रकाश में आया कि युवक व युवती का प्रेम विवाह 01 वर्ष पूर्व कोर्ट ज्ञानपुर जनपद भदोही में हुआ था तत्पश्चात बड़े शिव मंदिर गोपीगंज में भी हिंदू रीति रिवाज से दोनों परिवारों की सहमति से शादी सम्पन्न हुई थी। लड़की और लड़के में विगत 06 माह बाद आपस में विवाद होने लगा था जिसके कारण लड़की अपने मायके आ गई थी और उस लड़के के साथ नहीं रहना चाहती थी। लड़के ने इसके लिए विदाई कराने हेतु कोर्ट के माध्यम से 109 का मुकदमा किया गया था, उसी दौरान लड़के ने लड़की को परेशान करने की नियत से उसके नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर लड़की के मोबाइल नंबर पर अश्लील मैसेज फोटो एडिटिंग करके भेजने लगा था तथा धमकी भरा चैट भी करता रहा जिससे तंग आकर लड़की द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दी। जब लड़के को जानकारी हुई कि मेरे खिलाफ जांच चल रही लड़के ने उसका व्हाट्सएप अपने दूसरे मोबाइल में इंस्टॉल कर लड़की के व्हाट्सएप नंबर से अपने नंबर पर धमकी भरा एवं 04 लाख रुपये की मांग किए जाने संबंधी चैट किया।

लड़की को फंसाने की नियत से अपने पिता को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लड़की पर यह आरोप लगाया कि लड़की मेरे खिलाफ फर्जी शिकायत पूर्व में की है तथा अभी भी वह अपने व्हाट्सएप नंबर से मुझे मैसेज भेज कर 04 लाख रुपये की मांग कर रही है तथा न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है जिसका स्क्रीनशॉट मेरे प्रार्थना पत्र में संलग्न है। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल को जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। लड़के और लड़की दोनों की प्रार्थना पत्रों की जांच के दौरान पाया गया कि लड़के द्वारा ही लड़की पर मैसेज व अश्लील फोटो भेजा गया है। लड़के ने यह कबूल भी किया है कि मैं उससे बहुत प्यार करता हूं इसलिए उसे अपनाने के लिए यह सब काम कर रहा था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता आनंद मोदनवाल पुत्र राजेश उर्फ लल्लन मोदनलाल निवासी गोधना बाजार थाना ऊंज जनपद भदोही है।

# गोली मारकर हत्या के दोषी अभियुक्तों को उम्र कैद

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### भदोही पुलिस द्वारा न्यायालय में लगातार प्रभावी पैरवी करते हुए दोषी अभियुक्तों को दिलायी जा रही त्वरित सजा

**भदोही।** 17 दिसंबर 16 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोइलरा में मोटरसाइकिल खड़ी करने के विवाद को लेकर मारपीट के दौरान एक पक्ष द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बंध में पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही के पश्चात आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।

डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गम्भीर अपराध के अभियोगों को सूचीबद्ध कर न्यायालय से अधिकतम त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक विकास नारायण सिंह की प्रभावी पैरवी तथा पैरोकार द्वारा सम्बंधित गवाहन को ससमय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराने के फलस्वरुप गुरुवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद भदोही द्वारा लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर हत्या करने के दोषी कुल चार अभियुक्तों कृष्ण कुमार जायसवाल, शनि जायसवाल, लवकुश उर्फ महेश जायसवाल पुत्रगण स्व. रामचंद्र जायसवाल व सौरभ जायसवाल व पुत्र रामजी जायसवाल समस्त निवासीगण कोईलरा थाना गोपीगंज जनपद भदोही प्रत्येक को आजीवन कारावास व 57 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

# मोदी के 9 साल, जनता परेशानः मुशीर इकबाल

**भदोही।** केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य मुशीर इकबाल ने बड़ा हमला बोलतें हुए कहा कि मोदी के इन 9 वर्षो मे किसान, मजदूर, नौजवान, छात्र के साथ साथ देश की आधी आबादी महिलाएं परेशान हैं।

मोदी ने धर्म और जाति की चासनी चटाकर आर्थिक मन्दी की चादर मे सब को लपेट दिया है। मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश के छोटे व मझोले कल कारखाना अपनी अन्तिम सांसे गिन रही है। 2014 मे प्रधानमंत्री बनने पर मोदी ने जुमलो का बौछार लगा दिया था। उन्होंने कहा था कि विदेश से काला धन वापस लायेंगे, हर भारतवासी के खाते में 15 लाख जमा करेंगे, देश से भ्रष्टाचार खत्म करेगे, देश मे 100 स्मार्ट सिटी बनायेगे, सस्ता गैस सिलेंडर देगे, हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देंगे, बुलेट ट्रेन चलाएंगे, किसानों का आय दोगुना करेंगे, 5 ट्रिलियन इकॉनामी करेंगे, हर परिवार को घर देंगे, 35 रुपये लीटर पेट्रोल मिलेगा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नमामि गंगे जैसी लुभावन वायदा किया था जो सिर्फ जुमला साबित हुआ। इनके इन 9 साल मे देश मे हर तरफ लोग परेशान है। अपने और अपने परिवार की मूल भूत आवश्यकताओ को पूरा करने मे लोगो की दिन की चैन और रात की सकून छिन गया है।काग्रेस नेता मुशीर इकबाल ने कहा कि भदोही पूरे विश्व मे कालीन उद्योग के नाम से मशहूर है और यहां का हाल इन 9 वर्षों में बद से बदतर हो गया है। भदोही की उन्नति और विकास के लिए भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि आज तक कुछ भी नही किया है। भदोही जिला अस्पताल अभी भी अर्धनिर्मित बन्द पड़ा है। पिपरीस मे अधूरा निर्मित पोलीटेक्नीक कालेज खंडहर हो रहा है। बभनौटी का विद्युत उपकेन्द्र बन नही पाया है। भदोही का सरकारी बस अड्डा (रोडवेज) पशुओं का पनाहगाह बन चुका है। ऐसे बहुत से कार्य है जो भाजपा सरकार मे पूरे नही हो पाये हैं। शिक्षा के क्षेत्र मे एक विश्वविद्यालय की माँग वर्षो से किया जा रहा है। भदोही जनपद एक अदद पार्क के लिए तरस रहा है। जहां सकून से दो पल अपने परिवार के साथ बिता सके।। भदोही जनपद को इन 9 वर्षों मे कोई भी प्रोजेक्ट नही मिला। मोदी सरकार झूठे प्रचार के सहारे सत्ता मे बनी है। इस समय देश मे परिवर्तन की लहर चल रही है। 2024 के लोक सभा के चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सत्ता में आयेगी



मुशीर इकबाल

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## शुद्ध पेयजल मिलने से वार्ड वासियों में खुशी की लहर

**गोपीगंज।** नगर स्थित अति प्राचीन दुर्गा जी मंदिर प्रांगण में स्थापित समर्सेबल से सदर मुहाल में पेयजल सप्लाई प्रारंभ होने से वार्ड वासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय भाजपा सभासद डॉ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि वार्ड की समस्या से अवगत होने पर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के निर्देश पर ट्यूबेल के कनेक्शन को छोटी चौराहे पर चाबी के माध्यम से कंट्रोल कर दुर्गा मंदिर से निकलने वाले पेयजल की सप्लाई सदर मोहाल में पुर्ण रुप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति संभव हो सकी वही अब टंकी लोड होने वोल्टेज की समस्या से अब वार्ड वासियों को दो-चार नहीं होना पड़ेगा। पेयजल सप्लाई होने से प्रमुख रूप से पंकज उमर, अनीस जयसवाल, सचिन ठठेरा, सनी अग्रवाल, पप्पू स्वर्णकार, विजय चंद गुप्ता, कमलेश, कौशल, चंदन, ठठेरा देवी उमर वैश्य आदि लोगों ने इस कार्य को सराहनीय बताया।

# केंद्रीय मंत्री ने केंद्र की गिनाई उपलब्धियां

जनसंदेश न्यूज



प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां गिनाते केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री

**ज्ञानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ साल पूरे करने के अवसर पर गुरुवार को भदोही पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धियों का बखान किया व विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने कहा कि इन नौ वर्षों में सरकार ने गरीब, असहाय, मध्यम वर्ग से लेकर महिलाओं, युवतियों और दिव्यांगों के साथ सभी वर्ग के लोगों के लिए सबका साथ व सबका विकास के नारे को चरितार्थ किया। नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश से लेकर विदेश तक हर मोर्चे पर सफल रहते हुए विकास के नए आयाम गठित किए। कोरोना काल में सरकार ने 220 करोड़ वैक्सीन लगाकर लोगों को सुरक्षित किया।

बताया कि सरकार ने पूरे देश में 11 करोड़ 72 हजार इज्जत घर देकर बेटियों की मयार्दा को सुरक्षित किया। वहीं 12 करोड़ घरों तक हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया। देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार राशन उपलब्ध कराना आजादी के बाद सबसे बड़ा अभियान है। केंद्रीय मंत्री ने भदोही जिले में जगह-जगह सेनेटरी पैड मशीन लगाने की वकालत की और इसमें सांसद और विधायकों को भी सहयोग करने का आवाह्न किया। वहीं जन औषधि केंद्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे चिकित्सकों की कमीशनखोरी पर लगाम लगा है। इस दौरान कौशलेंद्र पटेल, सांसद रमेश बिंद, जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, डीएम गौरांग राठी, पूर्व विधायक रविन्द्र पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर भी निशाना साधा निशाना

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। कहा कि जब कोविड काल में पीएम मोदी देश के हर एक व्यक्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में जुटे थे। उस समय अखिलेश यादव ने इस शताब्दी का सबसे घटिया बयान देते हुए कोविड की वैक्सीन को भाजपा की वैक्सीन बताया। एक नेता होते हुए उन्हें इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए, जो लोगों को गलत रास्ते पर ले जाए। उन्होंने राहुल गांधी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि आज जब दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष पीएम मोदी की तारीफ करते हैं तो कांग्रेस को यह रास नहीं आती। आजादी के 70 सालों में कांग्रेस ने जिस तरह से देश को खोखला किया है। अब वह पुराना भारत नहीं रह गया। आज का नया भारत आंखों में आंखें डालकर बात करता है।






# बनारस में सालाना 820 से 1000 के बीच हादसे छीन लेते हैं जिंदगी

रविप्रकाश सिंह

ऐसा कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन सड़क हादसा न हुआ हो और उनमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021-22 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। बात वाराणसी की करे तो यहां सालाना 800-1000 के बीच सड़क हादसों में लोगों की जान चली जाती है ये वो आंकड़े हैं जो संज्ञान में आये हैं। जबकि कई ऐसे मामले होते हैं जो संज्ञान में नहीं आते। सबसे ज्यादा हादसे हाइवे और फोरलेन साथ ही रिंग रोड पर होते हैं। सड़क दुर्घटना में वैसे तो मौत की वजह कई हैं लेकिन सबसे ज्यादा रफ्तार के चक्कर में हादसे होते हैं। हादसों में ऑन स्पॉट डेथ की संख्या 60 प्रतिशत है जबकि अस्पताल या अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ने वालों की 40 प्रतिशत। यातायात विभाग इस बात पर लगातार जोर देता है कि बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। इसके पीछे की वजह ये है कि हादसे में सबसे ज्यादा मौत ब्रेन इंजरी यानी दिमागी चोट से होती है। जैसे कि बीएचयू ट्रामा सेंटर के आंकड़े भी बताते हैं कि हादसों में मरने वालों की संख्या ब्रेन इंजरी से ज्यादा है। हालांकि ये राहत देने वाली खबर है कि कमिश्नरेट की सड़कें प्रदेश में सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं, जैसा की यूपी ट्रैफिक निदेशालय की तरफ से बीते एक दो साल के जारी आंकड़ों में बताया गया। निदेशालय के पिछले एक साल में सड़क दुर्घटनाओं में 51.28 फीसद की कमी आई है। यही नहीं मृतकों की संख्या भी 52.28 और घायलों की संख्या 39.96 फीसद कमी हुई है। इसका कारण ये है कि एक तरफ खस्ताहाल सड़कों की स्थिति सुधरी है, तो दूसरी तरफ पुलिस ने भी हादसों को रोकने के प्रयास किए। सड़क सुरक्षा महाभियान में साल के पहले छह माह के आंकड़ों के अनुसार वाराणसी कमिश्नरेट का कार्य प्रशंसनीय है।

पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले, हेलमेट की सख्ती, यातायात नियमों का पालन, ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण सहित कई अभियान चलाए। इससे वाराणसी में हादसे कम हुए हैं। लेकिन आठ सौ से एक हजार के बीच हो रही सड़क दुर्घटना भी चिंता का विषय है।

**हाइवे बने हैं तो हादसे की वजह भी बने हैं**

**तेज रफ्तार देती है सैकड़ों को अनचाही मौत**

**काबिले गौर मसला**

## सर्वाधिक जान 18-25 साल के युवकों की जाती है



अगर आंकड़ों पर गौर करें तो सड़क हादसों में सर्वाधिक जान 18-25 उम्र वर्ग के युवाओं की जाती है, जो कि 23.05 फीसद है। इसी तरह से 25-35 आयु वर्ग का प्रतिशत 23.01, 35-45 आयु वर्ग का प्रतिशत 18.06, 45-60 आयु वर्ग के प्रौढों का प्रतिशत 11.09 और 60 से अधिक उम्र के बुजुर्गों का प्रतिशत 04.08 है। जिनकी सड़क हादसों में जान जाती है। बात उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या पर गौर करने तो साल 2015 में 17,666, 2016 में 19,320, 2017 में 20,124, 2018 में 22,256, 2019 में 22,655, 2020 में 21,156, 2021 में 21,227 रही है।

## हेलमेट लगाते समय इन बातों को जरूर रखें ध्यान



हेलमेट की स्ट्रिप अवश्य बांधनी चाहिए क्योंकि दुर्घटना की तीव्रता इतनी ज्यादा होती है कि हेलमेट सिर से निकल जाता है। हेलमेट पहनते समय ठुड्डी और स्ट्रिप में एक अंगूठे का गैप होना चाहिए। हेलमेट के अंदर का कुशन ठीक होना चाहिए, वह टूटा नहीं होना चाहिए। हेलमेट तीन से चार साल में अवश्य बदल देना चाहिए। अगर वह सही हो तब भी। अगर हेलमेट चटका या फटा हो तो उसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। हेलमेट चालान से बचने के बजाय अपनी जान की हिफाजत के लिए लगाना चाहिए।

## क्या कहते हैं आईजी यातायात सुभाष चंद्र दुबे

वाहन चलाते समय वैध प्रपत्रों के साथ-साथ सदैव हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। बिना बीमा कवर के वाहन नहीं चलाना चाहिए। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। निर्धारित स्पीड से अधिक गति एवं नशे या नींद की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। चकाचौंध वाली तथा अनाधिकृत लाइटों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। दुपहिया वाहनों पर कभी दो से अधिक सवारी नहीं बैठनी चाहिए। रात में डिपर का प्रयोग करना चाहिए। वाहन मोड़ते व रोकते समय स्पष्ट संकेत देना चाहिए। 18 वर्ष से कम आयु वाले युवाओं वाहनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## हादसों में मौत की वजह सबसे ज्यादा ब्रेन इंजरी



सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौत अगर होती है तो उसकी वजह ब्रेन इंजरी है। एक तो रफ्तार ऊपर से हेलमेट का नहीं होना, सीधे मौत के मुहाने पर पहुंचा देता है। खासकर युवकों को, जो रफ्तार से बाइक चलाते हैं वो सबसे ज्यादा हादसों को बुलावा देते हैं। हादसों से अंजान या बेफ्रिक होकर बिना हेलमेट के राइड करना उन्हें काल के गाल में समा देता है। ऐसे में बाइक चालक को हेलमेट और कार चालक को सीट बेल्ट जरूरी है। हेलमेट भी बीआइआएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) के मानक के अनुरूप होना चाहिए। आइएसआइ मार्का और 4151 स्टैंडर्ड का होना चाहिए।

# अर्दोआन की जीत क्यों बढ़ाएगी भारत की टेंशन?

**कैसे निबटेगा भारत**

**इस्लामिक देशों के समर्थक के तौर पर देखे जाते रहे हैं अर्दोआन**

**उन्हें पाकिस्तान समर्थक माना जाता है और कश्मीर पर वह भारत के आलोचक रहे हैं**



तुर्की में रेचेप तैय्यप अर्दोआन फिर से राष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। ये भारत के लिए सुखद खबर नहीं है। उन्हें पाकिस्तान समर्थक माना जाता है और कश्मीर के मुद्दे पर उनका रुख सख्त रहा है। अर्दोआन पिछले दो दशक से तुर्की की कमान संभाल रहे हैं और दो दशक सत्ता में रहने के बाद भी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। अर्दोआन की जीत भारत के लिए क्या मायने रखती है? भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्दोआन को जीत की बधाई दे दी है। पीएम मोदी ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले वक़्त में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अच्छे होंगे और वैश्विक मुद्दे पर सहयोग बढ़ेगा। मोदी ने भले बधाई दे दी है लेकिन उन्हें पता है कि अर्दोआन के सत्ता में आने के बाद भारत से रिश्ते सहज नहीं रहे हैं। पिछले नौ सालों में पीएम मोदी ने मध्य-पूर्व के कई देशों का दौरा किया लेकिन तुर्की नहीं गए। 2019 में मोदी तुर्की का दौरा करने वाले थे लेकिन ऐन मौके पर दौरा रद्द हो गया था। पांच अगस्त 2019 को कश्मीर का विशेष दर्जा भारत ने खत्म कर दिया था और तुर्की ने इसका खुलकर विरोध किया था। अर्दोआन ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में भी उठाया था। कश्मीर पर अर्दोआन की लाइन पाकिस्तान के पक्ष में रही है। भारत के लिए हमेशा से यह असहज करने वाला रहा है। तुर्की इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन यानी ओआईसी में भी कश्मीर को लेकर हमलावर रहा है। भारत तुर्की की इन आपत्तियों के जवाब में कहता रहा है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है और तुर्की की टिप्पणी भारत के आंतरिक मामलो में हस्तक्षेप है।

भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने भी ट्वीट कर इस बात पर चिंता जताई है कि अर्दोआन की जीत भारत के लिए किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। कंवल लिखते हैं कि तुर्की में अर्दोआन की जीत भारत के लिए बहुत सहज स्थिति नहीं है। तुर्की कश्मीर पर इस्लामिक लाइन पर समर्थन पाकिस्तान को देगा। ओआईसी में भी कश्मीर पर सक्रिय रहेगा। पाकिस्तान के साथ तुर्की की जुगलबंदी चिंता का सबब है। ऑटोमन साम्राज्य वाले अर्दोआन का लक्ष्य भी विनाशकारी ह। अर्दोआन के नेतृत्व में तुर्की का ब्रिक्स में आना किसी भी मायने में ठीक नहीं है। रूस के साथ भी अर्दोआन की दोस्ती बहुत अच्छी है। तुर्की का पाकिस्तान परस्त रुख रहा है। कहा जाता है कि इसकी शुरूआत 1950 के शुरूआती दशक या फिर शीत युद्ध के दौर में होती है। इसी दौर में भारत-पाकिस्तान के बीच दो जंग भी हुई थी. तुर्की और भारत के बीच राजनयिक संबंध 1948 में स्थापित हुआ था. तब भारत के आजाद हुए मुश्किल से एक साल ही हुआ था।

इन दशकों में भारत और तुर्की के बीच करीबी साझेदारी विकसित नहीं हो पाई। कहा जाता है कि तुर्की और भारत के बीच तनाव दो वजहों से रहा है। पहला कश्मीर के मामले में तुर्की का पाकिस्तान परस्त रुख और दूसरा शीत युद्ध में तुर्की अमेरिकी खेमे में था जबकि भारत गुटनिरपेक्षता की वकालत कर रहा था। नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन यानी नेटो दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1949 में बना था। तुर्की इसका सदस्य था। नेटो को सोवियत यूनियन विरोधी संगठन के रूप में देखा जाता था। इसके अलावा 1955 में तुर्की, इराक, ब्रिटेन, पाकिस्तान और ईरान ने मिलकर 'बगदाद पैक्ट' किया था. बगदाद पैक्ट को तब डिफेंसिव ऑर्गेनाइजेशन कहा गया था। इसमें पांचों देशों ने अपनी साझी राजनीति, सेना और आर्थिक मकसद हासिल करने की बात कही थी। यह नेटो की तर्ज.पर ही था। 1959 में बगदाद पैक्ट से इराक बाहर हो गया था। इराक के बाहर होने के बाद इसका नाम सेंट्रल ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन कर दिया गया था। बगदाद पैक्ट को भी सोवियत यूनियन के खिलाफ देखा गया। दूसरी तरफ भारत गुटनिरपेक्षता की बात करते हुए भी सोवियत यूनियन के करीब लगता था। जब शीत युद्ध कमजोर पड़ने लगा था तब तुर्की के 'पश्चिम परस्त' और 'उदार' राष्ट्रपति माने जाने वाले तुरगुत ओजाल ने भारत से संबंध पटरी पर लाने की कोशिश की थी।

1986 में ओजाल ने भारत का दौरा किया था। इस दौरे में ओजाल ने दोनों देशों के दूतावासों में सेना के प्रतिनिधियों के ऑफिस बनाने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 1988 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तुर्की का दौरा किया था. राजीव गांधी के दौरे के बाद दोनों देशों के रिश्ते कई मोर्चे पर सुधरे थे। लेकिन इसके बावजूद कश्मीर के मामले में तुर्की का रुख पाकिस्तान के पक्ष में ही रहा इसलिए रिश्ते में नजदीकी नहीं आई।

# अन्नपूर्णा मंदिर ने महिलाओं को बांटे सिलाई मशीन-लैपटॉप



**वाराणसी।** शहर दक्षिणी के भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन वितरित करना अन्नपूर्णा मंदिर का सराहनीय कार्य है। आज पूरे विश्व में स्कील डेवलपमेंट का कार्यक्रम चल रहा है। अन्नपूर्णा मंदिर बहुत पहले से ही कौशल विकास का कार्यक्रम चला रहा है। डा. नीलकंठ तिवारी गुरुवार को अन्नपूर्णा मठ मंदिर की ओर से संचालित काशी अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण लेने वाली 115 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रहे थे। इस मौके पर लॉक डाउन के समय पास हुई युवतियों को भी 105 सिलाई मशीन दी गई। इस मौके पर सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम से हम भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। अन्नपूर्णा मठ के महंत शंकरपुरी ने कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रस्ट ऐसे सामाजिक कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। ट्रस्ट की पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ स्वावलम्बी भी बना रही है। इस कार्य से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे अखिलेश चौरसिया डीआईजी, रेलवे मजिस्ट्रेट महेंद्र पांडेय, प्रबंधक शशिकांत दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने किया।

# दीप योग में निशा ने बटोरी शाबाशी

**खेलो इंडिया**

**अतिथि एथलीट के रूप में किया योग का प्रदर्शन**

**वाराणसी।** यूपी योगासन की ब्रांड एंबेसडर निशा शर्मा ने यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। आईआईटी बीएचयू के रमेश श्रीनिवासन स्पोर्ट्स एक्टिविटी सेंटर में गुरूवार की दोपहर निशा ने अतिथि खिलाड़ी के तौर पर अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर सबको चकित कर दिया। उन्होंने ब्लाइंड फोल्ड दीप योग का प्रदर्शन किया। अपनी आंखों पर काली पट्टी बांधकर माथे पर जलता दीपक रखकर अनोखे तरीके से योग करने वाली निशा दुनिया की इकलौती योगासन एथलीट हैं। उन्हें फर्स्ट गर्ल ऑफ ब्लाइंड फोल्ड दीप योग के नाम से जाना जाता है। निशा अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में 2019 में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में नोएडा की रहने वाली निशा भारत के लिए कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं। चार साल की उम्र से योगासन कर रही निशा भारत की पहली इकलौती महिला योगासन एथलीट हैं जिन्होंने सर्वाधिक एक घंटा 50 मिनट तक पद्मासन कर गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम किया है। निशा के दो छोटे भाई भी हैं जो राष्ट्रीय स्तर के योगासन एथलीट हैं इन्होंने भी निशा की ही तरह योगासन में कई पदक और पुरस्कार प्राप्त किए हैं। बातचीत में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने बताया कि वे दिव्यांग तेजस्वी शर्मा की प्रेरणा से योग के क्षेत्र में आईं। कहा कि शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए हरेक इंसान को रोजाना दस मिनट योगासन जरूर करना चाहिए। टेलीविजन और मोबाइल फोन हमारे जीवन में तनाव बढ़ा रहा है। ऐसे में इस तनाव से निजात पाने के लिए योग से बेहतर कुछ भी नहीं। निशा का भी सपना ओलंपिक का गोल्ड मेडल है। उन्होंने कहा कि साल 2032 में योग ओलंपिक खेलों का हिस्सा हो सकता है।

# ट्रिपल आर में बनारस को प्रदेश में दूसरा स्थान

**स्वच्छ सर्वेक्षण**

**गाजियाबाद नगर निगम आया पहले स्थान पर**

**वाराणसी।** उप्र प्रदेश सरकार ने गुरुवार को नगर निगमों में किये जा रहे स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में ट्रिपल आर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के अंतर्गत भारत सरकार के प्रतिनिधियों के द्वारा कार्यों के परीक्षण के पश्चात रैंकिंग जारी किया, जिसमें वाराणसी नगर निगम को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त हुआ।

ट्रिपल आर के अंतर्गत पुराने कपड़ों से बने झोले, पुरानी किताबें, घर में पड़ी प्लास्टिक बोतलें, कार्टन, पुराने बर्तन, कटे-फटे कपड़ों को रियूज कर पुनः उसे उपयोग में लाना है। नगर निगम द्वारा जीआईजेड के सहयोग से नगर में विभिन्न स्थानों पर यह कार्य किया जा रहा है, जिसमें पुराने जूतों को मरम्मत कर प्रयोग में लाया जा रहा है। साथ ही घर के सूखे कूड़े और पुरानी किताबों से झोले बनाने का कार्य किया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि ट्रिपल आर के अंतर्गत वाराणसी में पहला सेंटर फातमान रोड कूड़ा घर पर बनाया बया है। नगर निगम द्वारा अन्य स्थानों पर भी इसे प्रारंभ करने की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त शिपू गिरि ने कहा कि शहर के लिये यह बड़ी उपलब्धि है। नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अन्य मानकों पर भी कार्य किया जा रहा है, नियमित रूप से समीक्षा की भी की जा रही है, कर्मियों को दूर करने का अथक प्रयास किया जा रहा है, जिससे शहर को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। वहीं महापौर अशोक तिवारी ने वाराणसी को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर सभी नगर वासियों को बधाई दी है। महापौर द्वारा बताया गया कि यह उपलब्धि नगर के लोगों के द्वारा दिये गये सहयोग से प्राप्त हुआ है, नगर की स्वच्छता बनाये रखने के लिये निगम पूरी ताकत से निरंतर काम करेगा जिससे स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश तथा देश में अच्छी रैंकिंग प्राप्त कर सके।

# महंगाई और भ्रष्टाचार से देश की जनता परेशान

**बोले शिवपाल**

**कहा, देश और लोक हित में भाजपा ने कोई काम नहीं किया**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि देश की जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से परेशान है। जबकि भाजपा केंद्र सरकार के नौ साल के कार्यकाल का ढिढोरा पीट रही है। भाजपा ने देशहित में कोई काम नहीं किया है। यहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आए शिवपाल गुरुवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

पिछले दिनों स्थानीय किसानों पर हुए लाठीचार्ज के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी सरकार है। भाजपा ने जितने भी वादे किए थे। उन वादों पर खरी नहीं उतरी है और वादे पूरे भी नहीं किए। यह लोग केवल झूठ बोलते हैं। जो भी कानून बनाते हैं और निर्णय लेते हैं, उससे जनता को परेशानी पैदा होती है। लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों की एकजुटता के सवाल पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने संगठन को मजबूत कर रही है और 2024 का चुनाव हम लड़ेंगे। सपा गठबंधन में शामिल होगी। सब लोग चाहते हैं कि हम एकजुट होकर भाजपा को हटाए। कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के सवाल पर उनका कहना रहा कि इसका निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। दिल्ली में धरना दे रहे पहलवानों और समर्थन कर रहे किसानों के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मेडल लाने वाले खिलाड़ियों के साथ राष्ट्र में किस तरीके से व्यवहार हो रहा है, यह जगजाहिर है। यह बिल्कुल गलत और अशोभनीय है। कहां महिला सशक्तिकरण की बात होती है और जो लड़कियां मेडल लाई हैं, उनकी बात ही सुनी नहीं जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के बारे में सब लोग जानते हैं। पूरा प्रदेश जानता है उनकी कोई सुन नहीं रहा है। पार्टी में वह कोई काम नहीं करा पा रहे हैं। पूरा स्वास्थ्य सेवा वेंटिलेटर पर है।

## पूंजीपतियों के लिए हो रहा काम

एक सवाल के जवाब में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश में जो भी काम हो रहा है। केवल पूंजीपतियों और कुछ चुनिंदा लोगों के लिए हो रहा है। किसी भी किसान, गरीब और नौजवान के लिए कोई काम नहीं हो रहा है। 2000 के नोट एक बार फिर से चलन में नहीं रहेंगे के सवाल पर उन्होंने कहा कि यही काम तो भाजपा करेगी। कभी नोट बंद करेंगे, कभी बदलेंगे और जनता को परेशान करेंगे।

## राष्ट्रीय महासचिव का वर्कर्स ने किया स्वागत



वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बाबतपुर चौराहे पर गुलदस्ता देकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बाबतपुर से काफिले के साथ शिवपाल सिंह यादव सर्किट हाउस पहुंचे। रास्ते में काजीसराय, हरहुआ, वाजिदपुर, तरना, शिवपुर व भोजूबीर तहसील के पास उनका स्वागत किया गया। सर्किट हाउस पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिले और उनका हालचाल जाना। जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात वह सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। शुक्रवार को पूर्वाह्न नौ बजे मोहनसराय स्थित बैरवन गांव जायेंगे और पीड़ित किसानों से मिलेंगे। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, महानगर अध्यक्ष दिलीप डे, पूर्व विधायक कैलाश सोनकर, ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, संतोष यादव बबलू, पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य, आनंद मौर्य, राजेश यादव नत्थू, महेंद्र यादव, रामसिंह यादव, अजय राय, भीष्म नारायण यादव, चंद्रशेखर यादव, ओपी पटेल, कैलाश यादव, रियाज अहमद पप्पू, नासिर भाई, शशी यादव, आरती यादव, आनंद चौरसिया, डॉ. संजय सोनकर आदि शामिल थे।

# मवेशियों की भारतीय नस्लों का विकास जरूरी

**राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**विश्व दुग्ध दिवस पर डीडीयू कौशल केंद्र-बीएचयू की तरफ से हुआ आयोजन**



**वाराणसी।** एकेटीयू लखनऊ एवं झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. पीके मिश्रा ने जीवन के हर मोड़ पर स्थिरता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि भारतीय डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए मवेशियों की भारतीय नस्लों के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है। वह विश्व दुग्ध दिवस पर गुरुवार को बीएचयू के डीडीयू कौशल केंद्र की तरफ से अटल इनक्यूबेशन सेंटर 'सस्टेनेबल डेयरी : गुड फॉर प्लैनेट, गुड फॉर यू' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि थे।

संगोष्ठी में टिकाऊ डेयरी प्रथाओं और उनके लाभों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई विषयों को शामिल किया गया। वक्ताओं ने डेयरी उद्योग में ग्रामीण किसान कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इसके विकास को बनाए रखने और चलाने में उनकी अभिन्न भूमिका पर जोर दिया। शिक्षा, प्रौद्योगिकी और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। हरित और अधिक टिकाऊ डेयरी उद्योग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागियों ने नवीन कृषि विधियों, तकनीकी प्रगति, अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के बारे में चर्चा की। वोकेशनल स्टडीज के छात्रों ने टिकाऊ डेयरी के लिए विभिन्न विषयों पर मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों में भाग लिया। संचालन सुरभि पांडेय ने किया। धन्यवाद तान्या सिंह ने दिया। संगोष्ठी को प्रो. एसके मिश्रा, प्रो. ओएन सिंह, दिनेश कुमार मौर्य, एस महापात्रा, मनोज सोलंकी, डॉ. आरएस मिश्रा, अजय श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।